हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शनिवार ● 16.11.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 114 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## जन्मदिन पर याद किये गये बिरसा मुंडा राज्यपाल व सीएम ने किया माल्यार्पण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को देश की स्वतंत्रता और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसके साथ ही राज्यपाल ने समस्त देशवासियों को 'जनजातीय गौरव दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को कोकर स्थित भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर जाकर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद मुख्यमंत्री बिरसा चौक पर पहुंचकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य स्थापना दिवस के इस खास मौके पर वे सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। साथ ही उन्होंने कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर भी सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए राज्य की खुशहाली के लिए मिलकर काम करने की अपील की।

### सराय काले खां चौक का नाम बदल कर हुआ बिरसा मुंडा चौक

केंद्र सरकार ने जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर शुक्रवार को दिल्ली के सराय काले खां चौक का नाम बदल कर भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर करने की घोषणा की। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भगवान बिरसा मुंडा के 150वें जयंती वर्ष के अवसर पर सराय काले खां के नजदीक बांसेरा पार्क में बिरसा मुंडा की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया।




## संताल को झारखंड से अलग करने की साजिश करने वालों को यहां से भगाना है : हेमन्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**नाला :** सीएम हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को नाला में चुनावी सभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने कहा कि संताल परगना को झारखंड से अलग करने की साजिश करने वाले भाजपा के फिरकापरस्त लोगों को यहां से भगाने का काम करना है। कहा कि इस चुनाव के बाद फिर से इंडिया गठबंधन की अबुआ सरकार बनाएंगे और झारखंड को खुशहाल बनाएंगे। हेमंत ने नाला में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रवींद्रनाथ महतो के समर्थन में सभा की और लोगों से मतदान की अपील की।
सीएम ने कहा कि भाजपा ने पूरे 5 साल तक हमारे खिलाफ साजिश करने का काम किया, और हमने दिन-रात अपनी राज्य की जनता के लिए काम किया। आज आपके इस बेटे और भाई ने आपके कंधे का बोझ कम करने का काम किया है। बहनों के लिए मंईयां सम्मान योजना की शरुआत की और बिजली बिल माफ किया। कहा कि एक साथ चलकर हम अपने झारखंड को और मजबूत बनाने का काम करेंगे। वहीं, सीएम ने मीडिया से मुलाकात में कहा, कहा हम अपना काम करते हैं और जनता के बीच रहते हैं। जनता इसी के आधार पर हमें समर्थन देती है। झारखंड में यूसीसी के नाम पर कहा कि दरअसल बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं है, सिवाये नफरत फैलाने के। ये लोग नफरत फैलाने के अभियान में लगे हुए हैं। कहा कि मणिपुर में क्या हो रहा है ये सवाल इनसे पूछना चाहिये। कहा सरना कोड पर कुंडली मार कर बैठे हैं। ये तो देते नहीं हैं। यूसीसी पर कहा कि असम में यूसीसी लागू है। इससे क्या हो गया है, इनसे पूछना चाहिये।

### सीएम ने लुगू बुरु घांटा बाड़ी में की पूजा



**बोकारो :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शुक्रवार को बोकारो के लुगू बुरु घांटा बाड़ी पहुंचे। यहां उन्होंने पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इसके साथ उन्होंने कहा संताल समाज के अटूट आस्था का प्रतीक, पवित्र स्थल लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ में पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। लुगू बाबा और लुगू आयो का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। उन्होंने कहा 23 नवंबर से फिर से हम मिलकर सोना झारखंड के निर्माण में मजबूती से लग जाएंगे। बता दें कि लुगू बुरु घांटा बाड़ी का दोरबारी चट्टान संताल समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यहां संताल जनजाति के लोग अपने पूर्वज लुगु बाबा की पूजा-अर्चना करते हैं और उनके अवशेषों के दर्शन करके धन्य होते हैं।

### एक नजर

#### लवारिस कंटेनर से एक करोड़ का डोडा बरामद

**पलामू :** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के जोरकट में एक ढाबा के पास लगे कंटेनर से पुलिस ने एक करोड़, तीन लाख, पांच हजार का डोडा बरामद किया है। इसका वजन 687 किलो पाया गया है। कंटेनर पिछले 4-5 दिनों से उक्त ढाबा के पास लावारिस हालत में खड़ा था। संदेह होने पर पुलिस ने जांच की और फिर वाहन मालिक और चालक की मौजूदगी नहीं होने पर उसे जप्त कर थाना ले आई। सर्च करने पर कंटेनर से 35 अलग अलग कार्टून में भरे डोडा बरामद किया गया। सदर थाना प्रभारी उतम कुमार राय ने शुक्रवार को बताया कि बरामद डोडा की सरकारी कीमत 15 हजार रुपए किलो है। 687 किलो डोडा की कीमत एक करोड़ तीन लाख पांच हजार है। उन्होंने बताया कि कंटेनर का इंजन और रजिस्ट्रेशन नंबर महाराष्ट्र का लगा हुआ है, जबकि वाहन गुजरात का है। उन्होंने कहा कि चार-पांच दिनों से कंटेनर के लावारिश हालात में अपना ढाबा के पास लगे होने पर संदेह हुआ था।

## गुरुनानक देव के प्रकाश उत्सव पर निकाली गई झांकी व शोभायात्रा





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मेरे हर प्रीतम की कोई बात सुनावै। गुरुनानक देव जी के प्रकाश उत्सव के मौके पर गुरुवार को रातू रोड के श्रीकृष्णनगर कॉलोनी से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में शामिल सिख समाज के लोग श्री गुरुनानक देव की वाणी का गायन करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा के आगे पंज प्यारे और निशानची चल रहे थे। इस दौरान स्कूली बच्चों की देशभक्ति से ओतप्रोत झांकी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण की केंद्र रही। स्कूली बच्चों के साथ बैंड वादन टीम व एनसीसी कैडेट भी जुलूस की शोभा बढ़ा रहे थे। रंग-बिरंगे व सुगंधित फूलों की सवारी पर विराजमान पवित्र श्रीगुरु ग्रंथ साहिब के साथ निकली शोभायात्रा का विभिन्न इलाकों में आतिशबाजी व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

### हेमन्त सोरेन ने प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा में नवाया सिर

गुरुनानक देवजी के 555वें प्रकाश पर्व के अवसर पर सीएम हेमन्त सोरेन ने गुरुद्वारा जाकर सिर नवाया और समाज के लोगों को शुभ कामनाएं दीं। इस बाबत सीएम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, सामाजिक कुरीतियों को दूर कर, समरसता और मानवता का संदेश देने वाले गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर सभी को अनेक-अनेक बधाई एवं शुभकामनाएं। साथ ही, कहा कि आज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भी मैं सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

## जनजातीय समाज की पढ़ाई, कमाई और दवाई पर सरकार का जोर : प्रधानमंत्री मोदी

- प्रधानमंत्री ने जमुई से किया 6,640 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास।



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के जमुई में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष समारोह के शुभारंभ के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस समारोह में कहा कि जनजातीय समाज की पढ़ाई, कमाई और दवाई पर हमारी सरकार का बहुत जोर है। प्रधानमंत्री ने 6,640 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया और भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। उन्होंने पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत आदिवासी परिवारों के लिए बनाए गए 11,000 घरों के 'गृह प्रवेश' में भी वर्चुअली भाग लिया।
प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में देश के आदिवासी बहुल जिलों में बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव उपवन बनाए जाएंगे। इसमें हजारों पेड़ लगाए जाएंगे।
प्रधानमंत्री ने पूर्व की सरकारों पर आदिवासी समुदाय के विकास की अनदेखी करने और आजादी के आंदोलन में उनकी भूमिका को मिटाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने आदिवासी लोगों की बेहतरी के लिए कभी काम नहीं किया।
प्रधानमंत्री ने कांग्रेस का नाम लिये बिना कहा कि आजादी के लिए एक ही दल को श्रेय देना गलत है। उन्होंने कहा कि कई आदिवासी नेता थे, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मोदी ने कहा, आजादी के बाद के दशकों में आदिवासी इतिहास के अनमोल योगदान को मिटाने की कोशिशें की गईं। इसके पीछे भी स्वार्थ भरी राजनीति थी। राजनीति ये थी कि भारत की आजादी के लिए सिर्फ एक ही दल को श्रेय दिया जाए। लेकिन अगर एक ही दल, एक ही परिवार ने आजादी दिलाई है, तो भगवान बिरसा मुंडा का उलगुलान आंदोलन क्यों हुआ था, संथाल क्रांति क्या थी, कोल क्रांति क्या थी?
प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने ही आदिवासी कल्याण के लिए अलग मंत्रालय बनाया था। 10 साल पहले आदिवासी क्षेत्रों और आदिवासी परिवारों के विकास के लिए बजट 25,000 करोड़ रुपये से भी कम था। हमारी सरकार ने इसे 5 गुना बढ़ाकर 1.25 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमने देश के 60,000 से ज्यादा आदिवासी गांवों के विकास के लिए एक विशेष योजना धरती आबा, जनजातीय ग्राम, उत्कर्ष अभियान शुरू की है। इसके तहत आदिवासी गांवों में करीब 80,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इसका उद्देश्य आदिवासी समाज को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही युवाओं के लिए प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर पैदा करना है।

## जिस दिन जातीय जनगणना हो गयी देश का चेहरा बदल जायेगा : राहुल गांधी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गोड्डा :** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि जिस दिन जातीय जनगणना हो गयी, उसी दिन से देश का चेहरा बदल जायेगा। दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और गरीबों को उनकी असली ताकत का पता चलेगा और इसके बाद एक नयी राजनीति की शुरूआत हो जायेगी। राहुल गांधी शुक्रवार को कांग्रेस की महगामा से उम्मीदवार दीपिका पांडे सिंह के समर्थन में बलवड्डा उच्च विद्यालय मेहरमा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि भाजपा भले ही जातीय जनगणना की मांग नकार दे, लेकिन कांग्रेस पार्टी लोकसभा में इसका प्रस्ताव पास करेगी।
उन्होंने कहा कि दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, गरीबों की सही संख्या सामने आते ही हम



आरक्षण की 50 प्रतिशत की दीवार को झारखंड से लेकर दिल्ली तक तोड़कर दिखायेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में भाजपा ने पिछड़ों का रिजर्वेशन 27 से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया। इस बार हमारी सरकार बनते ही एसटी का रिजर्वेशन 26 से 28 प्रतिशत, एससी 10 से 12 प्रतिशत और पिछड़ों का आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत कर दिया जायेगा।
कांग्रेस नेता ने कहा कि देश की शीर्ष ब्यूरोक्रेसी में आदिवासियों और पिछड़ों की भागीदारी न के बराबर हैं। उन्होंने कहा कि 90 अफसर आपकी सारी की सारी जीएसटी बांटते हैं, वो तय करते हैं कि पैसा कैसे बांटा जायेगा। इन 90 लोगों में एक आदिवासी है। आपकी आबादी आठ प्रतिशत है, पर भागीदारी 100 रुपये में 10 पैसे है। पिछड़ों की आबादी कम से कम 50 प्रतिशत है, उनके तीन अफसर है। 100 रुपये में से पांच रुपये के निर्णय लेने का अधिकार उनके हिस्से में है। राहुल गांधी ने कहा कि झारखंड में आपने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री चुना, वे आदिवासी समाज से आते हैं, उनको भाजपा ने जेल में डाला। इसे याद रखिए। झारखंड चुनाव के लिए कांग्रेस की घोषणाओं का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हम हर महीने 2500 रुपये महिलाओं के खाते में डालेंगे। चुनाव के बाद धान की एमएसपी 3200 रुपये हो जायेगी। हम गरीबों के लिए 15 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य बीमा योजना ला रहे हैं। गरीब बीमार पड़ेंगे तो उनको इलाज के लिए एक रुपया नहीं देना पड़ेगा। किसान का सम्मान होना चाहिए। उसको सही मौका मिलना चाहिए। झारखंड की सरकार अगले पांच साल में दस लाख रोजगार देने की पूरी कोशिश करेगी।

### राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर गोड्डा में रोका गया, कार्यकर्ताओं का हंगामा

**गोड्डा :** कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर झारखंड के गोड्डा में रोका गया। शुक्रवार को एटीसी से क्लीयरेंस न मिलने के कारण राहुल गांधी का हेलीकॉप्टर काफी देर तक गोड्डा में ही खड़ा रहा। इस कारण कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा के कारण राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर को क्लीयरेंस नहीं दिया गया। राहुल गांधी शुक्रवार को महागामा से कांग्रेस उम्मीदवार दीपिका पांडेय सिंह के लिए वोट मांगने आये थे।

## सरला बिरला स्कूल और यूनिवर्सिटी में जिला प्रशासन की छापेमारी, खाली हाथ लौटी टीम




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची पुलिस ने टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र के महिलौंग स्थित सरला बिरला स्कूल और सरला बिरला यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को छापेमारी की। छापेमारी में पुलिस को वहां से कुछ भी नहीं मिला।
मिली जानकारी के अनुसार दोनों शैक्षणिक संस्थानों में अवैध रूप से नगद पैसे रखे जाने की सूचना पर पुलिस टीम वहां पहुंची थी। काफी संख्या में सुरक्षा बलों के साथ डीएसपी एवं कई थानेदारों के साथ टीम सुबह साढ़े छह बजें महिलौंग स्थित सरला बिरला स्कूल एवं यूनिवर्सिटी पहुंची। गुरु पूर्णिमा को लेकर संस्थान बंद थे। लेकिन कार्यालय कार्य के लिए स्कूल प्रबंधन के कुछ लोग मौजूद थे। सुरक्षा बलों ने सभी मुख्य द्वार को सील कर दिया एवं किसी को भी आने जाने से रोके रखा। जांच के बाद लगभग पांच घंटे बाद पुलिस टीम खाली हाथ लौटीं। टीम में शामिल अधिकारियों ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया।
वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन की टीम ने सरला बिरला स्कूल एवं यूनिवर्सिटी में छापेमारी की। दोनों संस्थान के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा है। हालांकि छापेमारी के दौरान बाहर होने की वजह से डॉ प्रदीप वर्मा मौके पर मौजूद नहीं थे।
रांची के अनगड़ा जिला प्रशासन के जरिये शुक्रवार को उषा मार्टिन युनिवर्सिटी में चार घंटे छापेमारी अभियान चलाया गया। विधानसभा चुनाव में अवैध रूप से खर्च करने के लिए करोड़ों रुपए यहां रखे जाने की सूचना पर यह कार्रवाई हुई। राज्य सरकार के नियुक्त दंडाधिकारी सहित सिल्ली और सदर डीएसपी एवं ओरमांझी इंस्पेक्टर अनिल कुमार तिवारी एवं अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल साह के नेतृत्व में हुये इस कार्रवाई में किसी प्रकार की अवैध राशि संस्थान में नहीं मिली। छापेमारी के कारण संस्थान के विद्यार्थियों, कर्मचारियों और रणजी मैच खेल रहे खिलाड़ियों को काफी परेशानी हुई।

# एसडीजीएम एकेडमी में बिरसा जयंती, गुरु नानक देव जयंती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** एसडीजीएम एकेडमी में बिरसा मुंडा जयंती, गुरु नानक देव जयंती और झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य रामानंद पांडेय, सोनू सिंह और आरती कुमारी ने बच्चों को झारखंड राज्य की स्थापना के महत्व के साथ-साथ बिरसा मुंडा और गुरु नानक देव के जीवन पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के निदेशक महेश गुरुनानी ने बच्चों को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके आदर्शों पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड के वीर सपूत बिरसा मुंडा और गुरु नानक देव की शिक्षाएं आज भी हमें समाज में एकता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के लिए प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों और छात्रों ने भी अपनी भागीदारी दिखाई। इस अवसर पर बेबी मैम, ताहिरा मैम, संतोष सर, शहनाज मैम, सुरेंद्र सर, सुजाता मैम, प्रियंका मैम, दीपक सर और संगीता मैम ने बच्चों को अपने विचार साझा करने का मौका दिया। बच्चों को बिरसा मुंडा की संघर्ष गाथा और गुरु नानक देव के उपदेशों से जुड़ी प्रेरणादायक कहानियां सुनाई गईं। साथ ही, झारखंड राज्य की स्थापना और उसकी सांस्कृतिक धरोहर को समझने के लिए विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र और महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया गया।

## भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर रवि केशरी ने बनाई उनकी पेंटिंग




**बरही :** भगवान बिरसा मुंडा जयंती और झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कलाकार रवि केशरी ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की एक विशेष पेंटिंग तैयार कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रवि केशरी ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा ने अपने अदम्य साहस और बलिदान से हमें प्रेरणा दी है। उनके संघर्ष ने स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान का मार्ग दिखाया। आज उनके संघर्षों को याद करते हुए झारखंड के गौरवशाली इतिहास का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। इस मौके पर झारखंड के महान सपूत भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए उनकी पेंटिंग ने लोगों के बीच गहरी भावनात्मक छाप छोड़ी।

## शेफाली गुप्ता ने बिरसा मुंडा की जयंती पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**हजारीबाग :** महान स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिवीर एवं 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा की 150वें जयंती के अवसर पर हजारीबाग स्टेडियम समीप स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित एवं नमन कर श्रद्धांजलि दी। भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी एवं संघर्षों पर प्रकाश डालकर अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। साथ ही यहां उपस्थित गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा धार्मिक व सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा हेतु अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध उनके द्वारा किया गया संघर्ष युगों-युगों तक हमें प्रेरित करता रहेगा।

## एक नजर

### झारखंड स्थापना दिवस पर आदिवासी समाज ने मनाया जश्न



**चौपारण :** झारखंड को बिहार से अलग हुए आज 24 वर्ष पूरा हो गया है। चौपारण में झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज द्वारा चौपारण प्रखंड के ललकी माटी में स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें अतिथि के रूप में जंगल बचाओ आंदोलन के केंद्रीय प्रभारी राजेश कुमार महतो उपस्थित थे। मुख्य अतिथि का आयोजन कताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जंगल बचाओ आंदोलन के केंद्रीय प्रभारी ने कहा कि आज झारखंड राज्य का निर्माण हुए 24 बरस होने को चले, लेकिन जिन उद्देश्यों को लेकर झारखंड राज्य का निर्माण हुआ। वह उद्देश्य आज भी अधूरा और अपूर्ण है। आज भी झारखंड राज्य में जल जंगल और जमीन की बात की जाती है परंतु यहां के आमजन की बात नहीं की जाती। आम जनों के विकास से ही राज्य का विकास संभव है परंतु निर्माण के बाद से लेकर अब तक यहां पर आम जन ही उपेक्षा के शिकार होते रहे हैं। जिन सपनों को लेकर के इस राज्य का निर्माण हुआ था वह सपने आज भी अपूर्ण है। झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के बोकारो प्रभारी मोतीलाल बेसरा ने मौके पर बोलते हुए कहा कि जब तक झारखंड के आम जनों का विकास नहीं होता है। तब तक राज्य निर्माण का जो सपना देखा गया था, वह सपना अधूरा है। आगे उन्होंने कहा की विकास के नाम पर जंगलों को उजाडा.जा रहा है, जो की जंगल हम आदिवासियों के लिए प्रकृति का दिया हुआ घर है। आज विकास के नाम पर बेतहाशा जंगलों का क्षरण किया जा रहा है। जिससे आदिवासी परिवारों के समक्ष कई तरह की समस्याएं खड़ी हो गई हैं। झारखंड राज्य भारत का रूर कहा जाता है किंतु यहां के आदिवासी और मूलवासी कितने मजबूर हैं इसका अनुमान हमारे राजनेता नहीं लगा पाते हैं। विकास के नाम पर जंगलों की बबादी इस राज्य की बबादी है इसे यहां शासन करने वाली सरकारों को समझना होगा। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित जंगल बचाओ आंदोलन के केंद्रीय प्रभारी राजेश कुमार महतो, झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के बोकारो प्रभारी मोतीलाल बेसरा, ताजपुर मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु प्रसाद भगत, चौपारण प्रखंड झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन के प्रभारी चोलो मुंडा, चौपारण प्रखंड ग्राम सभा मंच के अध्यक्ष डुलाय चन्द मुंडा, चौपारण प्रखंड कोषाध्यक्ष प्रभु सहाय मुंडा समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्ध एवं गणमान्य उपस्थित थे।

### तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, युवक की मौत

**पलामू :** पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिला में रंका रामानुजगंज एनएच 343 पर हुरदाग मोड़ के पास शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना में एक युवा ठेकेदार की मौत हो गयी। वहीं एक युवक घायल हो गया, जबकि दो युवक बाल-बाल बच गए। मृतक की पहचान वैशाली के रामपुर कुम्हार कोल निवासी शंभू प्रसाद सिंह के पुत्र संजित कुमार सिंह की रूप में हुई है। इसकी जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल दोनों युवकों को अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने संजित कुमार सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अक्षय कुमार गुप्ता का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार कार में चार युवक सवार थे। कार संजित कुमार सिंह स्वयं चला रहा था। घायल अक्षय कुमार गुप्ता ने बताया कि कार काफी तेज रफ्तार में थी। इससे कार अनियंत्रित होकर हुरदाग मोड़ के पास एक पेड़ में टकरा गयी। इसमें कार चालक सह कार मालिक संजित कुमार सिंह की मौत घटनास्थल पर हो गयी।

# इंडियन एंथम स्कूल में दो दिवसीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** इंडियन एंथम स्कूल श्रीनगर बरही में दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 1 से 5 तक (वर्ग ए) के बच्चों ने भाग लिया। ग्रुप ई के बच्चों संजीत, सोनम, ऋतिक, शुभम, रोशन और आहिल ने प्रतियोगिता में जीत हासिल की। वहीं कक्षा 6 से 10 तक (वर्ग बी) के लिए हुई प्रतियोगिता में ग्रुप ए के रणजीत, विवेक, पियूष, अंजलि और सुमंत विजेता बने। 15 नवंबर को झारखंड के आदिवासी नायक और स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। झारखंड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें प्रवेश से लेकर यूकेजी तक के बच्चों ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिता के परिणाम में चम्मच रेस में प्रथम स्थान आदित्य, दूसरा स्थान जीवा गुप्ता, तीसरा स्थान संदीप। चॉकलेट दौड़ में प्रथम स्थान आराध्या, दूसरा स्थान पल्लवी, तीसरा स्थान हर्ष। एक पैर दौड में प्रथम स्मृति, दूसरा स्थान मयंक राज, तीसरा स्थान स्मृति रहें।

# मोटरसाइकिल से कोयला ले जा रहे मजदूर की सड़क दुर्घटना में मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव हजारीबाग मुख्य सड़क बरवाडीह 13 माइल के पास सड़क दुर्घटना में कोयला मजदूर मोटरसाइकिल चालक की घटनास्थल पर मौत हो गई।घटना की खबर परिवार जनों एवं ग्रामीणों को मिलते ही लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए और मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। घटना को लेकर ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि मृतक तौफीक अंसारी पिता इसाक मिंया उम्र 30 वर्ष रुद्दी निवासी साइकिल से कोयला लेकर ग्राम रुद्दी से 15 नवंबर की अहले सुबह 4:30 बजे हजारीबाग की ओर बेचने के लिए जा रहे थे। लगभग 5:00 बजे बड़कागांव हजारीबाग 13 माइल पास एक वाहन के चपेट में आ जाने से तौफीक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मृतक तौफीक अंसारी का पत्नी , एक बेटा एवं दो बेटी है। मौत की खबर परिजनों एवं ग्रामीणों को मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर बड़कागांव हजारीबाग मुख्य सड़क को जाम कर दिया गया। और मुआवजा व नौकरी की मांग की जाने लगी।परिवारजनों एवं रिश्तेदारों का रो रो कर कर बुरा हाल था। इस दरमियान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ो ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। और फिर कंपनी के अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं मृतक के परिवार जनों के समक्ष वार्ता हुई। जिसमें मृतक के परिजन को एक नौकरी एवं 5 लाख मुआवजा को लेकर समझौता हुआ। और तत्पश्चात सड़क जाम हटा लिया गया।वहीं बड़कागांव पुलिस प्रशासन के द्वारा लाश को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।

# एक दर्जन गांवों में तिवारी महतो के पक्ष में सांसद ने किया जनसंपर्क



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मांडू विधानसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी निर्मल महतो और तिवारी महतो के पक्ष में विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के एक दर्जन गांवों का तूफानी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया और विष्णुगढ़ क्षेत्रवासियों से मांडू विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन करके झारखंड में एनडीए सरकार बनाने का अपील किया। सांसद मनीष जायसवाल ने विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र का तूफानी दौरा विष्णुगढ़ चेडरा स्थित चुनाव कार्यालय से किया उसके बाद विष्णुगढ़ अखाड़ा चौक, जमनीजारा, बांडीसिमर, नरकी, खरकी सिमरबेड़ा, गाल्होबार, खरकट्टों बस्ती, जोबर बंदखारो, बनासो और विष्णुगढ़ के नावाडीह में जनसंपर्क अभियान चलाया । मौके पर विशेषरूप से भाजपा नेता भुनेश्वर पटेल, द्वारिका सिंह उर्फ.खोखा सिंह, विष्णुगढ़ भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष सुखदेव रजवार, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, आजसू नेता रंजीत गुप्ता, दीपू अकेला, नागी मुखिया कुंवर हांसदा, भाजपा नेता सुनील मिश्रा, निर्मल कुमार, प्रभु विश्वकर्मा, डूमरचंद महतो, डोमन प्रसाद गुप्ता, राजेश सोनी, कन्हाय यादव, सुनील अकेला, राजू श्रीवास्तव, बंटी श्रीवास्तव, अरविंद लहकार, गायत्री देवी, रीता देवी, डब्लू सोनी, शंकर वर्मन, अशोक गुप्ता, तापेश्वर रजक, दिनेश अग्रवाल, राजेंद्र मंडल, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें। पुत्र शोक से पीड़ित पत्रकार राजेंद्र दुबे से मिलने पहुंचे सांसद, जताया गहरा शोक विष्णुगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र दुबे के एकलौते सुपुत्र के सड़क दुर्घटना में निधन की सूचना पाकर विष्णुगढ़ दौरे में पहुंचे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल उनके अखाड़ा चौक स्थित आवासीय परिसर पहुंचकर उनसे इस अत्यंत शोक की घड़ी में मिलकर उनका हिम्मत बढ़ाया।

# सांसद पहुंचे टाटीझरिया, आधा दर्जन गांवों में किया जनसंपर्क

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के टाटीझरिया प्रखंड के करीब आधा दर्जन गांवों का सघन दौरा कर मांडू विधानसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित आजसू पार्टी के प्रत्याशी निर्मल महतो उर्फ.तिवारी महतो के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। सांसद मनीष जायसवाल ने टाटीझरिया प्रखंड के अपने दौरे की शुरूआत टाटीझरिया स्थित चुनाव कार्यालय में स्थानीय एनडीए कार्यकताओं संग धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जंयती और झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण कर उन्हें याद किया। जिसके बाद ग्राम बड़ा डहरभंगा, खम्भवा, धरमपुर और कोल्हू में लोगों से संवाद करते हुए मांडू विधानसभा क्षेत्र के विकासोत्थान और झारखंड राज्य के संपूर्ण विकास के लिए आगामी 20 नवंबर को होने वाले चुनाव में ईवीएम के क्रम संख्या 02 में चुनाव चिन्ह केला छाप पर मतदान कर तिवारी महतो को मांडू क्षेत्र से प्रतिनिधित्व का मौका जरूर दें। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल का सभी गांवों के ग्रामीणों ने तादात में उमड़कर गर्मजोशी से माला पहनाकर भव्य स्वागत किया और भरोसा जताया कि मांडू विधानसभा क्षेत्र में इस बार परिवर्तन होकर ही रहेगा। मौके पर विशेषरूप से भाजपा नेता द्वारिका सिंह उर्फ. खोखा सिंह, आजसू नेता विजय वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, अनिल प्रसाद, प्रमोद सिन्हा, अशोक यादव, द्वारिका महतो, शशि प्रसाद, अरुण सिंह, सहदेव यादव, बजरंगी प्रभु, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# खपरियावां स्थित ऐतिहासिक नृसिंह मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग मुख्यालय से छह किलोमीटर दूर बड़कागांव मार्ग पर कटकमदाग प्रखंड के खपरियावां स्थित ऐतिहासिक नृसिंह स्थान मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। स्थानीय लोग इस मेले को केतारी मेला भी कहते हैं। हजारीबाग के खपरियांवा में नृसिंह मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। जिसे स्थानीय लोग कैतारी मेला भी कहते हैं। यह मंदिर मुराद पूरी करने वाला मंदिर है। अतिप्राचीन धरोहर लगभग साढ़े चार सौ वर्ष के इतिहास को संजोए हुए है। यहां भगवान विष्णु के अवतार भगवान नृसिंह की प्राचीन प्रतिमा स्थापित है, जो काले रंग के ग्रेफाइट पत्थर की बनी है। यहां गर्भ गृह में भगवान विष्णु के साथ भगवान शिव विराजमान है। यहां स्थापित शिवलिंग जमीन से तीन फीट नीचे है। गर्भ गृह में शिव के साथ विष्णु भगवान के विराजमान रहने का का अद्भुत संयोग है, जो वैष्णव और शिव भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इसके अलावा भगवान सूर्य देव, नारद, शिव पार्वती और नवग्रह के प्रतिमा दर्शनीय है। गर्भगृह के बाहर हनुमान जी की प्रतिमा है। यहां सालों भर दर्शन पूजन करने श्रद्धालु आते हैं। पूर्णिमा के दिन पूजा का अपना एक अलग महत्व है। कार्तिक और माघ महीने में भक्तों की भीड़ यहां बढ़ जाती है। यहां मुंडन, जनेउ, शादी विवाह व अन्य धार्मिक का आयोजन किए जाते हैं। श्री नृसिंह मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। इसकी स्थापना 1632 ईस्वी में पंडित दामोदर मिश्र ने की थी। वो संस्कृत और ज्योतिष के विद्वान होने के साथ-साथ तांत्रिक थे। देवी के उपासक पंडित दामोदर मिश्र को स्पन मिला था कि नेपाल के काक भूसारी पर्वत में भगवान नरसिंह के प्रतिमा है। जब पंडित दामोदर मिश्र वहां गए और उन्होंने अपने स्वप्न में देखे हुए जगह की तलाश की ,तो उन्हें वह मूर्ति मिली। जिस मूर्ति को हजारीबाग के खपरियांवा मंदिर में स्थापित की। जो बाद में नरसिंह स्थान के रूप में जाना जाने लगा। उस समय मंदिर मंडप नुमा था । एक कक्षीय खपरैल भवन में पाषाण काल का मूर्ति रखा गया। मंदिर परिसर में एक विशाल कुआं है जिसके बारे में कहा जाता है कि वह जिसका अंत पता नहीं चलता अर्थात वह पताल कुआं है। बाद में स्वर्गीय लंबोदर पाठक ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया और आज यह भव्य मंदिर के रूप में विद्यमान है।

## संक्षिप्त खबरें

### नृसिंह मेला में रामनवमी संरक्षण समिति ने किया खिचड़ी भोग का वितरण



**हजारीबाग :** कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर नृसिंह भगवान मंदिर परिसर में आयोजित भव्य मेला में हजारीबाग रामनवमी संरक्षण समिति ने खिचड़ी भोग वितरण स्टाल लगाया जहां मेले में आए हजारों श्रद्धालुओं ने खिचड़ी भोग प्रसाद रूप में पाया। खिचड़ी भोग प्रसाद वितरण कार्यक्रम के बारे में पूछे जाने पर हजारीबाग रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा कि ऐतिहासिक नरसिंह स्थान मंदिर परिसर में लगने वाले वार्षिक मेले में संरक्षण समिति के द्वारा पहली बार यह पहल किया गया है जहां हजारों लोगों ने प्रसाद के रूप में खिचड़ी का भोग पाया इसी को वृहद रूप से आने वाले वर्षों में आज के दिन संरक्षण समिति द्वारा इस तरह का आयोजन किया जाएगा । आगे उन्होंने कहा कि हजारीबाग रामनवमी संरक्षण समिति धार्मिक आयोजनों के साथ साथ सामाजिक रूप से सक्रिय रहते हुए समाज में होने वाले विभिन्न कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभाते रहा है। जिसमें जन सरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है संरक्षण समिति के तत्वाधान नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा चुका है। मौके पर रामनवमी संरक्षण समिति के संरक्षक महंत विजयानंद दास, संरक्षक राजकुमार यादव , ओमप्रकाश सिन्हा, सचिव ओमप्रकाश गोप, कोषाध्यक्ष अजय कुमार साव, कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान, धर्मेंद्र शुक्ला, सूरज कुमार, राकेश सिन्हा, लब्बू कुमार गुप्ता, राजेश सिन्हा, राजन साव सहित रामनवमी संरक्षण समिति के पदाधिकारी, सदस्य सहित कांग्रेस नेत्री रेणु देवी व दर्जनों अन्य शामिल थे।

### अटल विचार मंच प्रत्याशी विपिन ने किया मांडू विधानसभा में जनसंपर्क



**हजारीबाग :** अटल विचार मंच के मांडू विधानसभा के प्रत्याशी विपिन कुमार सिन्हा ने मांडू विधानसभा अंतर्गत तापीन, घाटों, केदला, करमा तथा इंद्रा जरबा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस कार्यक्रम में जनता का अभूतपूर्व जन समर्थन मिल रहा है। जनमानस ने ठान लिया है कि हर बार चुनाव में हमें विकास के नाम पर सिर्फ धोखा ही मिला है। इस बार हजारीबाग के लोकप्रिय पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा द्वारा नवगठित अटल विचार मंच को मौका दिया जाएगा। आम जनता ने कहा कि अगर कोई सही मायने में इस क्षेत्र का विकास किया है तो वह यशवंत सिन्हा जी ही हैं। उनके प्रत्याशी विपिन कुमार सिंह के हाथों को हाथों में इस बार मांडू विधानसभा की कमान सौंपने का संकल्प आम जनता और क्षेत्र के कामगारों ने लिया है। उपस्थित जन मानस को संबोधित करते हुए अटल विचार मंच के निर्दलीय प्रत्याशी बिपिन कुमार सिन्हा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने के लिए हमारे पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा जी ने इस राजनितिक दल का गठन किया है। उनका उद्देश्य है आम नागरिकों का विकास करना उन्होंने कभी भी अपने लाभ के लिए राजनीतिक मंच का उपयोग नहीं किया। उन्होंने सदैव जन कल्याण के कार्य किए हैं उनके विचारों को आगे बढ़ते हुए मैं आप सबको से यह कहना चाहता हूं कि मुझको एक बार मौका देकर देखें।आज तक आपने परिवार वादी पार्टी को मौका दिया है।परिवार वादी पार्टियों ने आज तक सिर्फ अपना भला किया है,इनको आप सबों की भलाई से कोई मतलब नहीं है। ये अपनी तिजोरी काली कमाई से भर रहें हैं।अगर आपको अपने विधान सभा का विकाश करवाना है तो यशवंत सिन्हा जी के हाथों को मजबूत करने के लिए अटल विचार मंच के निर्दलीय प्रत्याशी बिपिन कुमार सिन्हा के बल्लेबाज छाप के 15 नंबर पर बटन दबाकर अपना बहुमूल्य समर्थन प्रदान करें।इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रकाश मिश्रा,आशुतोष सिंह,विजय सिंह,रोहित कुमार बर्मन, कृष्ण प्रसाद सोनी, भोला कुशवाहा, आदित्य ओझा, निशांत केतु, गोविंद मिश्रा, प्रमोद कुमार, विक्की सिंह, राहुल सिंह, अनिल प्रजापति एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए। उक्त जानकारी अटल विचार मंच के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

### संजय कुमार मेहता का जनसंपर्क अभियान जारी



**हजारीबाग :** मांडू विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे झारखंड बचाओ क्रांति सेना समिति (जेबीकेएसएस) के केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार मेहता ने आज चुरचू बाजार, टुटी झरना और सानडी में व्यापक जनसंपर्क किया। उन्हें जनता का अपार समर्थन और आशीर्वाद मिला। संजय मेहता ने इस दौरान जनता से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि उनका संघर्ष झारखंड को बदलने और यहां के लोगों के हक एवं अधिकार दिलाने के लिए है। संजय मेहता ने बताया कि उनकी राह में कई चुनौतियां आए, हमले करवाए गए, लेकिन झारखंड के प्रति उनका समर्पण और जनता का समर्थन ही उनकी ताकत है। उन्होंने कहा, हम सब मिलकर झारखंड को शिक्षित, स्वावलंबी और विकसित बनाएंगे। मांडू का हर व्यक्ति इस बदलाव का हिस्सा बनेगा। 20 नवंबर को क्रमांक संख्या 18 पर हेलमेट चुनाव चिन्ह पर वोट दें और इस बदलाव की लड़ाई को मजबूत करें। बिरसा मुंडा जयंती पर उनके संघर्षों को किया नमन भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर संजय कुमार मेहता ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने भगवान बिरसा के संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए कहा, भगवान बिरसा ने अपने लोगों के अधिकारों और धरती की रक्षा के लिए जो लड़ाई लड़ी, वह हम सबके लिए प्रेरणा है। उनके आदर्शों पर चलना और झारखंड के हर व्यक्ति के हक की लड़ाई लड़ना ही मेरे लिए उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। संजय मेहता ने भगवान बिरसा के सिद्धांतों और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का वचन लेते हुए झारखंड के नवनिर्माण का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि झारखंड को परिवारवाद, भ्रष्टाचार और बाहरी शोषण से मुक्त कराना उनकी प्राथमिकता है।

## एक नजर

### उत्पाद का छापा 714 लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त

**रांची** : उत्पाद विभाग ने अनगड़ा थाना क्षेत्र के माशू मझराटोली बस्ती में छापेमारी कर एक अवैध विदेशी शराब मिनी फैक्ट्री का शुक्रवार को खुलासा किया है। रांची के सहायक आयुक्त उत्पाद अरुण मिश्रा के निर्देश पर विभाग के पदाधिकारियों ने यह कार्रवाई की है। छापेमारी के क्रम में राम कुमार शर्मा के मकान के अंदर और मकान के दरवाजे पर करकट के कमरे से 840 प्लास्टिक बोतल में विदेशी शराब और 225 आरएस ब्रांड शराब की बोतलें जब्त की गई, घटनास्थल से मकान मालिक राम कुमार शर्मा दूर से छापामारी दल को आता देख फरार होने में सफल हो गया। घटना स्थल से भारी मात्रा में विभिन्न ब्रांड के लेबल, ढक्कन, खाली बोतल बरामद किया गया है। छापेमारी में कुल 714.375 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया है।

### बिरसा जयंती पर बाबूलाल ने झारखंडवासियों को दी शुभकामनाएं

**रांची** : झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बिरसा जयंती के अवसर पर झारखंडवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल "एक्स" पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उन्हें सादर नमन करता हूं। अंग्रेजी हुकूमत के विरोध में उलगुलान का बिगुल फूंककर उन्होंने जन चेतना जागृत की। मातृभूमि और आदिवासी समाज के अस्मिता की रक्षा के लिए किया गया उनका संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान हमारे लिए सदैव प्रेरणा स्रोत रहेगा। मरांडी ने इस अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं देते हुए समाज के लिए सशक्त और स्वाभिमानी आदर्श स्थापित करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

### सरकार ने शिक्षण संस्थानों में आतंक का राज स्थापित किया : प्रतुल

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान राज्य सरकार पर राज्य के प्रतिष्ठित निजी शिक्षण संस्थाओं को टारगेट करने का आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि जिस तरीके से शिक्षण संस्थानों में छापेमारी हो रही है उससे यह स्पष्ट है कि राज्य सरकार अपने हार से बदहवास होकर किसी भी हद तक नीचे गिर रही है। प्रतुल ने कहा कि यह राज्य सरकार के द्वारा शिक्षण संस्थानों में आतंक का राज्य स्थापित करने की कोशिश है। हेमंत सरकार को तब मुंह की खानी पड़ी जब सरला बिरला स्कूल और विश्वविद्यालय से चुनाव से संबंधित ना नकद बरामद हुआ ना कोई दस्तावेज। जिस तरीके से प्रतिष्ठित सरला बिरला स्कूल और विश्वविद्यालय और उषा मार्टिन विश्वविद्यालय में राज्य पुलिस ने सरकार के इशारे पर छापेमारी की यह अति निंदनीय है।

### लक्स ने अपने नए प्रोडक्ट 'लक्स सैंडल' की लांचिंग की

**रांची** : हिंदुस्तान यूनिलीवर के लक्स ब्रांड ने अपने नए प्रोडक्ट 'लक्स सैंडल' की लांचिंग की। नए ब्रांड को लेकर कंपनी द्वारा राजधानी रांची में एक रोड-शो भी किया गया, जिसमे दस किमी पद संचालन करते हुए कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ पूरी सजी हुई बग्गी भी थी। कंपनी ने स्पिन द व्हील एक्टिविटी के तहत ग्राहकों को 1500 से अधिक फ्री सैम्पल्स भी बांटे और 20 दुकानदारों को दिवाली का गिफ्ट भी फ्री सैंपल के तौर पर दिया। दिवाली के अवसर पर कंपनी ने 30 लाख का आर्डर भी बुक किया। कंपनी ने लक्की ड्रा की भी व्यवस्था की थी जिसमे पंडरा बाजार के दिनेश ट्रेडिंग और मनीष ट्रेडिंग को 30 ग्राम के चांदी का सिक्का प्राप्त हुआ।

# भाजपा हमेशा राज्य के मूल निवासियों और आदिवासी समाज के पक्ष में खड़ी रही है : गौरव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : हिमाचल प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष राजीव बिंदल, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया एवं तेलंगाना के पूर्व मंत्री एटला राजेंद्र ने झामुमो-कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। रांची स्थित भाजपा मीडिया सेंटर में संयुक्त प्रेसवार्ता में गौरव भाटिया ने कहा कि आज भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, झारखंड प्रदेश का स्थापना दिवस और गुरु पर्व का पावन दिन है। प्रदेश के पहले चरण के लिए मतदान हो चुका है। इसी के साथ ही प्रदेश की जनता ने स्पष्ट कर दिया है कि एनडीए की सरकार बनने जा रही है। भाटिया ने कहा कि झारखंड की जनता की आवाज बनकर एक भ्रष्टाचारी, निकम्मी और सांप्रदायिक तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली झामुमो-कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकना है। भाजपा भगवान बिरसा मुंडा की सीख को आगे बढ़ाते हुए रोटी-बेटी-माटी के नारे के साथ अपने संकल्प लेकर आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो-कांग्रेस सरकार ने राज्य में घुसपैठियों को बढ़ावा दिया है और आदिवासी समाज के अधिकारों का उल्लंघन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकास की बात करते हैं, भाजपा ने विकास किया है। झारखंड प्रदेश से सभी घुसपैठियों को चुन चुनकर बाहर किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि, 'एक रहोगे तो सेफ रहोगे' ये नारा देश के हर कोने में पहुंच गया है। कांग्रेस व झामुमो झारखंड की संस्कृति और अस्मिता को खतरे में डाल रहे हैं। भाटिया ने कांग्रेस झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के बयान का भी विरोध किया, जिसमें उन्होंने गैस सिलेंडर को घुसपैठियों को देने की बात की थी। भाटिया ने सवाल उठाया कि आखिर क्यों कांग्रेस-झामुमो अपने राजनीतिक लाभ के लिए घुसपैठियों को सहायता देने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि भाजपा हमेशा राज्य के मूल निवासियों और आदिवासी समाज के पक्ष में खड़ी रही है। भाटिया ने कहा कि कांग्रेस व झामुमो ने झारखंड के लोगों की सुरक्षा, संस्कृति और रोजगार के अवसरों के मामले में चुप्पी साध रखी है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में 287,000 सरकारी नौकरियों का वादा किया है, जो राज्य के युवाओं के लिए एक बड़ी राहत होगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के आदर्शों और भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षों की याद दिलाते हुए कहा कि भाजपा राज्य की संस्कृति को बचाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है जबकि कांग्रेस-झामुमो अपनी तुष्टीकरण नीति के तहत काम कर रहे हैं। घुसपैठियों को अपना वोट बैंक समझकर झामुमो व कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है, जिसका करारा जबाव उनको झारखंड की जनता देने जा रही है। हिमाचल प्रदेश के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस जो वादे करती है उनको कभी पूरा नहीं करती। कांग्रेस ने हिमाचल में सत्ता हथियाने के लिए वादा किया कि एक लाख सरकारी नौकरियां पहली कैबिनेट में दी जाएंगी, लेकिन युवाओं को एक भी सरकारी नौकरी नहीं दी, उल्टा हिमाचल प्रदेश सर्विस कमीशन को ही बंद कर दिया। कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर है। तेलंगाना के पूर्व मंत्री एटला राजेंद्र ने कहा कि एक साल पहले कांग्रेस ने जो वादे किए थे, उनको पूरा नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि हिमाचल की तरह ही तेलंगाना में भी जो गारंटी दी गई थी, उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया गया है।

## राष्ट्र, धर्म एवं संस्कृति के रक्षक थे भगवान बिरसा मुंडा : मिथिलेश्वर


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : विश्व हिंदू परिषद, रांची महानगर की ओर से शुक्रवार को झारखंड के वीर स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई गई। विहिप के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने रांची के बिरसा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। प्राचीन राम मंदिर चुटिया में भी भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा कि राष्ट्र, धर्म एवं संस्कृति के भगवान बिरसा मुंडा रक्षक थे। भगवान बिरसा मुंडा केवल झारखंड के नहीं बल्कि भारतवर्ष के जननायक थे, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए जीवन पर्यंत अंग्रेजों से संघर्ष किया तथा बलिदान हुए।

उन्होंने अंग्रेज मिशनरियों के प्रभाव से समाज के बीच हो रहे धर्मांतरण का विरोध किया और स्वधर्म के प्रति जागरूक किया। भगवान बिरसा की पावन जयंती पर आज संपूर्ण देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है तथा भगवान बिरसा के साथ-साथ जनजाति समाज के सभी महापुरुषों ,वीर बलिदानियों को नमन कर रहा है। झारखंड के संपूर्ण विकास के लिए धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए आज उनके दिखाएं मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में राम मंदिर चुटिया के महंत गोकुलदास, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत मातृशक्ति प्रमुख दीपा रानी, रांची विभाग मंत्री रविशंकर राय, महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, महानगर मंत्री विश्वरंजन, महानगर सामाजिक समरसता प्रमुख मुकेश गिरी, महानगर मातृशक्ति प्रमुख चंदा देवी, केशव नगर मंत्री अजय बैठा, बिरसानगर संयोजक त्रिलोक सिंह, मंजू सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर स्वर्ण रेखा सहित अन्य नदियों में लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर स्वर्ण रेखा नदी सहित अन्य नदियों में शुक्रवार सुबह से ही लोगों की भीड़ लगी है। सुबह से ही महिलाएं, पुरुष और बच्चे स्वर्ण रेखा नदी पहुंचकर स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य दिया। कार्तिक पूर्णिमा पर इक्कीसों महादेव धाम स्वर्णरिखा नदी तट पर सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का स्नान एवं मंदिर में पूजा शुरू है। श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। इस पवित्र दिन पर कई श्रद्धालु परिवार भगवान सत्यनारायण की कथा पंडितों से सुनते देखे गए। साथ ही कई लोग स्वर्ण रेखा नदी में स्नान-दान और पूजा-अर्चना भी कर रहे थे।


कार्तिक पूर्णिमा पर कई वर्षो से स्वर्णरिखा नदी के तट पर मेला लगता है। इस मेले में कोकर, नामकुम, चुटिया, डोरंडा, जगरन्नाथपुर, नगड़ी, बेड़ो, रामपुर, बुंडू, तमाड़, खूंटी, सिल्ली, ओरमांझी सहित कई इलाकों से श्रद्धालु पहुंचते है।

इस मौके पर पंडित मनोज पांडेय ने बताया कि हिंदू धर्म में व्रत, त्योहार और स्नान का विशेष महत्व है। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा और सरोवर में स्नान कर पुण्य प्राप्ति के लिए लोग गंगा घाटों पर पहुंचते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन स्नान के साथ दीप दान का विशेष महत्व होता है। कार्तिक पूर्णिमा को लेकर नदी और मंदिर के आसपास मेला लगा था। मेला में चाट, फुचका के ठेले, गन्ना, बच्चों के खिलौने, पूजन सामग्री की दर्जनों दुकानें लगी थीं। पूजन सामग्री की दुकानों में महिलाओं और चाट-फुचका की दुकानों में युवक-युवतियां और बच्चों की भीड़ लगी थी।

इस दौरान सुरक्षा को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस टीम तैनात दिखी। वहीं दूसरी ओर राजधानी रांची के मेन रोड स्थित संकट मोचन मंदिर, काली मंदिर, पहाड़ी मंदिर सहित सभी मंदिरों में भी लोग सुबह से ही पूजा अर्चना करते देखे गए।

## एमटीआई में मनाया गया गुणवत्ता दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : एमटीआई में विश्व गुणवत्ता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एमटीआई के सभी कर्मचारियों की उपस्थिति में मुख्य महाप्रबंधक (एचआर-एलएंडडी) तथा कार्यकारी निदेशक (एचआर-एलएंडडी) एमटीआई द्वारा गुणवत्ता ध्वज फहराया गया। एमटीआई ने अपने अस्तित्व के बाद से ही इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एमटीआई जो पहला कॉर्पोरेट प्रशिक्षण केंद्र है, को 1994 में आईएसओ 9001 के तहत प्रमाणित किया गया था, जो हमारे क्यूएमएस प्रमाणन का 30वां वर्ष है। अपने स्वागत भाषण में महाप्रबंधक प्रभारी (अकादमिक) अतनु मुखर्जी ने इस वर्ष के विश्व गुणवत्ता दिवस की थीम के बारे में बताया। थीम है गुणवत्ताः अनुपालन से प्रदर्शन तक। एमटीआई के मुख्य महाप्रबंधक (एचआर-एलएंडडी) तथा कार्यकारी निदेशक (एचआर-एलएंडडी) एमटीआई संजय धर द्वारा गुणवत्ता शपथ पढ़ी गई, जिसे सभी कर्मचारियों ने लिया। इस अवसर पर एमटीआई के कार्यकारी निदेशक (एचआर-एलएंडडी) का कार्यभार संभाल रहे सीजीएम (एचआर-एलएंडडी) ने एमटीआई समूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं को पूरा करने और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने के लिए गुणवत्ता की संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता है। साथ ही, उन्होंने प्रतिस्पर्धियों से आगे रहने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने पर जोर दिया।

## आदिवासी मोर्चा और माले ने मनाई बिरसा मुंडा की जयंती



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : आदिवासी संघर्ष मोर्चा और भाकपा माले की ओर से शुक्रवार को बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी। बिरसा मुंडा के सपनों को साकार करने का निश्चय लिया। आदिवासी संघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक सुदामा खलखो ने कहा कि हमें बिरसा मुंडा की लड़ाई को आगे बढ़ाना है। जल, जंगल और जमीन की लड़ाई में हमें आदिवासियों और मूलवासी को लेकर संघर्ष को आगे बढ़ना होगा। बिरसा मुंडा के उलगुलान से बने सीएनटी एक्ट और अबुआ राज को बदलकर अडानी राज करने के भाजपाई साजिश को किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस कार्यक्रम में सुदामा खलखो, शांति सेन, भीम साव, समरनाथ सिंन्हा, मेवा उरांव, रामजित उरांव, शंकर महतो सहित कई शामिल थे।

# 43 में 38 सीट हमारी गठबंधन जीतेगी, फिर 38 में 35 पर होगी जीत : सुप्रियो भट्टाचार्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा आज कार्तिक पूर्णिमा का दिन है। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। आज की तिथि में हम लोग हपने राज्य के रजत जयंती में प्रवेश कर रहे हैं, आज देव दिवाली भी है, कार्तिक पूर्णिमा है, गुरुनानक देवजी का प्रकाश पर्व भी है, बहुत से शुभ दिन हैं। लेकिन इस शुभ दिन में जो अशुभ शक्तियां झारखंड में मंडरा रही है। भारतीय जनता पार्टी के लोग उनके नेतागण। इस प्रकार समाज को बांटने की बात कर रहे, धर्म से धर्म को अलग करके लोगों को बांटा जा रहा है। पूरी शक्ति के साथ पहला फेज में जब पूरा झारखंड के 43 जगहों से आवाज आयी कि हम बीजेपी को नकारते हैं, उसके बाद भी संथाल प्रगना व कोयलांचल के इलाके में जिस प्रकार का अपने वाक्यों से जो प्रदूषित कर रहे। माहौल को यह इंगित करता है कि अब राज्य का स्टेटस भी छीनने की तैयारी में हैं। वह शुक्रवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बोल रहे थे।

असम के सीएम को ये आदिवासी स्मीता की बात करते हैं। इन्होंने मेजोरम में डेढ़ साल पहले जो आग लगाया वहां के आदिवासी आज तक भुगत रहे हैं। असम में आदिवासी महिलाओं के साथ अत्याचार हुए। ऐसे शर्मनाक घटनाओं से मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम जब वे सीएम थे, आदिवासियों पर शोषण किया और यहां आदिवासी की सम्मान की बात करते हैं, यह तो हद हो गई है। मंईयां सम्मान योजना को लेकर ये लोग हाईकोर्ट चले गये। माताओं को पैसा मत दो, हाईकोर्ट से इसे सराहा है। सुप्रियो ने कहा कि 11 दिसंबर को 2500 रुपये मंईयां सम्मान योजना की राशि चली जायेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त ने पुष्प अर्पित कर भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि



**रांची** : राजधानी रांची के उपायुक्त वरुण रंजन ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने मोरहाबादी स्थित गोपनीय कार्यालय कक्ष में भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उपायुक्त वरुण रंजन ने झारखंड राज्य स्थापना दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के शुभ अवसर पर सभी जिलेवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय समुदायों के साहस, शौर्य और बलिदान का प्रतीक हैं। उपायुक्त ने भगवान बिरसा मुंडा के अद्वितीय योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपने क्रांतिकारी विचारों से समाज में जागरूकता की अलख जगाई। भगवान बिरसा मुंडा न केवल पराक्रम बल्कि सामाजिक चेतना के भी प्रतीक थे, जिन्होंने आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलने का काम किया। वरुण रंजन ने भगवान बिरसा मुंडा के मार्ग का अनुसरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने की बात कही।

### जनजाति समाज के गौरव और सम्मान के लिए मोदी सरकार समर्पित : बाबूलाल मरांडी



**रांची** : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि केंद्र सरकार जनजाति समाज के गौरव और सम्मान केलिए समर्पित है। श्री मरांडी ने शुक्रवार को ने कहा कि दिल्ली के सराय काले खां चौक का नाम बदलकर भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर रखना, धरती आबा को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने दशकों तक झारखंड के आदिवासी वीर सपूतों की विरासत को अनदेखा किया। हमारे जननायकों के गौरवशाली इतिहास को दबाने का प्रयास किया गया। लेकिन अब, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन और बिरसा मुंडा जी के योगदान को राष्ट्रव्यापी पहचान मिलना, हमारे आदिवासी समाज के सम्मान का प्रतीक है। आज देश का हर बच्चा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रेरक गाथा से परिचित होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री का झारखंड की जनता एवं जनजाति समाज की ओर से आभार प्रकट किया।

### बीज उत्पादन में छात्रों को भी संलग्न करना चाहिए : डॉ एसके चतुर्वेदी




**रांची** : रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के अनुसंधान निदेशक डॉ एसके चतुर्वेदी ने बीज उत्पादन कार्यक्रम में स्नातक अंतिम वर्ष और मास्टर डिग्री के छात्रों को भी संलग्न करने पर जोर दिया है ताकि उनके माध्यम से उन्नत फसल प्रजातियों का संदेश पूरे राज्य में फैल सके। उन्होंने कहा कि दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों में बेहतर उत्पादन क्षमता वाली रोगरोधी प्रजातियों की कमी नहीं है, उनके प्रति किसानों में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। डॉ चतुर्वेदी शुक्रवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बिरसा जयन्ती के अवसर पर दलहन-तेलहध उत्पादन पर विशेष व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड के रांची और पूर्वी सिंहभूम जिला में तिलहन के क्षेत्र में पिछले 15 वर्षों में सराहनीय कार्य हुआ है जिसे अन्य जिलों में भी फैलाया जा सकता है, सिर्फ इच्छाशक्ति बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रांत की मध्यम भूमि में 100 से 110 दिनों में परिपक्व होने वाली सरसों की किस्म पूसा 25 और पूसा 26 लगायी जा सकती है।केंद्र सरकार की योजना के तहत राज्य के चार जिलों में सीड हब बनाया जाना है। यदि इन चारों जिलों में लक्ष्य के अनुरूप एक- एक हजार क्विंटल तिलहन का बीज उत्पादन किया जाए तो 50 प्रतिशत की दर से प्रतिस्थापन के लिए भी बीज उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में सिंचित और वर्षाश्रित- दोनों परिस्थितियों में उत्पादकता लगभग बराबर है, इसलिए वर्षाश्रित खेती पर ही ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिससे उत्पादन लागत में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि दलहन उत्पादन के अंतर्गत झारखंड में देश की 2 प्रतिशत भूमि रबी में तथा 3 प्रतिशत भूमि खरीफ में आच्छादित रहती है और झारखंड कुल राष्ट्रीय उत्पादन में लगभग चार प्रतिशत का योगदान करता है। झारखंड प्रांत में ज्यादातर किसान चना फसल को हरा चना के रूप में बेच देते हैं और उसका बीज नहीं रखते इसलिए उन्हें प्रति वर्ष 20 हजार क्विंटल गुणवत्तायुक्त बीज की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि गुणवत्तायुक्त बीज के उठाव में कहीं कोई परेशानी नहीं है, अगर राज्य सरकार नहीं लेती है तो राष्ट्रीय बीज निगम बीज की खरीद के लिए हमेशा तैयार है। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि बिरसा मुंडा में संगठन कौशल और रण कौशल अद्वितीय था। उन्होंने तीर-धनुषधारी उनके लडाक ों ने तलवार और बंदूक से लैस अंग्रेजी पुलिस से लोहा लिया तथा किसी लड़ाई में पराजित नहीं हुए। छत्रपति शिवाजी महाराज के नक्शे कदम पर चलते हुए गोरिल्ला युद्ध का इस्तेमाल किया। जंगल, जमीन और प्रकृति की रक्षा तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन के लिए वह सतत प्रयासरत और संघर्षरत रहे। समाज सेवा के माध्यम से लोगों का दिल जीतकर अपना संगठन खड़ा किया तथा सात्विकता, धार्मिकता, आध्यात्मिकता और नशामुक्ति पर आधारित बिरसाइत धर्म का सूत्रपात किया। स्वागत भाषण कुलसचिव डॉ नरेंद्र कुदादा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ जगरनाथ उरांव ने किया। मंच पर निदेशक प्रशासन एजाज अनवर भी उपस्थित थे। वानिकी संकाय के छात्र पंकज तथा वेटनरी संकाय की छात्रा प्रतिभा ने भी बिरसा भगवान के जीवन दर्शन पर अपने विचार रखे। संचालन शशि सिंह ने किया। छात्र-छात्राओं ने सुबह में आकर्षक शोभायात्रा भी निकाली। यात्रा कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ हुई और बिरसा भगवान की प्रतिमा तक गई। विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी डॉ अरुण कुमार तिवारी के समन्वयन में छात्र-छात्राओं ने कृषि महाविद्यालय प्रेक्षागृह में गीत, संगीत, नृत्य और नाटक का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## एक नजर

### विद्यार्थियों के शैक्षणिक मार्गदर्शन सेमिनार का हुआ आयोजन



**चास (बोकारो) :** विद्यार्थियों के शैक्षणिक क्षमता में विकास करने हेतु मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से डीपीएस चास बोकारो में दिनांक 16 नवंबर 2024 को प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक एक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सेमिनार में देश के जाने-माने करियर काउंसलर विकास कुमार करियर की बारिकियों पर प्रकाश डालेंगे। विदित हो कि विकास कुमार साइकोग्राफिक सोसायटी के संस्थापक हैं जिन्होंने अपने करियर की शुरूआत सन 2004 में डीपीएस बोकारो से की थी और आज उनकी गिनती देश के सुप्रसिद्ध 8 करियर काउंसलरों में होती है। सेमिनार में [illegible], अ[illegible]र, [illegible] तथा बोर्ड की परीक्षाओं में छात्रों के बेहतर प्रदर्शन करने पर चर्चा होगी। इसमें विद्यार्थियों के माता-पिता व अभिभावकों के साथ प्रश्नोत्तर का सत्र भी होगा। सत्र में छात्रों के लिए उपयुक्त परिवेश हेतु मार्गदर्शन किया जाएगा।

### यशवीर सिंह ने इलाकों का दौरा कर समस्याओं के निदान का दिया आश्वासन

**बोकारो :** झारखंड में विधानसभा के प्रथम चरण का मतदान 13 नवंबर को समाप्त हो चुका है। वहीं दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होना है। जिसको लेकर 2024 विधानसभा चुनाव से जुड़े प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। बोकारो विधानसभा में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। बोकारो में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी यशवीर सिंह अपने चुनाव चिन्ह घड़ी को लेकर सैकड़ो की संख्या में कार्यकताओं के साथ चुनावी जंग में कूद पड़े हैं। अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान दौरे के क्रम में सेक्टर 9 के कश्मीर कॉलोनी, शिवाजी कॉलोनी, शिव शक्ति कॉलोनी, श्रमिक कॉलोनी के मतदाताओं से मुलाकात की। और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की नीतियों की जानकारियां दी। उनके साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रफीक अंसारी, चंदन कुमार, सलीम खान, रवि कुमार, रामप्रवेश, अरविंद कुमार,अनिल सिंह, संजीव कुमार, अख्तर अंसारी, अन्य राष्ट्रवादी कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे। पार्टी के चुनाव कार्य में लगे झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रफीक अंसारी ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान झूंगी झोपड़ी में निवास करने वाले मतदाताओं की पीड़ा देखकर काफी दुखित हुए। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बोकारो के वर्तमान भाजपा विधायक विरंची नारायण पर तंज कसते हुए कहा की अपने 10 सालों मे विधायक जी नहीं गरीब के झोपड़ी में पानी पहुंचा, नहीं रोड बनवाया ना बिजली की व्यवस्था की, और नहीं स्वास्थ्य चिकित्सा की कोई व्यवस्था की क्या किया। सिर्फ अपने गिने चुने दलाल लोगों का ही ख्याल रखा। वही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी यशवीर सिंह से मुलाकात करने पार्टी चुनावी कार्यालय पहुंची सर्कस मैदान की महिलाओं ने कहा की कोरोना काल हो या किसी भी तरह का मुसीबत हो यशवीर सिंह हमारे लिए सदैव खड़े रहे हैं और हम अपना मतदान घड़ी चुनाव चिन्ह को ही देंगे। प्रत्याशी यशवीर सिंह ने कहा की वर्तमान समय में बोकारो विधानसभा की जनता परिवर्तन चाहती है। अगर हमें आप सभी मतदाताओं का साथ मिलता है और हम जीतते हैं तो हमारी पहली प्राथमिकता के रूप में घरेलू उद्योग लगाकर महिलाओं को स्वावलंबी बनाएंगे।

# हेमन्त सोरेन को पुनः मुख्यमंत्री बनाने के लिए मथुरा महतो को जितायें : कल्पना सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** राजगंज हाई स्कूल मैदान में टुंडी विधानसभा के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में राजगंज बी बी एम हाइ स्कूल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि राज्य को सम्मान दिलाने का कार्य करने वाले हेमंत जी को दुबारा मुख्यमंत्री बनने के लिये 20 को मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में 1 नंबर पर बटन दबाकर ज्यादा से ज्यादा मतों से विजय बनावे,कई बार पत्राचार के बाद भी झारखंड के बकाया पैसा केंद्र क्यो नही दे रहा है,भाजपा के साथ बड़े बड़े धनकुबेर खड़े है और हमारे साथ गरीब जनता खड़ी है,हेमंत सरकार ने पहली बार माँ बहनों बिटिया किसान के लिये क्रांतिकारी योजना लायी है,जिसके खिलाफ विपक्षी द्वारा दायर पी आई एल को राज्य में नलिन सोरेन ने कहाने कहा कि एकजुट होकर विरोधियों को जबाब देने की आवश्यकता है, लड़कर झारखंड लिया है,किसानों का ऋण माफी, बिजली फ्री किया,मईया सम्मान योजना के कारण विपक्षी डरा हुआ है, मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि ये विचार धारा की लड़ाई है,झारखंड के चारागाह बनाने के लिये 6 माह से पूर्व से दो दो मुख्यमंत्री झारखंड में जमे हुये है, झारखंड में भाजपा की एक नही चलने वाली है। भाजपा के पी आई एल ग्रुप को झारखंड हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। मईया सम्मान योजना का 3 माह से खटा खट 1000 रुपया मिल रहा था दिसंबर से ढाई हजार रुपया अकाउंट में आना शुरू हो जायेगा। जिसके कारण 18 से 50 के महिला खाताय लड़कर झारखंड लिया है,मौके पर जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश टुडू, मुकेश सिंह, जिला सचिव मन्नू आलम, पवन महतो, रामप्रीत प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद राजा,मदन महतो, रतिलाल टुडू, डॉक्टर डॉन अहमद, अमितेश सहाय, शकील अहमद, जीप सदस्य इजाज अहमद, मो आजाद, कंचन महतो, मनोज कुमार महतो, हातिम अंसारी, शिव प्रसाद महतो, सनातन सोरेन, इम्तियाज, अशोक महतो, दिनेश महतो, विकास महतो, बाबूनाथ महतो, तुलसी महतो, मनोज निषाद, कन्हैया निषाद,महेंद्र मल्लाह,साधु महतो, सुमित महतो, निरंजन महतो, अमरुद्दीन, अरशद, सुरेश, जवाहर, निरंजन,जगदीश सहित अन्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे। जनसभा का संचालन व अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने की।

## इंडी गठबंधन प्रत्याशी श्वेता सिंह ने माथा टेक की जीत की प्रार्थना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** विधानसभा इंडी गठबन्धन प्रत्याशी श्वेता सिंह ने मेरा बोकारो मेरा अभिमान के नारे के साथ चुनाव निमित गुरुपरब के शुभ अवसर पर चास स्थित गुरु द्वारा पहुंच कर गुरु ग्रन्थ साहेब के दरबार में माथा टेका और सभी को त्यौहार की शुभकामना दी और पूरे बोकारो परिवार के खुशहाली की कामना की इसी बीच जनसंपर्क अभियान के दौरान जनवृत 4 सफाई कर्मचारी संघ की बैठक में शामिल हुई और कहा कि आप सभी समाज में सबसे महत्वपूर्ण कार्य के वाहक है और स्वास्थ्य समाज के निर्माण में आप सभी की भूमिका अतुलनीय है आप सभी के मांगों ध्यान में रखते हुए यह आश्वाशन देती हू कि सभी का निदान किया जाएगा।इसी क्रम में राणा प्रताप नगर स्थित सूर्य मंदिर में महाआरती में शामिल हुई और कहा कि भगवान भास्कर बोकारो से कामना करते है की जनता के जीवन में सुखद प्रयास आए। सेक्टर 8 विस्थापित चौक,पिलगरिया खटाल के बाद जनवृत-8 स्थित बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात नौजवान संघर्ष मोर्चा द्वारा आयोजित आम सभा में भाग लिया।इस दौरान वहा उपस्थित क्षेत्र की सम्मानित जनता से मिलकर आगामी 20 नवंबर को बैलट नंबर 3 के सामने 'हाथ के निशान' पर बटन दबाकर कांग्रेस को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपील की। सिंह ने कहा कि पूर्व के 10 वर्षों में यहां के जनप्रतिनिधिगण शहरी निवासियों विस्थापितों और ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं को नजरअंदाज कर के चले हैं जिसके कारण यहां का विकास अधूरा रह गया है।

## धनबाद के खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरीं : बी सुधीर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मुंबई (धनबाद) :** झारखंड पिकल बॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बी सुधीर ने बताया कि मुंबई के चर्चगेट स्थित क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में 12 से 17 नवंबर तक आयोजित वर्ल्ड पिकल बॉल चैंपियनशिप में धनबाद के खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरी हैं। इस प्रतिष्ठित टूनामेंट में भारत समेत 16 देशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिसमें करीब 500 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। धनबाद से गौरव कुमार, सोनू कुमार, विश्वकर्मा चंद्रदेव प्रजापति, रंजन कुमार, और दीपक कुमार इस प्रतियोगिता में झारखंड का मान बढ़ा रहे हैं। धनबाद के खिलाड़ी रंजन कुमार उर्फ सनी कुमार मिक्स्ड डबल्स मैच में एक्ट्रेस और पूर्व क्रिकेट कमेंटेटर मंदिरा बेदी के साथ खेलते हुए खास आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। उनकी जोड़ी दर्शकों में रोमांच भर रही है और इस आयोजन में एक नया अनुभव जोड़ रही है। ऑल इंडिया पिकल बॉल एसोसिएशन ने धनबाद के गौरव कुमार को रेफरी मैनेजमेंट की जिम्मेदारी दी है, जबकि दीपक कुमार को रेफरी नियुक्त किया गया है, जो दोनों ही अपनी भूमिकाओं में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। ऑल इंडिया पिकल बॉल संगठन के प्रेसिडेंट अरविंद प्रभु ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी हैं और अपनी आकांक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि उनका सपना है कि भारत के घर-घर में हर बच्चा पिकल बॉल खेले और इस खेल के माध्यम से एक नई खेल संस्कृति का विकास हो। धनबाद के महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल और झारखंड पिकल बॉल संघ के सचिव प्रभात कुमार ,उपाध्यक्ष बी.सुधीर, नरेश कुमार,देव राज आनंद, निशान्त भास्कर, राजेश सिन्हा, बिकास सिन्हा, राजीव सिन्हा,ब्रह्म देव प्रसाद ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## धनबाद सिग्नल विभाग में ईसीआर केयू ने चलाया जनसंपर्क अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद ईस्ट सेंटर रेलवे कर्मचारी यूनियन आज सुबह 8:00 से सिग्नल एक और सिग्नल दो में अपना जनसंपर्क अभियान चलाया जिसमें उपस्थित रेल कर्मचारियों ने ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन को आने वाला मान्यता चुनाव में समर्थन देने का भरोसा दिया। उपस्थित नेतागण सिग्नल विभाग में किए हुए कार्य का विवरण दिए और कहा कि आने वाला दिन में भी आपके साथ यूनियन हमेशा खड़ा रहेगा। साथ ही साथ सिग्नल विभाग के कर्मचारी का शिकायत भी सुने और आने वाला दिन उसे शिकायत को दूर करने का भरोसा दिया। आज का इस जनसंपर्क अभियान में केंद्रीय संगठन मंत्री नेताजी सोमेन दत्ता आर के सिंह,बी के दुबे,जितेंद्र कुमार साहू, एन के खवास,आर एन विश्वकर्मा सुदर्शन महतो, प्रभाकर कुमार, मुकेश कुमार, प्रशांत बनर्जी, विमान मंडल चंद्रशेखर प्रसाद सुरेंद्र कुमार चौहान दिलीप कुमार इजहार आलम राजेश कुमार गोप अजय कुमार, राजीव कुमार सिंह, अमित, रविन्द्रवानी, राजकुमार, मिथलेश कुमार, अमित, संदीप कुमार, कालेश्वर यादव, शशि कुमार, मुकेश कुमार, बासुदेव कुमार, गौरीशंकर पाठक, इंचार्ज एस एस दास जितेंद्र कुमार, रिजवान अंसारी, अजीत कुमार, प्रदीप कुमार, उपेंद्र पासवान, इंचार्ज आर एन विश्वकर्मा, जागेश्वर यादव, एवं बहुत सारे कर्मचारी मौजूद थे।

## कार्तिक पूर्णिमा पर कोयलांचल के श्रद्धालुओं ने दामोदर में लगाई डुबकी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** कार्तिक पूर्णिमा पर शुक्रवार को कोयलांचल के श्रद्धालुओं ने दामोदर नदी में डुबकी लगाई और पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली की कामना की। लाल बंगला छठ घाट व मोहलबनी घाट पर सुबह में हजारों श्रद्धालु पहुंचे और दामोदर नदी में स्नान कर भगवान भास्कर व शिवजी को जलार्पण किया। दरिद्र नारायण के बीच चूड़ा, गुड़, वस्त्र व नकद दान दिया। मोहलबनी में दामोदर की पूजा करने के बाद श्रद्धालुओं ने मोहलबनी स्थित मां श्मशान काली व महाकाल मंदिर में पूजा-अर्चना की। कार्तिक पूर्णिमा पर श्याम भक्त मंडली ने श्रद्धालुओं के बीच खीर भोग का वितरण किया। घाट पर मेला का भी आयोजन किया गया था। लेकिन इस बार मेला कमेटी नहीं रहने के कारण विभिन्न क्षेत्रों से स्नान करने आये श्रद्धालुओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि कार्तिक पूर्णिमा को भारतीय संस्कृति में अत्यंत पुण्यकारी माना गया है। इस दिन स्नान, दीपदान और व्रत का विशेष महत्त्व है। मान्यता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से पापों का नाश होता है और परिवार में सुख-समृद्धि आती है।

# उपायुक्त ने जिलावासियों को बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड राज्य स्थापना दिवस की दी शुभकामनाएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** भगवान बिरसा मुंडा जयंती समारोह समिति द्वारा धरती आबा बिरसा मुंडा की 149वीं जयंती सह झारखंड राज्य के स्थापना की 24वीं वर्षगांठ शुक्रवार को धूमधाम से मनायी गयी। दियुरी(पहान) गंगाधर पुर्ती ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष योगो ने किया। इस दौरान पर उद्घाटन सत्र में नया मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा आदमकद प्रतिमा पर उपायुक्त विजया जाधव, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, डीटीओ वंदना शेजवलकर, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहार, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी पंकज दुबे, परियोजना पदाधिकारी मणिकांत प्रजापति सहित जिले के अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर धरती आबा को नमन किया। अतिथियों का स्वागत आसस सांस्कृतिक दल की बच्चियों द्वारा मांदर एवं नागडे की थाप पर नृत्य कर किया गया। मौके पर उपायुक्त ने जिलावासियों को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड राज्य 24वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने आगामी 20 नवंबर को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का अपील किया। स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। समिति के अध्यक्ष पुर्ति ने कहा कि बिरसा मुंडा के जीवन से हमें प्रेरणा लेकर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने आगामी चुनाव लेकर कहा कि मतदाताओं को इस लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने जरूरत है जिससे एक मजबूत लोकतंत्र बन सके। मौके पर संजु सामंता, चंदु सिंह मुंडा, रूपलाल मांझी, संजय गागाई, रामदयाल सिंह, राजीव मुंडा, चंद्रकांत पुरती, भोला मुंडा, सोनाराम गोडसोरा, संजय कुमार रजक, किशोर किस्कु, मनोज हेंब्रम, अनिल हेंब्रम आदि मौजूद थे। समापन सत्र में सांस्कृतिक दल जयपाल नगर द्वारा बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक राजन प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक यातायात विद्या शंकर, पुलिस उपाधीक्षक नगर आलोक रंजन सहित अन्य बीएसएल अधिकारियों का स्वागत हो नृत्य कर किया।

## संक्षिप्त खबरें

### विकाश महतो को जीत दिलाने के लिए विस्थापित बस्ती में चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**कतरास :** आजसू पार्टी के वार्ड चार के चुनाव प्रभारी अनिल निषाद के नेतृत्व में टुंडी विधानसभा के प्रत्यासी विकाश महतो को भारी से भारी मतों से जीत दिलाने के लिए क्षेत्र में पहाड़ी 3 न, चंदौरबांध, पीएसटी विस्थापित बस्ती में जनसंपर्क चलाया। मौके पर पप्पू निषाद, विजय मल्लाह, संदीप निषाद, इंद्र ठाकुर, डॉ चंद्रदेव प्रसाद, सुरेश मल्लाह, जोगन मल्लाह, सूरज कुमार, विकाश कुमार, छोटू कुमार, बादल कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो को मिल रहा जनता का भरपूर समर्थन



**धनबाद :** बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार शत्रुघ्न महतो ने शुक्रवार को क्षेत्र के कई जगहों पर जनसम्पर्क अभियान चलाया। उन्होंने बाघमारा प्रखंड के रघुनाथपुर पंचायत के फुलवार बस्ती, कर्मकार टोला, दास टोला, गंदलीबेड़ा और डुमरा ग्राम पंचायत में व्यापक जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और भाजपा को वोट देने की अपील की। इस दौरान शत्रुघ्न महतो ने कहा, मुझे देवतुल्य जनता जनार्दन का अपार स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। बाघमारा विधानसभा क्षेत्र की जनता ने एक बार फिर रिकॉर्ड बहुमत से भाजपा को जिताने का संकल्प लिया है। यह मेरे लिए एक बड़ी प्रेरणा है और मैं वचन देता हूं कि आपके समर्थन के साथ हम मिलकर इस क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे। उन्होंने जनसंपर्क के दौरान हर वर्ग के लोगों से संवाद किया और भाजपा की विकासात्मक नीतियों पर प्रकाश डाला। श्री महतो ने कहा, भाजपा ने हमेशा जनहित में कार्य किया है और हम आगे भी यही करते रहेंगे। हमारी योजनाएं गरीबों, किसानों और युवाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं सभी से निवेदन करता हूं कि 20 नवंबर को ईवीएम के क्रमांक संख्या 2 के सामने वाला बटन दबाकर भाजपा को समर्थन दें और बाघमारा में कमल खिलाएं। महतो के जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों ने उन्हें भरपूर समर्थन दिया और भाजपा के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। स्थानीय निवासी ने कहा कि बाघमारा की जनता इस बार भाजपा को और भी मजबूत बनाने के लिए तैयार है।

### झारखंड स्थापना दिवस पर लगाया गया रक्तदान शिविर




**बोकारो :** झारखंड के स्थापना दिवस पर सुंदरम स्टील पाइवेट लिमिटेड,बालीडीह में ब्लड सेंटर,सदर अस्पताल की मदद से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुंदरम स्टील के डायरेक्टर कुशल माणिक ने कहा कि आज का शिविर थैलेसीमिया मरीजों की मदद के लिए आयोजित किया गया था और भविष्य में भी उनकी कम्पनी शिविर आयोजित करती रहेगी। आज के शिविर में 23 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर को आयोजित करने में लाईफ सेवर,रांची के अतुल गेरा,ब्लड शेयर एन यू के संस्थापक अनुपम कुमार सौरव का विशेष योगदान रहा।ब्लड बैंक की इंचार्ज डॉ मैथिली ठाकुर ने सुंदरम स्टील को धन्यवाद देते हुए कहा कि अगर और भी प्राइवेट संस्थाएं रक्तदान के लिए अग्रसर हो जाएं तो जिले में कभी रक्त की कमी ना हो। कैम्प को सफल बनाने में प्लांट के हिमांशु कुमार,प्रभात पांडे,सदर अस्पताल के धनन्जय कुमार,मिथिलेश कुमार,संजय बाउरी आदि का योगदान रहा।

### बिजुलिया में क्रीतिका कुमारी का हुआ स्वागत



**चंदनकियारी :** विधानसभा के सियालजोरी पंचायत के सियालजोरी गाँव के नेपाल सिंह का बेटी क्रीतिका कुमारी ने गुजरात में आयोजित 68 वें स्कुल नेशनल गेम्स 10 से 20 नंवबर तक आयोजित अंडर 17 इंडियन राउंड टीम इवेंट प्रतियोगिता में झारखंड का द्वितीय स्थान प्राप्त कर चंदनकियारी सियालजोरी के साथ साथ झारखंड का नाम रोशन किया है। प्रीतिका कुमारी को रजत पदक देखकर सम्मानित किया गया है। इनकी सफलता से सियालजोरी व आसपास में जश्न व खुशी का माहौल है। गुजरात से घर वापसी के दौरान बिजुलिया बिनोद चौक पर सियालजोरी व आसपास के लोगों ने माला, गुलदस्ता देकर तथा शाल ओढाकर स्वागत व सम्मानित किया। क्रीतिका कुमारी ने बिनोद बाबु के मुर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर पंचायत के पुर्व सरपंच व झामुमो बरिष्ठ नेता नेम चांद महतो, जेएलकेएम संस्थापक सदस्य डा० मदन मोहन महतो, बेदांता इएस एल अर्चरीएकाडमी कोच बुद्धेश्वर मुर्मू, एस०बी०घोष, नेपाल सिंह, आशा देवी, मेनका देवी, सारथी देवी, नेपुरादेवी, शांति देवी, रसराज महतो, बंधु महतो, व ग्रामीण शामिल थे। लोगों ने बधाई दिया। सफलता पर क्रीतिका कुमारी ने कहा कि कोच, माता पिता तथा गुरु जनो श्रेय है। इधर सफलता पर पुर्व मुखिया सीताराम महतो, पुर्व मुखिया मनोज कुमार तिवारी, मिथलेश महतो,ने भी बधाई दीहै।

## एक नजर

### ठंड की दस्तक, तापमान में गिरावट

**चैनपुर:** चैनपुर में ठंड का मौसम शुरू हो गया है, और लोगों को इसका अहसास सुबह और शाम के समय काफी ज्यादा हो रहा है। तापमान में गिरावट के साथ-साथ मौसम भी धीरे-धीरे बदल रहा है, जिससे लोगों को ठंड का एहसास होने लगा है।
इस मौसम में, लोग अपने घरों में कंबल और गर्म कपड़े निकालने लगे हैं, और सुबह-शाम के समय में गर्म चाय और कॉफी पीने का आनंद ले रहे हैं। बच्चों को स्कूल जाने से पहले गर्म कपड़े पहनाना और उनके हाथों में गर्म दूध देना आम बात हो गई है। चैनपुर के लोग इस मौसम का आनंद लेने के लिए तैयार हो गए हैं, और वे अपने परिवार और दोस्तों के साथ गर्म और सुहावने पल बिताने की तैयारी में हैं। इस मौसम में, पिकनिक और आउटडोर गतिविधियों का आनंद लेने के लिए यह एक अच्छा समय है, और लोग इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, ठंड के मौसम में स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी जरूरी है, और लोगों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।
इस मौसम में, सर्दी-खांसी और फ्लू जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए लोगों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए और आवश्यक सावधानियां बरतनी चाहिए।
इसके अलावा, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पहले ही सर्दियों के आगमन को लेकर जो भविष्यवाणी की थी, वह अब सच साबित हो रही है। चैनपुर में ठंड का मौसम और भी ज्यादा बढ़ने की उम्मीद है, इसलिए लोगों को अपने घरों में गर्मी के प्रबंध करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

### झामुमो की पदयात्रा में शामिल हुए कुणाल सारंगी

**सिल्ली :** सिल्ली झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो का आज विशाल पदयात्रा सिल्ली प्रखंड के बुडागूंजू से निकल गया। यात्रा 12 बजे से शुरूआत हुई 7 किलोमीटर का यह पदयात्रा तुकु अंडाल नवाडीह कारेयाडीह से होकर पतराहातू तक पहुंचा इस पदयात्रा में सिल्ली के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल सारंगी कांग्रेस पार्टी के राकेश किरण महतो भी मौजूद थे पदयात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

### झारखंड स्थापना दिवस पर बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी

**मेदिनीनगर (पलामू) :** झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के द्वारा आयोजित राज्य स्थापना दिवस पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती धुम धाम से मनायी गयी। मेदिनीनगर बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रध्दांजलि दी गई। केन्द्रीय संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि हम बिरसा मुंडा के रास्ते पर चल कर ही झारखण्ड राज्य का नव निर्माण कर सकते हैं। बिकेश शुक्ला ने कहा कि राज्य को कलंकित करने वाले को भगवान बिरसा के आदर्श पर चल कर नया झारखण्ड का सपना पूरा कर सकते हैं। प्रमोद सोनी ने कहा कि हम लडाई लड कर राज्य अलग कर लिए मगर लडने वाले आन्दोलनकारी को अब तक सम्मान नहीं मिल सका। एक उलगुलान की और जरूरत है। आजसू पार्टी केन्द्रीय सचिव बिजय मेहता ने कहा कि झारखण्ड में परिवर्तन ही बिकास का रास्ता प्रशस्त करेगी। मुरारी पाण्डेय ने कहा कि आन्दोलनकारीयो को सम्मान व जेल जाने की बाध्यता समाप्त किये बिना मान सम्मान नही मिल सकती। आजसू के केन्द्रीय सचिव ईन्तयाज अहमद नजमी ने कहा कि झारखंडी जनता के चेहरे पर मुस्कान लाना अभी बाकी है।

# दस लाख गरीबों को मददकर झारखंड के आइकॉन बन चुके हैं शौकत खान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**मेदिनीनगर (पलामू) :** 15 नवंबर झारखंड स्थापना दिवस पर गरीबों का निशुल्क कपड़ा बैंक खोलकर शौकत खान ने सेवा के छेत्र में एक अनोखी पहल करके आज देश भर के लिए बन चुके हैं आइकॉन बताते चलें कि आज से दस वर्ष पूर्व समाजसेवी शौकत खान ने अपने भारतीय सेना, झारखंड पुलिस, और शहीदों के सम्मान में हर घर तिरंगा कि शुभारंभ किया था और इनकी इस पहल कि सराहना सभी लोग करते हैं जाहे आम नागरिक हो या बड़े बड़े पदाधिकारी हों या राजनीतिक के लोग सभी शौकत के राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह कि सराहना करते हैं और शौकत खान ने दस वर्षों में दो लाख से अधिक नागरिकों को तिरंगा भेंटकर इतिहास रच दिये है और आज उन्हें लोग तिरंगा वाले शौकत खान के नाम से जानते हैं इस उपलब्धि से उत्साहित होकर शौकत खान 12 नवंबर 2015 को गरीबों के लिए निशुल्क कपड़ा बैंक कि शुभारंभ किया और यहां से प्रतिदिन सैकड़ों गरीब असहाय जरूरतमंद लोगों को निशुल्क कपड़ा उपलब्ध कराने लगे इनकी ये कपड़ा बैंक कि सोच और जरुरतमंदों को हाथों हाथ राहत पहुंचाने कि जज्बा शौकत खान की अब पहचान देश दुनिया भर में होने लगी है और शौकत खान ने अब तक दस लाख से अधिक गरीबों को कपड़ा बैंक से राहत पहुंचाकर और देश भर में हजारों जगह पर निःशुल्क कपड़ा बैंक खोलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं! जिसके लिए शौकत खान को अब तक सैकड़ों अवार्ड और सम्मान प्राप्त हो चुके हैं इस सम्मान से उत्साहित होकर शौकत खान ने गरीबों के लिए तीन और निशुल्क कपड़ा की स्थापना कि जिसमें गरीबों को पेट भरने के लिए निशुल्क चावल बैंक, निशुल्क सत्तू बैंक, के साथ गरीब बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए निशुल्क पुस्तक बैंक कि स्थापना किया और और शौकत खान कि ये चारों निशुल्क बैंक दस वर्षों से लगातार प्रतिदिन संचालित होती है सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जहां जरुरतमंदों कि भारी भीड़ प्रतिदिन लगी रहती है जरुरतमंद लोग यहां खाली हाथ आते हैं और अपनी जीवन जिने के लिए राशन कपड़ा के साथ अनेक जरुरत कि चिजे झोले भर भरकर ले जाते हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि शौकत खान सभी निशुल्क बैंक झारखंड के पहले शौर्य चक्र विजेता शहीद आशिष कुमार तिवारी के सम्मान में संचालित करते हैं और सभी बैंक से लाखों लाख गरीबों को राहत पहुंचा चुके हैं इस उपलब्धि के लिए तिरंगा वाले शौकत खान को अब तक अनेक बार जिला प्रशासन गढ़वा पुलिस प्रशासन गढ़वा सीआरपीएफ 172 बटालियन गढ़वा समेत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय समेत राज्य स्तर पर ढ़ेर सारे सम्मान और अवार्ड प्राप्त हो चुके हैं जिसमें से प्रमुख हैं झारखंड राज्यपाल महोदय के हाथों आइकॉन ऑफ झारखंड सम्मान, झारखंड रत्न सम्मान, बिरसा मुंडा अवार्ड, झारखंड गौरव सम्मान, लायंस इंटरनेशनल अवॉर्ड, झारखंड विधानसभा में राष्ट्रीय अवार्ड समेत 50 से अधिक कोरोना योद्धा अवार्ड के साथ बहुत सारे अवार्ड देश भर से मिल चुकें हैं और झारखंड समेत देश भर से बहुत सारे गण्यमान्यों ने शौकत खान कि अनेक और अनोखी बैंक को देखने गढ़वा आ चुके हैं और उन्हें हौसला अफजाई कर चुके हैं-

## बिरसा मुंडा के उलगुलान और बलिदान ने उन्हें 'भगवान' बना दिया : विहिप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती समारोह विश्व हिंदू परिषद पलामू ने जिला मुख्यालय मेदनी नगर में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में आयोजित किया। विश्व हिंदू परिषद् बजरंग दल पलामू के प्रतिनिधि मंडल स्टेशन रोड स्थित बिरसा मुंडा के स्मारक पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 15 नवंबर 1875 को झारखंड के आदिवासी दम्पति सुगना और करमी के घर जन्मे बिरसा मुंडा ने साहस की स्याही से पुरुषार्थ के पृष्ठों पर शौर्य की शब्दावली रची। उन्होंने आदिवासियों को स्वच्छता का संस्कार सिखाया। शिक्षा का महत्व समझाया। सहयोग और सरोकार का रास्ता दिखाया। सामाजिक स्तर पर आदिवासी समाज में चेतना पैदा की। कार्यक्रम संयोजक रवि तिवारी ने भी भगवान बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। आज के इस आयोजन में विश्व हिंदू परिषद के पलामू जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पांडेय, समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, जिला सह मंत्री अमित तिवारी, जिला बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक सह समरसता सह प्रमुख रवि तिवारी, नगर बजरंग दल संयोजक दिलीप गिरी, प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा, वार्ड संयोजक रूपेश कुमार, धीरज कुमार, ओम प्रकाश ठाकुर इत्यादि की सहभागिता रही।

## अन्नपूर्णा देवी ने चलाया जनसंपर्क अभियान भाजपा के पक्ष मे वोट करने की अपील की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया (गिरिडीह) :** कोडरमा सांसद सह केंद्रीय महिला एंव बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को सरिया प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की । इन्होंने प्रखण्ड के चौधरीडीह, बागोडीह चौक पार्टी कार्यालय, बाघा चौक, सरिया खूर्द, शिवशक्ति धाम, केशवारी बाजारटांड़, नगरकेशवारी, परसिया, अमनारी, दुर्गीधवैया आदि जगहों पर जनसंपर्क किया । इस दौरान इन्होंने कही कि झारखंड और बगोदर का विकास भाजपा ही कर सकती है । बगोदर में 30 साल से सत्ता में काबिज बाप-बेटे के सरकार ने भय,भूख,भ्रष्टाचार और आतंक के दलदल में धकेल दिया है । भयमुक्त बगोदर बनाने और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान कर नागेन्द्र महतो को जिताएं । इस दौरान चौधरीडीह बंगाली तालाब के पास गांव के सैकड़ों महिला पुरुषो ने छठघाट व तालाब के सौंदर्यीकरण की माँग की । जिसपर केंद्रीय मंत्री ने अपनी फंड से छठघाट के निर्माण कराने का आश्वासन दिया तथा झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर तालाब की सौंदर्यीकरण का भी आश्वासन दिया। इस दौरान देवनाथ राणा, महेश मिश्रा, निर्मल भारती, प्रयाग महतो, रोहित मोदी, बिकास ठाकुर, अर्जुन विश्वशर्मा, भुवनेश्वर पासवान, दामोदर पासवान, पंसस दिनेश्वर दास, अनिल दास, गणेश, कुंदन,महेन्द्र, लखन विश्वकर्मा, बिनोद साव, बिजय साव समेत अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड के कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत सिविल गांव में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 70 गांवों से नृत्य मंडली ने भाग लिया और पारंपरिक परिधान में ढोल-नगाड़ों के साथ संस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि का संबोधन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पूजा और माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जीवन हमारे लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। जनजातीय गौरव दिवस सुदर्शन भगत ने कहा कि आज पूरा देश भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा को पहचान दिलाने का काम किया है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को धूमधाम से मनाएं। उपस्थित अतिथियों ने दी श्रद्धांजलि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुंडा समाज के जिला अध्यक्ष वासुदेव नारायण मुंडा, जिला उपाध्यक्ष संजय मुंडा, जिला सचिव गंगा मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष बीरेंद्र मुंडा, भिखारी भगत, बुधराम नायक, भोला चौधरी, कौशल केशरी, देवेन्द्र उरांव, प्रफुल्ल भगत सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विकसित झारखंड निर्माण हेतु बिरसा मुंडा के रास्ते पर चलने का लें संकल्प : रूचिर तिवारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर(पलामू):** बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती एवं झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने स्टेशन रोड स्थित बिरसा मुंडा के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया इससे पहले नारा लगाते हुए बिरसा तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे कह कर सभा को संबोधित करते हुए डाल्टनगंज भंडारिया के विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि झारखंड राज्य अलग हुए 24 वर्ष हो जाने के बाद भी धरती आबा बिरसा मुंडा के अरमानों को अभी तक पूरा नहीं किया गया झारखंड के जल जंगल जमीन पर अभी भी बड़े पूंजीपतियों कारपोरेट घरानों का कब्जा है। झारखंड के मूलवासी आदिवासी आज भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं बेरोजगारी चरम पर है भुखमरी भी है फिर भी यहां के अफसरों और नेताओं की संपत्ति दिन दोगुनी रात चौगुनी बढ़ती जा रही है यही कारण है कि आज 24 वर्ष बीत जाने के बाद भी झारखंड में गरीबी रेखा में रहने वाले सबसे अधिक लोग है यहां के भ्रष्ट नेताओं और अफसर दोनों हाथों से झारखंड के खनिज संपदा को लूट रहे हैं उनके इस लूट के खिलाफ हम सभी को एकजुट होकर पुनः उलगुलान करने की आवश्यकता है तभी झारखंड का विकास हो पाएगा और बिरसा मुंडा के अरमानों को पूरा किया जाएगा। माल्यार्पण कार्यक्रम में राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह नगर सचिव सुरेश ठाकुर, एआइएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी, सोनू मोहम्मद, सनी सिंह चेरों, नसीम राइन सहित कई लोग उपस्थित थे।

# डीडीसी व नगर आयुक्त ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदनीनगर (पलामू):** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को शहर के स्टेशन रोड स्थित धरती आबा की प्रतिमा पर जिले के उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद व मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री अहमद ने कहा कि आज का यह दिन पूरे राज्य के लिये गौरव का दिन है ।आज ही भगवान बिरसा मुंडा का जन्म हुआ था और इसी दिन से झारखंड राज्य अस्तित्व में आया था ।उन्होंने कहा कि राज्य व जिले की खुशहाली एवं सम्पूर्ण विकास के लिये सबकी सहभागिता आवश्यक है ।उन्होंने बताया कि समाहरणालय सहित अन्य भवनों पर राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विद्युत साज-सज्जा किया जायेगा ।इसी तरह नगर आयुक्त श्री हुसैन ने भगवान बिरसा मुंडा के विचारों को आत्मसात करने पर बल दिया ।इसी क्रम में सामान्य शाखा प्रभारी रश्मि रंजन,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार,एनडीसी विक्रम आनंद,समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा भी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बाल दिवस का हुआ आयोजन



**अनगड़ा:** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बाल दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। दिन की शुरूआत एक विशेष सभा से हुई। इसके बाद बच्चों के मनोरंजन के लिए कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों ने एक एनिमेटेड फिल्म का आनंद लिया। इसके बाद, वे बाहर जाकर मजेदार खेलों में शामिल हुए, जिससे उनकी टीम भावना, खुशी और शारीरिक तंदुरुस्ती को बढ़ावा मिला। छोटे बच्चों ने टम्बल टॉसर में खेलते हुए मस्ती की और संगीत की धुनों पर थिरकते हुए खुशियाँ मनाईं। समारोह का समापन प्राचार्या के प्रेरणादायक संदेश के साथ हुआ। उन्होंने बच्चों को इस विशेष अवसर पर शुभकामनाएँ दीं और उन्हें हमेशा सीखते रहने व आगे बढ़ने की प्रेरणा दी, ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। उन्होंने उन्हें अपने अंदर के बच्चे को जीवित रखने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

### संत माईकल (+ 2) स्कूल में साइंस, ऑर्ट एंड क्रॉफ्ट एग्जीबिशन का हुआ आयोजन



**मुरी/सिल्ली:** संत माईकल (+2) स्कूल, मुरी में बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय द्वारा साइंस, आर्ट एंड क्रॉफ्ट एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा प्रथम से लेकर बारहवीं तक के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुरी रेलवे स्टेशन प्रबंधक राकेश कुमार के द्वारा किया गया जो कि मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय परिसर में विद्यालय के निर्देशक राकेश कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर किया और उनकी उपस्थिति के लिए उन्हें धन्यवाद दिया । इस मौके पर सभी छात्र एवं छात्राओं ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रस्तुत किए जैसे चंद्रयान 3, वायु प्रदूषण, जेसीबी, स्मार्ट सिटी, सोलर एनर्जी, वॉटर कनर्जवेशन, वॉटर फिल्टर, धनुष मिसाईल इत्यादि । ऑर्ट एंड क्राफ्ट के द्वारा भी बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। जिसमें बच्चों ने वाटर पेंट, ग्लास पेटिंग, ऑयल पेंटिंग के द्वारा कई तरह के पेंटिंग एवं पोस्टर प्रस्तुत किए साथ ही बच्चों ने घर के पुराने वस्तुओं जैसे पुराने कागज, ग्लास, प्लास्टिक बोतल, इत्यादि को रिसाइकल कर उनसे कई तरह के उपयोगी मॉडल तैयार किए। इस मौके पर बच्चो के द्वारा प्रस्तुत किए गए मॉडल को देखने के लिए काफी संख्या में अभिभावकगण भी उपस्थित थे। साथ ही उन्होंने बच्चों के प्रतिभा को देखकर काफी सहराना की। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सी. एल. प्रजापति ने सभी विद्यार्थियों को उनके परिश्रम और प्रतिभा की सराहना कर उनको बधाई दी और साथ ही सभी शिक्षको को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### स्थानीय अधिकार के लिए हम संकल्पित : देवेंद्रनाथ महतो



**अनगडा:** राज्य में प्रथम चरण विधानसभा चुनाव की मतदान समाप्त हो चुकी है। अब सभी प्रत्याशी अपने दूसरे चरण के तैयारी में है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा भी अपने चुनावी रेस में है। आज गुरुवार को सिल्ली विधानसभा प्रत्याशी देवेंद्रनाथ महतो ने राहे प्रखंड का दौरा किया। राहे प्रखंड के बसंतपुर, बंसिया, अंबाझरिया और सतांकि पंचायत में कार्यकताओं के साथ जनसंपर्क किया। और राज्य में नए बदलाव के लिए अपने चुनाव चिन्ह कैंची में मतदान का अपील किया। महतो ने कहा कि क्षेत्र में अब मुद्रा की नहीं मुद्दे की राजनीति होगी। राज्य में स्थानीय को अधिकार सुनिश्चित करने के लिए हम चुनावी रणनीति में आए हैं। यहां के लोगों को क्षेत्रीय अधिकार के लिए हमें जनता जनार्दन की आशीर्वाद मिल रहा है। क्षेत्रीय मौलिक अधिकार को सदन में रखने का काम हम करेंगे।
बताते चलें कि कल शुक्रवार को बंता चौक सिल्ली में भगवान बिरसा मुंडा जी के माल्यार्पण के साथ अपने चुनावी दौर में निकलेंगे।

### विभिन्न दलों के कार्यकर्ता ने कांग्रेस पार्टी का थामा दामन



**अनगड़ा :** कांग्रेस पार्टी की निति सिद्धांतों से प्राभावित होकर दर्जनों लोगों ने विभिन्न पार्टी के कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया खिजरी विधानसभा के महागंठबंधन प्रत्यासी राजेश कच्छप ने पार्टी का पट्टा पहना कर सदस्यता दिलाया। विधानसभा चुनाव में काम करने का निर्देश दिया । अनगड़ा के सूपा से सूमित महतो, जीबलाल महतो, बालेश्वर महतो, सुरेश बैठा, सुखवा उरांव, विरेन्द्र महतो, दिनेश महतो, डेबरा उरांव, चूनवँ उरांव, सुकरा उरांव, पिंकी देवी, पंचसी देवी, बाजो देवी, सुनिता देवी, जयकिशोर महतो भांवर ढिपा से ज्योति प्रेमिका एक्का, राजु तिर्की, किशोर लोहरा शासन बेड़ा से अनुप मिंज, बाहा कच्छप, अनिल कुजूर, चांदी डीह से बबलु मुण्डा फूलचन्द मुण्डा शामिल हैं ।

# जनजाति समाज के लिए चलाई जा रही आर्थिक विकास की योजनाएं



प्रहलाद सबनानी

**जनजाति समाज के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को दो प्रकार से चलाया जा रहा है। कई योजनाओं का सीधा लाभ जनजाति समाज के सदस्यों को प्रदान किया जाता है। साथ ही, कुछ योजनाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों को विशेष केंद्रीय सहायता एवं अनुदान प्रदान किया जाता है और इन योजनाओं को राज्य सरकारों द्वारा क्रियान्वित किया जाता है। जैसे, जनजातीय उप-योजना के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जनजातीय विकास हेतु किए गए प्रयासों को पूरा करने के लिए विशेष केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है।**

जनजाति समाज बहुत ही कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए देश में दूर दराज इलाकों के सघन जंगलो के बीच वनों में रहता है। जनजाति समाज के सदस्य बहुत ही कठिन जीवन व्यतीत करते रहे हैं एवं देश के वनों की सुरक्षा में इस समाज का योगदान अतुलनीय रहा है। चूंकि यह समाज भारत के सुदूर इलाकों में रहता है अतः देश के आर्थिक विकास का लाभ इस समाज के सदस्यों को कम ही मिलता रहा है। इसी संदर्भ में केंद्र सरकार एवं कई राज्य सरकारों ने विशेष रूप से जनजाति समाज के लिए कई योजनाएं इस उद्देश्य से प्रारम्भ की हैं कि इस समाज के सदस्यों को राष्ट्र विकास की मुख्य धारा में शामिल किया जा सके एवं इस समाज की कठिन जीवनशैली को कुछ हद तक आसान बनाया जा सके। भारत में सम्पन्न हुई वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जनजातियों की कुल जनसंख्या 10.43 करोड़ है, जो भारत की कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत है। जनजाति समाज के सदस्यों को भारतीय राजनीति की मुख्यधारा में शामिल किए जाने के प्रयास भी किए जाते रहे हैं एवं इस समाज के कई प्रतिभाशाली सदस्य तो कई बार केंद्र सरकार के मंत्री, राज्यपाल एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के पदों तक भी पहुंचे हैं। आज भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू भी आदिवासी समाज से ही आती हैं।

केंद्र सरकार द्वारा जनजाति समाज को केंद्र में रखकर उनके लाभार्थ चलाई जा रही विभिन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से एक विशेष पोर्टल का निर्माण किया है। जिसकी लिंक है - भारत सरकार का राष्ट्रीय पोर्टल https://www.इंडिया.सरकार.भारत/ - इस लिंक को क्लिक करने के बाद 'खोजें' के बॉक्स में जनजाति समाज को दी जाने वाली सुविधाएं टाइप करने से, भारत सरकार द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं की सूची निकल आएगी एवं इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए उपयोग किए जाने वाले प्रपत्रों की सूची भी डाउनलोड की जा सकती है।

जनजाति समाज के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को दो प्रकार से चलाया जा रहा है। कई योजनाओं का सीधा लाभ जनजाति समाज के सदस्यों को प्रदान किया जाता है। साथ ही, कुछ योजनाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों को विशेष केंद्रीय सहायता एवं अनुदान प्रदान किया जाता है और इन योजनाओं को राज्य सरकारों द्वारा क्रियान्वित किया जाता है। जैसे, जनजातीय उप-योजना के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जनजातीय विकास हेतु किए गए प्रयासों को पूरा करने के लिए विशेष केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है। इस सहायता का मूल प्रयोजन पारिवारिक आय सृजन की निम्न योजनाओं जैसे कृषि, बागवानी, लघु सिंचाई, मृदा संरक्षण, पशुपालन, वन, शिक्षा, सहकारिता, मत्स्य पालन, गांव, लघु उद्योगों तथा न्यूनतम आवश्यकता संबंधी कार्यक्रमों से है। इसी प्रकार, जनजातीय विकास हेतु परियोजनाओं की लागत को पूरा करने तथा अनुसूचित क्षेत्र के प्रशासन स्तर को राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के बराबर लाने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भी अनुदान दिया जाता है। जनजातीय समाज के विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए आवासीय विद्यालय स्थापित करने हेतु भी उक्त निधियों के कुछ हिस्से का प्रयोग किया जाता है।

राज्य सरकारों को वित्त उपलब्ध कराने सम्बंधी उक्त दो योजनाओं का केवल उदाहरण के लिए वर्णन किया गया है, अन्यथा इसी प्रकार की कई योजनाएं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में जनजाति समाज के सदस्यों को सीधे ही लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से भी केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनमे मुख्य रूप से शामिल हैं - (1) आदिवासी उत्पादों और उत्पादन विपणन विकास की योजना; (2) एमएसपी योजना की मूल्य श्रृंखला के विकास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के माध्यम से लघु वनोपज के विपणन हेतु योजना; (3) आदिवासी उत्पादों या निर्माण योजना के विकास और विपणन के लिए संस्थागत सहयोग की योजना; (4) आदिवासी क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की योजना; (5) जनजातीय क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना की योजना; (6) जनजातीय अनुसंधान संस्थानों के लिए अनुदान योजना; (7) उत्कृष्ट केन्द्रों के समर्थन के लिए वित्तीय सहायता योजना जिसका लाभ जनजातीय विकास और अनुसंधान क्षेत्र में काम कर रहे विश्वविद्यालयों और संस्थानों को दिया जाता है। इस योजना का उद्देश्य विभिन्न गैर सरकारी संगठनों की संस्थागत संसाधन क्षमताओं को बढ़ाना और मजबूत बनाना है ताकि इन अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालय के विभागों द्वारा आदिवासी समुदायों पर गुणात्मक, क्रिया उन्मुख और नीति अनुसंधान का संचालन किया जा सके; (8) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसटीएफडीसी) और राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (एसटीएफडीसी) को न्यायसम्य (इक्विटी) सहायता प्रदान करने की योजना। यह योजना केन्द्र सरकार द्वारा वित्त पोषित है और आदिवासी मामले मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है; (9) आदिवासी आवासीय विद्यालयों की स्थापना सम्बंधी योजना; (10) अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए केन्द्रीय क्षेत्र की छात्रवृत्ति योजना; (11) अनुसूचित जनजाति के छात्रों की योग्यता उन्नयन संबंधी योजना; (12) अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना। उक्त समस्त योजनाओं की विस्तृत जानकारी उक्त वर्णित पोर्टल पर उपलब्ध है।

इसी प्रकार केंद्र सरकार के साथ साथ कई राज्य सरकारें भी जनजाति समाज के लाभार्थ स्वतंत्र रूप से कुछ योजनाओं का संचालन करती है। मध्यप्रदेश, भारत के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में गिना जाता है एवं मध्यप्रदेश में विविध, समृद्ध एवं गौरवशाली जनजातीय विरासत है जिसका कि मध्यप्रदेश में न केवल संरक्षण एवं संवर्धन किया जा रहा है, अपितु जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास तथा जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कई प्रकार के कार्य भी किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में भारत की कुल जनजातीय जनसंख्या की 14.64% जनसंख्या निवास करती है। भारत में 10 करोड़ 45 लाख जनजाति जनसंख्या है, वहीं मध्यप्रदेश में 01 करोड़ 53 लाख जनजाति जनसंख्या है। भारत की कुल जनसंख्या में जनजातीय जनसंख्या का प्रतिशत 8.63 है और मध्यप्रदेश में कुल जनसंख्या में जनजाति जनसंख्या का प्रतिशत 21.09 है। मध्यप्रदेश में जनजाति उपयोजना क्षेत्रफल, कुल क्षेत्रफल का 30.19% है। प्रदेश में 26 वृहद, 5 मध्यम एवं 6 लघु जनजाति विकास परियोजनाएं संचालित हैं तथा 30 माडा पॉकिट हैं। मध्यप्रदेश में कुल 52 जिलों में 21 आदिवासी जिले हैं, जिनमें 6 पूर्ण रूप से जनजाति बहुल जिले तथा 15 आंशिक जनजाति बहुल जिले हैं। मध्यप्रदेश में 89 जनजाति विकास खंड हैं। मध्यप्रदेश के 15 जिलों में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया एवं सहरिया के 11 विशेष पिछड़ी जाति समूह अभिकरण संचालित हैं।

मध्यप्रदेश सरकार जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक विकास के साथ ही उनके स्वास्थ्य एवं जनजाति बहुल क्षेत्रों के विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। (1) मध्यप्रदेश के विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल 15 जिलों में आहार अनुदान योजना संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया परिवारों की महिला मुखिया के बैंक खाते में प्रतिमाह रू. 1000 की राशि जमा की जाती रही है। (2) आकांक्षा योजना के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के 11वीं एवं 12वीं कक्षा के प्रतिभावान विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे जईई, नीट, क्लेट की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग एवं छात्रावास की सुविधा प्रदान की जाती है। (3) प्रतिभा योजना के अंतर्गत जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शासकीय शैक्षिक संस्थाओं में प्रवेश के लिए प्रोत्साहन दिया जाता है। (4) आईआईटी, एम्स, क्लेट तथा एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश पर रू. 50 हजार रुपए की राशि तथा अन्य परीक्षाओं जेईई, नीट, एनआईआईटी, एफडीडीआई, एनआईएफटी, आईएचएम के माध्यम से प्रवेश लेने पर रू. 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती रही है। (5) महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले अनुसूचित जनजाति के जो विद्यार्थी गृह नगर से बाहर अन्य शहरों में अध्ययन कर रहे हैं, उन्हें वहां आवास के लिए संभाग स्तर पर 2000 रुपए, जिला स्तर पर 1250 रुपए तथा विकास खंड एवं तहसील स्तर पर 1000 रुपए प्रतिमाह की वित्तीय सहायता, आवास सहायता योजना के



अंतर्गत प्रदान की जाती रही है। (6) इसी प्रकार की सहायता अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को विदेश स्थित उच्च शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययन के लिए भी प्रदान की जाती है।(7) अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के लिए प्रदेश के 89 जनजाति विकास खंडों में प्राथमिक शालाओं से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर की शालाएं संचालित की जा रही हैं जिनमें विद्यार्थियों को प्री-मेट्रिक तथा पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति दी जा रही है। (8) मध्यप्रदेश के अनुसूचित जनजाति के ऐसे विद्यार्थियों, जो सिविल सेवा परीक्षा में निजी संस्थाओं द्वारा कोचिंग प्राप्त कर रहे हैं, को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही अनसूचित जनजाति के प्रदेश के ऐसे विद्यार्थी, जो सिविल सेवा परीक्षा की प्राथमिक परीक्षा उत्तीर्ण करते हैं, उन्हें 40 हजार रुपए, जो मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करते हैं उन्हें 60 हजार रुपए तथा साक्षात्कार सफल होने पर 50 हजार रुपए की राशि दी जाती रही है। (9) मध्यप्रदेश में जनजातीय लोक कलाकृतियों एवं उत्पादों को लोकप्रिय करने तथा उनसे जनजाति वर्ग को लाभ दिलाए जाने के उद्देश्य से उनकी जी आई टैगिंग कराई जा रही है। प्रथम चरण में 10 जनजाति लोक कलाकृतियों एवं उत्पादों की जीआई ट्रैगिंग कराए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस प्रकार, केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा जनजाति समाज के लाभार्थ अन्य कई प्रकार की विशेष योजनाएं सफलता पूर्वक चलाई जा रही हैं ताकि जनजाति समाज की कठिन जीवन शैली को कुछ आसान बनाया जा सके एवं जनजाति समाज को देश की मुख्य धारा में शामिल किया जा सके।

## संपादकीय

### बुलडोजर पर लक्ष्मण रेखा

सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर से की जा रही कार्रवाई पर दूरदर्शी फैसला सुनाते हुए इसे असंवैधानिक बताया है, जिसका स्वागत किया जाना चाहिए। कुछ महीनों से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, झारखंड और दिल्ली में बुलडोजर न्याय के तहत आपराधिक मामलों में आरोपियों के मकानों और अन्य संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है। शीर्ष अदालत ने इस कार्रवाई पर लक्ष्मण रेखा खींच दी है। जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की बेंच ने अपने फैसले में कहा है कि किसी आरोपी का घर सिर्फ इसलिए नहीं गिराया जा सकता कि उस पर किसी अपराध का आरोप है। विद्वान जजों ने फ्रांस में प्रबुद्धता युग के राजनीतिक विचारक और न्यायविद् चार्ल्स डी मॉन्टेस्क्यू के शक्तियों के पृथक्करण सिद्धांत के तहत कहा कि आरोपों पर फैसला करना न्यायपालिका का काम है, कार्यपालिका का नहीं। जाहिर है कि भारतीय संविधान में सरकार के तीनों अंगों के कार्यों के विभाजन का प्रावधान है। न्यायाधीश और न्यायपालिका का काम पुलिस और प्रशासन के अधिकारी कैसे कर सकते हैं। उदार लोकतांत्रिक राजनीतिक व्यवस्था नागरिकों के राजनीतिक अधिकारों के साथ-साथ व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करने के उद्देश्य से राज्य की शक्तियों को सीमित करती है। यह फैसला राज्य के कार्यों को सीमित करने और कानून का शासन स्थापित करने वाला है। अदालत ने कहा है कि विधि का शासन लोकतांत्रिक शासन का मूल आधार है जो सुनिश्चित करता है कि कोई व्यक्ति जघण्य अपराध का दोषी पाया भी जाता है, तो भी राज्य कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना उसके घर पर बुलडोजर नहीं चला सकता। अदालत ने बुलडोजर कार्रवाई के संबंध में सख्त गाइडलाइंस जारी की हैं। कोई अधिकारी अदालत के निर्देशों का पालन नहीं करता है और किसी के घर पर बुलडोजर चलाता है तो उस पर अवमानना और अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी और ध्वस्त संपत्ति की लागत उसकी जेब से वसूली जाएगी। अतिक्रमण के आरोपी को नोटिस भेजने, जवाब देने का मौका आदि प्रावधान बनाए गए हैं। लेकिन अदालत ने सार्वजनिक स्थलों पर अवैध निर्माण को इन निर्देशों के दायरे से मुक्त रखा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विधि के शासन को मजबूत करने की दिशा में यह फैसला मील का पत्थर साबित होगा।

## चिंतन-मनन


### चैतन्यता जरूरी

स्मृति और विस्मृति दोनों संतुलन अपेक्षित हैं। कुछेक व्यक्तियों में विस्मृति की बड़ी मात्रा होती है। वह हमारी चेतना की स्थिति को बहुत स्पष्ट करता है। एक व्यंग्य है। दो बहनें मिलीं। एक स्त्री ने कहा, मेरा पति बहुत भुलक्कड़ है। एक दिन बाजार में गया सब्जी लाने के लिए। बाजार में घूम-घामकर घर लौटा। आते ही पूछा, अरे! मैं बाजार गया था, पर याद नहीं रहा कि मैं बाजार क्यों गया हूं? कितना भुलक्कड़!

दूसरी स्त्री बोली, अरे! बस इतना ही भुलक्कड़! मेरा पति इससे बहुत आगे है। उसके भुलक्कड़पन की बात सुनोगी तो आश्चर्यचकित रह जाओगी। एक दिन की बात है। वह मित्रों के साथ बाजार में घूम रहा था। अकस्मात ऐसा योग मिल गया कि मैं उधर से निकली। मुझे देखते ही उसने कहा, बहनजी! नमस्ते। आपको कहीं देखा है। आपकी सूरत परिचित-सी लगती है। कितनी विस्मृति!

विस्मृति एक व्यापक बीमारी है। कुछेक लोग इसके शिकार हो जाते हैं। उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जीवन में स्मृति और विस्मृति का संतुलन होना चाहिए। हम याद भी रख सकें और भूल भी सकें। याद रखना ही पर्याप्त नहीं होता, भूलना भी आवश्यक होता है। जीवन की अनेक घटनाएं ऐसी होती हैं जिनको भूल जाना ही श्रेयस्कर होता है। कुछ प्रिय घटनाएं भी भूलने योग्य होती हैं और अप्रिय घटनाएं भी भूलने योग्य होती हैं। यदि उनका भार ढोते ही जाएं तो दुख का कहीं अन्त नहीं होगा। हम आवश्यक बातों को याद रखें और अनावश्यक बातों को भूलते चले जाएं। अपने कर्तव्य की विस्मृति शिक्षा की बहुत बड़ी बाधा है।

# एक बार फिर प्रमाणित- न्यायपालिका ही प्रजातंत्र की सही संरक्षक....!



डॉ. कुंवर विजय शाह

सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले ने आज पुनः यह सिद्ध कर दिया है कि प्रजातंत्र के चार अंगों- विधायिका, कार्यपालिका, न्याय पालिका और खबर पालिका में न्याय पालिका ही प्रजातंत्र की सही संरक्षक है, कथित अवैध निमार्णों के नाम पर लोगों के घरों को 'जमींदोज' कर देने की शासकीय मनमानी पूर्ण प्रक्रिया को सर्वोच्च न्यायालय ने एकदम गैर कानूनी व गलत माना है तथा शासन-प्रशासन को सख्त निर्देश दिए है कि बिना ठोस गैरकानूनी सबूतों के ऐसी कार्यवाही कतई नही की जानी चाहिए। इस तरह आज फिर एक बार यह स्पष्ट हो गया है कि प्रजातंत्र की सही संरक्षक न्यायपालिका ही शेष बची है, प्रजातंत्र के शेष अंग विधायिका, कार्यपालिका और खबर पालिका अब अपने कर्तव्यों, मंसूबों, अधिकारों व कार्यों के प्रति ईमानदार कतई नही रहे है, इसीलिए आज आम भारतीय का विश्वास सिर्फ और सिर्फ न्यायपालिका पर ही केन्द्रित हो गया है।



प्रजातंत्र के अंगों में प्रमुख तौर पर विधायिका की भूमिका अहम् मानी जाती रही है, किंतु अब इस अंग में स्वार्थ की राजनीति इतनी अधिक हावी हो गई है कि इसने आम जनप्रतिनिधि को जनसेवा के मार्ग से बिल्कुल अलग कर दिया है, आज तो इस अंग में यह धारणा समाहित हो गई है कि किसी भी तरह के कानूनी या गैर कानूनी हथकण्डों का सहारा लेकर एक बार सांसद या विधायक बन जाओं और फिर अपने आपको अगली सात पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित रखने की क्षमता हासिल कर लो, और अब यही हो रहा है, एक बार येन-केन- प्रकारेण सांसद, विधायक चूने जाने के बाद फिर राजनेता 'जनसेवा' भूलकर 'स्वयंसेवा' में संलग्न हो जाते है और पांच साल में सत्ता की लूट के सहारे अपने भविष्य को सपरिवार 'स्वर्णिम' बना लेते है और उन्हें इस स्थान तक पहुंचाने वालों को पूरी तरह बिसरा देते है, फिर इनकी याद अगले चुनाव अर्थात् पांच साल बाद ही आती है। यह तो हुआ प्रजातंत्र के सबसे अहम् अंग विधायिका का हाल, अब यदि दूसरे अंग कार्यपालिका की बात करें तो मेरी दृष्टि में उसका नाम कार्यपालिका से बदलकर 'जी-हुजूरी पालिका' रख देना चाहिए, क्योंकि इस अंग से जुड़ सरकारी अमला अपने जनसेवा के मूल दायित्वों को त्याग कर सिर्फ और सिर्फ विधायिका के सदस्यों (राजनेताओं) व उच्च अधिकारियों की जी-हुजूरी में ही लगा रहता है, उसे न अपने मूल कर्तव्यों या दायित्वों की परवाह है न स्वयं की प्रतिष्ठा या इज्जत की। उसे सिर्फ अपने आकाओं को पटाकर रखकर अपने स्वार्थ सिद्ध करना है, इन दो अंगों के बाद तीसरा अंग न्यायपालिका है, जो सही अर्थों में अपने कर्तव्यों, दायित्वों व कानूनों का पालन कर रही है, इसीलिए अब यही अंग भरोसे के काबिल रह गया है और यह अंग अभी तक कई बार यह सिद्ध भी कर चुका है कि वह अपने दायित्वों व कर्तव्यों की पूर्ति पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कर रहा है।

अब जहां तक प्रजातंत्र के चौथे अघोषित अंग खबर पालिका की बात करें तो वह जमाना कभी का गुजर गया, जब अधिकारपूर्ण लिखे गए शब्दों का कोई वजन होता था और लिखे हुए शब्द पूरी कायनात को बदलकर रख देने का माद्दा रखते थे, अब तो प्रजातंत्र का यह अघोषित अंग भी सिर्फ और सिर्फ स्वार्थ सिद्धी और 'ब्लेकमेल' का माध्यम बनकर रह गया है, अब लोक सिर्फ अपना रसूख और आय का माध्यम बनाए रखने के लिए अपना अखबार निकालते है, इसलिए इस अंग पर से जनविश्वास पूरी तरह खत्म हो चुका है और यह जन नेताओं की 'कुठपुतली' बनकर रह गया है।

इस प्रकार कुल मिलाकर अब भारत में प्रजातंत्र का एकमात्र आधार स्तंभ न्यायपालिका ही रह गया है और इसकी न्यायिक व्यवस्था ने भारतीय प्रजातंत्र पर अपनी छाप छोड़ी है और आज सर्वोच्च न्यायालय ने फिर एक बार सिद्ध करके भी दिखा दिया है।

# प्रदूषण: जटिल होता जा रहा समाधान



रजनीश कपूर

दीपावली के आसपास दिल्ली में वायु प्रदूषण के आंकड़े बढ़ने लग जाते हैं। यह समस्या कई सालों से सुनाई देती रही है। वैज्ञानिक रिपोर्टों को हमें भूलना नहीं चाहिए। यह भी नहीं कि दिल्ली से निकलने वाले गंदे कचरे, कूड़ा-करकट को ठिकाने लगाने का पुख्ता इंतजाम अभी तक नहीं हो पाया है। सरकार यही सोचने में लगी है कि पूरा का पूरा कूड़ा कहां फिंकवाया जाए या कूड़े का निस्तारण यानी ठोस कचरा प्रबंधन कैसे किया जाए? जाहिर है कि इस गुत्थी को सुलझाए बगैर जलाए जाने लायक कूड़े को चोरी-छुपे जलाने के अलावा और क्या चारा बचता होगा? इस गैर-कानूनी हरकत से उपजे धुएं और जहरीली गैसों की मात्रा कितनी है, इसका कोई हिसाब किसी भी स्तर पर नहीं लगाया जा रहा है। इस सबके चलते आम नागरिकों को सरकार द्वारा लगाए जा रहे प्रतिबंधों से असुविधा हो रही है, और सरकार या उसकी प्रदूषण नियंत्रक एजेंसियां असल कारण तक नहीं पहुंच पा रहीं।

पिछले दिनों पड़ोसी पाकिस्तान से ऐसी खबर आई जिसने काफी चिंता बढ़ाई। पाकिस्तान के लाहौर शहर के एयर क्वालिटी इंडेक्स ने 2000 का आंकड़ा छू लिया। इसके चलते वहां के प्रशासन ने जनभलाई के लिए कई तरह के प्रतबंध लगाने शुरू कर दिए। पाकिस्तान ने बढ़ते प्रदूषण के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया। पराली जलाए जाने की समस्या हर वर्ष प्रदूषण का कारण बनती है। हर वर्ष बड़ी-बड़ी घोषणाएं की जाती हैं, लेकिन इस समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाते। इस वर्ष भी वायु प्रदूषण के आंकड़े चिंताजनक स्थिति तक पहुंच गए हैं। दिल्ली सरकार द्वारा कभी भी प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। इनमें निर्माण कार्य पर रोक लगाना, भवनों की तोड़-फोड़ पर रोक लगाना, पुराने डीजल-पेट्रोल वाहनों पर रोक लगाना और कूड़ा जलाने पर रोक लगाना आदि उपाय शामिल हैं। निर्माण कार्यों पर रोक लगाना तो समझ में आता है परंतु जिन पुराने वाहनों पर रोक लगती है, उससे सरकार को क्या हासिल होता है, यह समझ नहीं आता।

यदि आपका वाहन दस साल से अधिक पुराना है, और उसमें वैध पीयूसी सर्टिफिकेट है, तो आपका वाहन प्रदूषण के तय मानकों की सीमा में ही हुआ न यानी आपका वाहन अनियंत्रित प्रदूषण नहीं कर रहा। इसके बावजूद अपनी गाड़ियों में नियमित 'पीयूसी' जांच करवाने वालों को प्रतिबंध के चलते वाहन सड़क पर लाने की इजाजत नहीं दी जाती। क्या यह उचित है? कोई उपभोक्ता एक-एक पाई जोड़ कर अपने सपनों का वाहन खरीदता है, तो उसे रोड टैक्स, जीएसटी आदि टैक्स भी देने पड़ते हैं। इन सब टैक्सों का मतलब है कि यह सब राशि सरकार की जेब में जाएगी और घूम कर जनता के विकास के लिए इस्तेमाल की जाएगी परंतु रोड टैक्स के नाम पर ली जाने वाली मोटी रकम क्या वास्तव में जनता पर खर्च होती है? क्या हमें अपनी महंगी गाड़ियों को चलाने के लिए साफ-सुथरी और बेहतरीन सड़कें मिलती हैं? क्या टूटी-फूटी सड़कों की समय से मरम्मत होती है? अधिकतर सवालों के जवाब आपको न में ही मिलेंगे। टूटी-फूटी सड़कों पर वाहन अवरोधों के साथ चलने पर मजबूर होते हैं, नतीजा होता है जगह-जगह ट्रैफिक जाम। जाम में खड़े रह कर आप न सिर्फ समय जाया करते हैं, बल्कि महंगा ईंधन भी जाया करते हैं। देर तक जाम लगा रहेगा, वाहन बंपर-टू-बंपर चलेगा तो बढ़ते प्रदूषण की आग में घी का काम करेगा। ऐसे में जिन वाहनों को पुराना समझ कर प्रतिबंधित किया जाता है, उनसे कहीं जयादा मात्रा में नये वाहनों द्वारा प्रदूषण होता है। इसलिए लोक निर्माण विभाग या अन्य एजेंसियों की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि सड़कों को दुरुस्त रखें ताकि प्रदूषण को बढ़ावा न मिले।

सरकार द्वारा वाहनों के प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित रखने की दृष्टि से कई नियम लागू किए गए हैं। इनमें से अहम है दस साल पुराने डीजल और पंद्रह वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों को महानगरों की सड़कों पर चलने की अनुमति न देना। इसके साथ ही जिन-जिन वाहनों को चलने की अनुमति है, उन सभी में वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र यानी 'पीयूसी' होना अनिवार्य है। सीधा मतलब यह कि आपके वाहन में वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र है तो आपका वाहन तय मानकों से अधिक प्रदूषण नहीं कर रहा है, और तभी



आपके वाहन को सड़क पर आने की अनुमति है। हर वर्ष नवम्बर के महीने में दिल्ली सरकार अपने आदेश के तहत बिना पीयूसी चलने वाले वाहनों पर 10,000 रुपये का मोटा जुमार्ना लगाने के आदेश जारी कर देती है। इसका पालन भी सख्ती से होता दिखाई देता है। पर्यावरण विशेषज्ञ, नेता और संबंधित सरकारी विभागों के अफसर इस बार भी इस समस्या को लेकर सिर खपा रहे हैं। उन्होंने सोच-विचार का नतीजा बताया है कि फसल कटने के बाद जो ठूंठ बचते हैं, उन्हें खेत में जलाए जाने के कारण यह धुआं बना है जो एनसीआर के ऊपर छा गया है। लेकिन सवाल उठता है कि यह तो हर साल ही होता है तो नये जवाबों की तलाश क्यों हो रही है? सरकार को प्रदूषण की समस्या से छुटकारा पाना है तो उसे असल कारणों पर वार करना होगा।

# जेएमएम का मतलब होता है झारखंड मिटाओ मोर्चा : शिवराज सिंह चौहान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड :** शुक्रवार को लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हिरणपुर के जबरदाहा फुटबॉल मैदान में आयोजित जनसभा के दौरान केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में लिट्टीपाड़ा विधानसभा के वर्तमान विधायक दिनेश मरांडी भाजपा में शामिल हो गए। साथ ही उन्होंने आगामी चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बाबुधन मुर्मू जी को समर्थन देने का ऐलान भी किया। जनसभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि JMM का मतलब होता है झारखंड मिटाओ मोर्चा, खटट और कांग्रेस की




सरकार में कोइ काम बिना पैसे दिए नहीं होता है और इस सरकार में हमारी बहन-बेटियाँ भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने दिनेश मरांडी का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी उनका पूरा सम्मान किया जाएगा। साथ ही उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें नमन किया और बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वी जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव वर्ष मनाने की घोषणा की है, यह सभी आदिवासी भाई-बहनों के लिए गौरव का विषय है। सभा के दौरान भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे, साथ ही आमलोगों की विशाल भीड़ द्वारा सहभागिता सुनिश्चित की गई।

## एक नजर

### 19 महिलाओं का हुआ बंध्याकरण ऑपरेशन

**बरहरवा/साहिबगंज:** जनसंख्या नियंत्रण को लेकर बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र की 19 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। डॉ हेमंत मुर्मू और डॉ अनीता सिंह ने सफलतापूर्वक महिलाओं का बंध्याकरण आपरेशन किया ।बंध्याकरण ऑपरेशन को लेकर डॉ हेमंत मुर्मू ने बताया बंध्याकरण करने वाली महिलाओं को निशुल्क दवा के साथ साथ प्रसाद राशि भी दी जाएगी। ऑपरेशन को सफल बनाने में सभी एएनएम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने सहयोग किया। गौरतब है कि इस माह अब तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा में कई महिलाओं का सफल बंध्याकरण आपरेशन किया जा चुका है।

### धूमधाम के साथ मनाई गई 150वीं बिरसा जयंती

**बहरागोड़ा:** शुक्रवार को बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र स्थित नेताजी शिशु उद्यान परिसर में बहरागोड़ा सरना समिति के अध्यक्ष और भारत मुंडा समाज के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण मुंडा द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शिशु उद्यान में स्थित भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति तथा अन्य महापुरुषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। कृष्ण मुंडा ने इस मौके पर बिरसा मुंडा की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही, खंडामौदा गांव में बिरसा समिति द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया. इस कार्यक्रम में खंडामौदा पंचायत के मुखिया पंचानन मुंडा, सेवानिवृत्त शिक्षक कार्तिक चंद्र मुंडा, ईश्वर चंद्र मुंडा, शिक्षक भूतनाथ मुंडा ने बारी-बारी से माल्यार्पण किया और धूप-दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा, बहरागोड़ा प्रखंड सभागार में भी प्रखंड विकास पदाधिकारी केशव भारती तथा प्रखंड और अंचल के कर्मचारियों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पंचायत भवनों में भी बिरसा जयंती धूमधाम से मनाई गई

**सरायकेला** : धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर भाजपाइयों ने झारखंड गौरव दिवस मनाया। शुक्रवार को आदित्यपुर के इमली चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर भाजपा आदित्यपुर मंडल अध्यक्ष देवेश महापात्र की अध्यक्षता में माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय सरदार, आदित्यपुर मंडल उपाध्यक्ष संजीव सिंह, गणेश कालिंदी, निवर्तमान पार्षद बरजो राम हांसदा, रंजन सिंह, और आदित्यपुर मंडल के पदाधिकारी पवन महतो, अमन प्रसाद, महाजन साव आदि भी उपस्थित थे।

### झारखंड स्थापना दिवस पर भगवान बिरसा को दी गई श्रद्धांजलि

**सरायकेला** : सरायकेला में राज्य के स्थापना दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी गई और उन्हें नमन किया गया। समाहरणालय स्थित भगवान बिरसा मुंडा के आदमकद स्टैच्यू और बिरसा चौक, सरायकेला स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर अपर उपायुक्त, सरायकेला-खरसावां जयवर्धन कुमार द्वारा माल्यार्पण कर जिलेवासियों को शुभकामनाएं दी गई। आकाशवाणी जमशेदपुर में भी याद किए गए बिरसा मुंडा इधर आदित्यपुर में भी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। कांग्रेस नेता खिरोद सरदार और दिवाकर झा ने एनआईटी गेट स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें देश की स्वतंत्रता संग्राम का नायक बताया।

## मंईयां के विरोधियों को लगा करारा तमाचा : कल्पना सोरेन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** जरमुंडी में बादल पत्रलेख के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने भाजपा को करारा जवाब दिया। कल्पना सोरेन ने कहा कि मंईयां सम्मान का विरोध करने वालों को न्यायालय द्वारा करारा जवाब दिया गया है। भाजपा के पीआईएल गैंग को जोरदार तमाचा पड़ा है। 20 वर्ष तक भाजपा के लोगों ने झारखंड में शासन किया, लेकिन किसी ने भी यहां की महिलाओं, बहनों और बेटियों के लिए सशक्तिकरण के लिए कोई योजना नहीं बनाई, जिसके तहत उन्हें ताकत मिल। हम महिलाओं के लिए कई योजना लेकर आए हैं। किशोरियों की शिक्षा के लिए योजना, ताकि उनकी शिक्षा में बाधा नहीं हो, झारखंड में यह पहली बार है फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, पहली बार महिला सम्मान योजना। जिसके तहत माता बहन को प्रति माह एक हजार रुपए की सम्मान राशि। अब तक चार किस्त 55 लाख माता बहन को दिया जा चुका है। दिसंबर माह से 2500 रुपए प्रतिमाह जाने वाला है। कल्पना सोरेन ने कहा कि मंईयां ने ताकत दिखाकर अपना आशीर्वाद झारखंड को दे रही हैं, उम्मीद है सभी मंईयां जरमुंडी के अपने बेटे को आशीर्वाद देंगी, ताकि जरमुंडी के विकास को आगे बढ़ाया जा सके।

## कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम ने चुनाव को लेकर किया जनसंपर्क

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** शुक्रवार को पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन के प्रत्याशी निशात आलम ने बरहरवा प्रखंड के गोरा, चांदपुर, कुसमी, श्याम पोखर, मुगल पाड़ा तथा महाराजपुर समेत दर्जनों गांव का दौरा कर जनता से वोट देने का अपील किया। महागठबंधन की सरकार के द्वारा विकास कार्यों को आम जनता के सामने रखकर बताया कि महागठबंधन की सरकार आप लोगों के बीच काम के बल पर समर्थन मांगने आई है। हमारी सरकार ने फूलों झानू योजना, मईया सम्मान योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, बिजली बिल की माफी, किसानो की ऋण माफी, महिला पुरुषों को वृद्धा पेंशन योजना, उपलब्ध कराने के लिए उम्र सीमा में की गई कटौती समेत अनेकों विकास कार्य किया है। यहां तक कि पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने



पाकुड़ विधानसभा की जनता के लिए छोटे बड़े पुल पुलिया से लेकर लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए जो कार्य किया है उसे पाकुड़ की जनता कभी भुला नहीं पाएगी। इसलिए मैं आप लोगों से अपील करती हुँ कि महागठबंधन की सरकार को मौका देने के लिए मुझे भारी से भारी मतों से विजय बनाए। मैं निश्चित रूप से अपने आप को आपके सेवा मे न्योछावर कर दूंगी। इसके अलावा उन्होंने आम जनता को आगाह करते हुए बताया कि आप लोग किसी के बहकावे में ना आए एकजुट होकर मौका दें। यहां यह बता दे कि पिछले तीन-चार दिन के दौरान निशात आलम ने विभिन्न गांव का दौरा कर आम जनता से उनके पक्ष में वोट देने का अपील किया। इस दौरान अशोक दास, निहाल अख्तर, अंजुमन आर, नतायी सरकार, आनंद लाल भगत के अलावे उनके समर्थक गण उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर भाजपा जिला अध्यक्ष सहित कई भाजपा नेताओं ने किया माल्यार्पण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू):** धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर स्टेशन रोड बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी सहित कई भाजपा नेताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वीर बिरसा मुंडा की मूर्ति पर पुष्प चढ़ाकर भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज राज्य के स्थापना दिवस के साथ-साथ भगवान बिरसा मुंडा की जयंती भी है। वीर बिरसा मुंडा ने जिस उद्देश्य के साथ अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा खोला। अपने जल, जंगल व जमीन को बचाने के लिए हम उनसे प्रेरणा लेकर झारखंड को बचाने और आगे लेकर जाने के लिए एक शपथ लेना चाहिए कि मैं जो भी करुंगा झारखंड के विकास के लिए करुंगा, तभी राज्य का स्थापना दिवस सफल होगा। वीर बिरसा मुंडा को नमन करने पहुंचे जिला महामंत्री ज्योति पांडे ने कहा कि वीर बिरसा मुंडा के जन्मदिन और झारखंड स्थापना दिवस पर भारत सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व फैसला लिया है कि इसे जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जाए। यह देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। जनजाति समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। इस दिवस रूप को समस्त जनजाति समाज मनाएं। जनजाति समाज का जो गौरवमय इतिहास है, उसे हम आत्मसम्मान और स्वाभिमान के साथ मनाएं। देश में जनजाति समाज के लोग बहुत बड़ी संख्या में अपनी आहुति दी है, बलिदान हुए हैं।

## कार्तिक पूर्णिमा पर खरकई नदी व तालाब में लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर श्रद्धालुओं ने खरकई नदी व तालाबों में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद भगवान सूर्य देव की आराधना की और दान भी किया।

**सुबह से ही नदी तटों पर जुटी श्रद्धालुओं की भीड़**

आदित्यपुर तथा इसके आस-पास के क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा उत्सव को लेकर तड़के सुबह से ही नदी तटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। काफी संख्या में श्रद्धालु सूर्योदय से पूर्व आदित्यपुर के विभिन्न स्थानों पर खरकई नदी में डुबकी लगाकर पवित्र स्नान करते दिख। उसके बाद पारंपरिक पूजा अर्चना के कार्यक्रम में लोग शामिल हुए। वैसे तो पूरे कार्तिक माह को ही पवित्र माना जाता है। पर कार्तिक पूर्णिमा का अपने आप में अलग महत्व है।

**ओड़िया समाज में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व**

बता दें कि ओड़िया समाज में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन समाज के लोग बोइता वांदना मानते है। कार्तिक पूर्णिमा उत्सव को ओड़िया भाषा-भाषियों के द्वारा पोंचको पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस दिन ओड़िया भाषा-भाषी महिला श्रद्धालुओं द्वारा केला के थंब को नाव का स्वरुप प्रदान किया जाता है तथा उसमें दीपक रखकर नदी में प्रवाहित किया जाता है। इससे पूर्व उनके द्वारा पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना भी की जाती है। ओड़िया समाज के लोग कार्तिक पूर्णिमा के आठवें दिन 23 नवंबर को प्रथमाष्टमी मनाएंगे। इस दिन परिवार के सबसे बड़े ज्येष्ठ पुत्र के जीवन व समृद्धि के लिए प्रार्थना की जाती है।

# आजादी के 75 साल बाद भी सड़क तथा अन्य बुनियादी सुविधा से वंचित है आदिम जनजाति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहेट :** प्रखंड क्षेत्र के शहीद ग्राम भोगनाडीह पंचायत के सुदूरवर्ती क्षेत्र के कुछ पहाड़िया गांव सड़क जैसी समस्या से अब भी जूझ रहा है। सड़क नहीं रहने के कारण बाकी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित रहने को विवश हैं। भोगनाडीह पंचायत अंतर्गत मास्केपु, गोराकेपु , निर्भिट्टा, दानी नाटरे, चुकली माको, चूकली बेडो, पकड़ी गांव तक सड़क नही पहुंचने के कारण उक्त गांव के ग्रामीण रोष में है। उक्त सभी गांवों से पक्की सड़क तक पहुंचने के लिए लगभग 4-6 किमी॰ तक खतरनाक ढलान रास्ते से पैदल सफर तय कर पहुंचना पड़ता है, जहां पैदल चलना इतना मुश्किल है कि जरा सी चूक



से बड़ी दुर्घटना का सामना करना पड़ता है। वहीं उक्त गांव के ग्रामीणों से बात करने पर बताया कि इस बार रोड नही तो वोट नहीं। सड़क के दुर्दशा के कारण यहां तक कोई नेता भी वोट मांगने नही आता है, हमलोग अपने मन से मताधिकार का प्रयोग करते हैं। जब तक सड़क नही बनेगा तब तक कोई पदाधिकारी या जन प्रतिनिधि ना यहां पहुंचेंगे ना ही हमारी विकास होगा और नही मूलभूत सुविधा पूर्ण करेगा। जबकि इस संबंध में उपायुक्त साहिबगंज के पास पूर्व में सभी गांव के लोग लिखित आवेदन देकर सड़क का मांग किया था और अपनी समस्या से अवगत भी कराया था, परंतु इसका अब तक कोई पहल नही हुआ।

**क्या कहते हैं ग्रामीण**

इस संबंध में जेम्स मालतो बताते हैं कि सड़क नही रहने के कारण सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से वंचित हैं, और प्राचीन काल में जी रहे हैं इसका प्रमुख कारण सिर्फ सड़क है। क्योंकि सड़क नही रहने के कारण पीएम आवास, बिरसा आवास, और वर्तमान में क्षेत्र के सभी पहाड़िया समुदाय के लिए विशेष योजना जन मन आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि पक्का मकान बनाने के लिए मैटेरियल पहुंचाने के लिए कोई गाड़ी यहां तक नहीं पहुंच सकता है। जिस कारण पूरा गांव में एक भी पक्का मकान नही है ।वहीं अब्राहम मालतो बताते हैं कि सड़क नही रहने के कारण हमलोग को सभी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता है। अगर पक्की सड़क बन जाती है तो शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल आदि की सारी सुविधा मिल सकती है। इस संबंध में पौलूस मालतो बताते हैं कि हमलोग अपना जीवन लगभग गरीबी और सुविधा के अभाव पर जी चुके हैं, बाकी हमारे आने वाले पीढ़ी का चिंता हो रहा है। दुनिया कहां से कहां पहुंच गई लेकिन हमलोग शिक्षा, स्वास्थ्य, सहित अन्य सुविधा के लिए तरस रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला क्रिकेट अंडर-16 टूर्नामेंट में माही स्पोर्ट्स ब्लू ने 212 रनों से दर्ज की जीत



**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिद्धू-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 क्रिकेट लीग टूनार्मेंट के तहत शुक्रवार को माही स्पोट्र्स रेड बनाम माही स्पोट्र्स ब्लू के बीच मैच खेला गया। माही स्पोटर्स रेड ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए माही स्पोट्र्स ब्लू की टीम ने 25 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 340 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। मयंक राज ने 80, हजरत शेख ने नाबाद 107 व मो फैजान ने 50 व प्रिंस राज ने 18 रनों की पारी खेली। माही स्पोट्र्स रेड के कुमार गौरव, छोटू अंसारी व आर्यन राज ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी माही स्पोट्र्स रेड की टीम 19.3 ओवर में 128 रन बना कर ऑल आउट हो गई। सौरभ कुमार ने 16, रितिक कुमार ने 15 व अंश राज ने 12 रनों की पारी खेली। माही स्पोट्र्स ब्लू के गेंदबाज हजरत शेख ने 3, मनीष व मयंक ने 2-2 जबकि सोनू व आनंद ने 1-1 विकेट लिया। माही स्पोट्र्स ब्लू ने 212 रनों से जीत हासिल की। माही स्पोट्र्स ब्लू के खिलाड़ी हजरत शेख को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि पूर्व क्रिकेटर पवन राम ने हजरत शेख को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा, स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, मो जुनैद व आदित्य सहित अन्य मौजूद थे।

### जेएमएम प्रत्याशी ने घर-घर जाकर चलाया जनसंपर्क अभियान



**साहिबगंज:** राजमहल विधानसभा आम चुनाव 2024 से इंडिया महागठबंधन पार्टी के लोकप्रिय उम्मीदवार मोहम्मद ताजुद्दीन राजा उर्फ एम टी राजा उधवा प्रखंड के पंचायत-पश्चिम प्राणपुर और दक्षिण पलाशगाछी के अंतर्गत आने वाले खासमहल गोलढाब चुवार (टापू) बाजार स्थित इंडिया महागठबंधन पार्टी ऑफिस पहुँच कर लोगो से खास मुलाकात किए। साथ ही अपने बातो को रखा और सभी लोगो से अपील किए कि आने वाले 20 नवम्बर दिन-बुधवार को बैलेट पेपर के क्रम संख्या - 02 यानि तीर धनुष (कमान) छाप पर आप सभी को बटन दबा कर भारी मतों से मुझे जित मिले एवं आप सभी जनता के आशीर्वाद से मुझे एक बार मौका मिले। अंत में गाँव जाकर घर टू घर जाकर सब से मिले वोट देने का आग्रह किए और वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने कि अपील किए। मौके पर समाजसेवी, ग्रामीण, और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सामान्य प्रेक्षक ने विभिन्न बूथों, कोषांग एवं प्रशिक्षण स्थल का किया निरीक्षण



**साहिबगंज:** विधानसभा आम चुनाव 2024 निष्पक्ष, निर्भिक एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से 02-बोरियो विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक गौतम सिंह के द्वारा बोरियो विधानसभा अंतर्गत बूथ संख्या 71 माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाईन, बूथ संख्या 88 माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन, बूथ संख्या 89 माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन, बूथ संख्या 83 कॉपरेटिव बैंक साहेबगंज, 84 कॉपरेटिव बैंक साहेबगंज एवं 85 ओल्ड डिस्ट्रिक्ट पब्लिक रिलेशन ऑफिस सीओ ऑपरेटिव बैंक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में बुनियादी सुविधाओं जैसे पानी, शौचालय, दिव्यांग के लिए रैंप, बिजली इत्यादि की जानकारी ली गयी। प्रेक्षक के द्वारा सामग्री कोषांग का भी निरीक्षण किया गया एवं साहिबगंज महाविद्यालय में चल रहे पी 0, पी 1, पी 2, पी 3 मतदान कर्मियों के ट्रेनिंग में भी भाग लिया गया।

### कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लोगों ने नदी स्नान कर किया दान

**चाईबासा** : कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर शुक्रवार को चक्रधरपुर के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के नदी तालाबों में लोगों ने श्रद्धा की डुबकी लगाकर दान-पुण्य किया। सामाजिक संगठनों ने श्रद्धालुओं के लिए नाश्ता, चाय, पानी, भोजन की व्यवस्था की पुरानी बस्ती स्थित छठ नदी घाट के बाहर लोगों के बीच भोजन वितरण करते सामाजिक संगठन से जुड़े लोग।

इस अवसर पर चक्रधरपुर के पुरानी बस्ती सीढ़ी नदी छठ घाट, थाना नदी मुक्तिनाथ महादेव घाट में बड़ी संख्या में महिला-पुरूषों ने नदी स्नान किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने परंपरा के अनुसार पूजा अर्चना व दान-पुण्य किया। यहां शहर के कई सामाजिक संगठनों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए नाश्ता, चाय, पानी, भोजन की भी व्यवस्था करायी गई थी। इसके अलावे बलिया घाट, बोड़दा पुल, पंप रोड, दंदासाई वार्ड संख्या पांच स्थित नदी समेत शहर के अन्य नदी घाटों पर महिला-पुरुषों ने नदी स्नान किया। पुरानी बस्ती स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर समेत अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। केले के तने से बने नाव में दीया रखकर नदी में प्रवाहित किया वहीं ओड़िया समाज के लोगों ने कार्तिक पूर्णिमा पर परंपरा के अनुसार नदी में केले के पेड़ से बने नाव में पान, सुपारी, पैसे, अगरबत्ती और दीया रखकर जल में प्रवाहित किया। पुरानीबस्ती की युवतियों ने घरों के आगे आकर्षक रंगोली बनाइ। इस मौके पर मुख्य रूप से माता पाउड़ी मंदिर समिति, झुमका मोहल्ला छठ पूजा समिति समेत अन्य संगठनों ने छठ नदी घाट व रास्ते में कई जगहों पर स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं को नाश्ता प्रदान किया।

# कॉमकास्ट की यूनिवर्सल स्टूडियोज़ एक्सेल एंटरटेनमेंट में हिस्सेदारी खरीदेगी

**- यूनिवर्सल स्टूडियोज़ ने भारत की एक्सेल इंटरटेनमेंट में हिस्सेदारी खरीदने चल रही बातचीत**

**नई दिल्ली ।**

हाल ही में अमेरिकी मीडिया कंपनी कॉमकास्ट कार्प की यूनिवर्सल स्टूडियोज ने भारत की प्रमुख फिल्म प्रोडक्शन कंपनी एक्सेल इंटरटेनमेंट में हिस्सेदारी खरीदने की बातचीत शुरू की है। इस डील के अनुसार यूनिवर्सल स्टूडियोज़ एक्सेल इंटरनेटमेंट में 50 प्रतिशत तक हिस्सेदारी ले सकता है। सूत्रों के मुताबिक, नयी पूंजी के निवेश के साथ यह सौदे हो सकता है। कंपनी ने इस पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। यह करार उस समय हो रहा है जब फिल्म उद्योग में पूंजी निवेश की मांग बढ़ रही है। हाल ही में आदर पूनावाला की सेरेपे प्रोडक्शन ने करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन में 1,000 करोड़ रुपये का निवेश कर 50 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है, जिससे फिल्म प्रोडक्शन कंपनियों में निवेश की बढ़ती आवश्यकता पर चर्चा तेज हो गई है। प्राइवेट इक्विटी विशेषज्ञों के अनुसार कई प्रोडक्शन हाउस अब बड़े बजट की फिल्मों के निर्माण के लिए फंडिंग की तलाश कर रहे हैं ताकि वे अपने कारोबार को बढ़ा सकें। एक्सेल जिसे फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने 1999 में स्थापित किया था, वित्त वर्ष 2023 में 44 करोड़ रुपये का राजस्व गँवाता है। हालांकि यह कंपनी कुछ अन्य प्रमुख निर्माताओं जैसे धर्मा, यश राज और टीसी रिज के मुकाबले छोटी है, लेकिन प्रसिद्ध फिल्म ` दिल चाहता है से इंडस्ट्री में महत्वपूर्ण पहचान बना लिया। इसके बाद एक्सेल ने एमेजान वी डिया और एमेजान एमजीएम स्टू डियो के साथ साझेदारी की है, जिससे वह डॉन 3, ग्राउंड जीरो, अग्नि और युध्रा जैसी फिल्मों को रिलीज़ करेगी। रिपोर्ट्स के अनुसार यह समझौता भारत में यूनिवर्सल की उपस्थिति को मजबूत करने में मदद कर सकता है, जबकि एक्सेल इंटरटेनमेंट को नए अवसर मिल सकते हैं।

# अमेरिकी खर्च कटौती का सुझाव बाजार के लिए बुरा

**- ट्रंप 2.0 सरकार में मस्क की 2 लाख करोड़ डॉलर तक की खर्च कटौती से डॉलर मजबूत होगा**

**वाशिंगटन ।**

जेफरीज में इक्विटी रणनीति के वैश्विक प्रमुख क्रिस्टोफर वुड ने एक टेलीविजन इंटरव्यू में कहा कि डॉनल्ड ट्रंप 2.0 सरकार में एलन मस्क की 2 लाख करोड़ डॉलर तक की खर्च कटौती की योजना से अमेरिकी डॉलर मजबूत होगा लेकिन यह शेयर बाजारों के लिए नकारात्मक होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय शेयरों, खासकर मिडकैप और स्मॉलकैप में गिरावट अच्छी है और उन्होंने इसे बड़ी तेजी के बाद 'स्वाभाविक गिरावट' करार दिया है। अमेरिकी ट्रेजरी के आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिकी सरकार ने वित्त वर्ष 2024 में (अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024) 6.75 लाख करोड़ डॉलर खर्च किए थे। प्रतिशत में बात की जाए तो 2 लाख करोड़ डॉलर की कटौती से अमेरिका सरकार का सालाना खर्च 32 प्रतिशत घट जाएगा।

टेस्ला के मुख्य कार्याधिकारी मस्क को नए अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिसिएंशी का सह-प्रमुख नियुक्त किया है। वुड ने कहा कि जब तक मस्क अमेरिकी प्रशासन में बदलाव नहीं लाते और 2 लाख करोड़ डॉलर की कटौती करने में सक्षम नहीं हो जाते, तब तक ट्रेजरी बॉन्ड बाजार में बिकवाली बनी रहेगी। इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मंदी-महंगाई का झटका लगेगा और निवेशक दूसरी जगहों का रुख कर सकते हैं। अगर ट्रंप वाकई ऐसी नीति के हिमायती हैं तो इसका मतलब होगा कि अधिकारों में कटौती करना। उनका अनुमान है कि अमेरिकी डॉलर की मजबूती केवल अल्पावधि में ही रहेगी - जनवरी 2025 में डॉनल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण तक।

वुड का मानना है कि हालांकि शेयर बाजार के नजरिये से बढ़ते बॉन्ड प्रतिफल से ज्यादा खतरा पैदा हुआ है, जिसे बाजार लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं कर पाएगा।

सितंबर 2024 के मध्य के 3.6 प्रतिशत के स्तर से अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल अब बढ़कर 4.46 प्रतिशत हो गया है जो इस अवधि के दौरान लगभग 28 प्रतिशत की वृद्धि है। वुड के अनुसार इक्विटी के लिए जोखिम यह है कि एक समय ऐसा होगा जब शेयर बाजार बढ़ते बांड प्रतिफल को नजरअंदाज नहीं कर पाएगा।

# अक्टूबर महीने में वस्तुओं का निर्यात दो अंक में सर्वोच्च स्तर पर

**निर्यात में पिछले 28 महीनों में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई**

**नई दिल्ली ।**

भारतीय निर्यातकों के लिए खुशखबरी की घोषणा देश के व्यापारिक मंत्रालय ने की है। अक्टूबर महीने में वस्तुओं का निर्यात दो अंक में सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा है, जो पिछले 28 महीनों में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अनुसार, अक्टूबर में निर्यात 17.3 प्रतिशत बढ़कर 39.2 अरब डॉलर रहा है। व्यापार विभाग के अनुसार पश्चिमी देशों से मांग बढ़ने के चलते इस महीने निर्यात में वृद्धि देखने को मिली है। गैर-पेट्रोलियम, गैर-रत्न, और आभूषण समेत अन्य क्षेत्रों में वस्तुओं का निर्यात विशेष रूप से उछाल दिखा रहा है। अक्टूबर में समृद्धि की प्रमाणिक को मानते हुए, निर्यात 27.7 प्रतिशत बढ़कर 31.36 अरब डॉलर रहा है। इंजीनियरिंग उत्पादों, इलेक्ट्रॉनिक्स, रेडीमेड परिधान, और चावल में मांग बढ़ने से यह वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, ` विगत दौरान आयात भी 3.9 प्रतिशत बढ़कर 66.34 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जिससे अक्टूबर माह में व्यापार घाटा 27.1 अरब डॉलर रहा है। व्यापार सचिव ने कहा कि हमें यह गर्व है कि निर्यात की दिशा में हमारे कदम साबित हो रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में इस उत्थान का भविष्य तेल और धातुओं की कीमतों में अस्थिरता के बावजूद भविष्य स्वार्थपरक दिख रहा है। इसी संदर्भ में वाणिज्य सचिव ने कहा कि इस साल निर्यात का प्रदर्शन बेहतर हो सकता है और वित्त वर्ष 2025 में निर्यात 800 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। फिरो के अध्यक्ष ने कहा` कि व्यापारिक संबंधों में सुधार के लिए यह उत्साहजनक चरण है। इसके साथ ही सेवाओं का निर्यात भी बढ़कर 21.3 प्रतिशत रहा है जिसके कारण आयात 26.3 प्रतिशत बढ़कर 17 अरब डॉलर रहा है। इससे सेवाओं के व्यापार मामले में कुल 17 अरब डॉलर का अधिशेष लगा है। इन्हीं संकेतों के पर्दाफाश के साथ भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आंकड़े जारी किए जाएंगे और इसके बाद संशोधित किए जाएंगे। सार्वजनिक परिवहन और यातायात, आभूषण, ज्वेलरी, और पर्यटन सेवाओं में वृद्धि के साथ, निर्यात में इस राजाओं से संतुलनित कदम साबित हो रहे हैं। इस बढ़ती वृद्धि के साथ, भारतीय निर्यातकों को एक सकारात्मक संकेत मिल रहा है कि उनका प्रदर्शन मुख्य नए उचाईयों की ओर बढ़ रहा है।

# टेस्ला और रिवियान के शेयरों में भारी गिरावट

**- टेस्ला के शेयर 5.77 फीसदी जबकि रिवियान के शेयर में 14 फीसदी गिरावट देखी गई**




**नई दिल्ली ।**

अमेरिका में टेस्ला और जनरल मोटर्स जैसी ऑटो कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई है। एक रिपोर्ट में कहा गया कि नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर मिलने वाले टैक्स छूट को खत्म करने की योजना बना रहे हैं। एक योजना जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों पर लागू होने वाली 7,500 की टैक्स छूट को समाप्त करने की। यह फैसला मुख्य रूप से टैक्स सुधार के हिस्से के रूप में माना जा रहा है। रिपोर्ट में उचित ढंग से बताया गया है कि एलन मस्क की टेस्ला ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। टेस्ला की शेयरों में 5.77 फीसदी की गिरावट देखी गई, जबकि रिवियान के शेयर 14 फीसदी गिरकर .10.31 पर पहुंचे, जो फरवरी के बाद की सबसे बड़ी गिरावट है। जनरल मोटर्स और फोर्ड के शेयरों में भी हल्की गिरावट देखी गई। यह सूचना बाजार में चिंताजनक कारकों के बारे में प्रकट करती है। एशियाई बाजारों में भी बिकवाली का असर देखा गया है। सियोल में ट्रेडिंग की शुरुआत में बैटरी निर्माता एलजी एनर्जी साल्यूसन के शेयर में 10 फीसदी की गिरावट आई, जबकि एसके इनोवेशन के शेयरों में 8 फीसदी की गिरावट देखी गई। इन घटनाओं से प्रकट हो रहा है कि इलेक्ट्रिक वाहनों सेक्टर में नए नीतियों और योजनाओं का प्रभाव पड़ रहा है।

# सोने के भाव में पिछले कुछ हफ्तों में 5000 रुपए से ज्यादा की गिरावट आई



**मुंबई ।**

शेयर बाजार में हाल ही में देखी गई गिरावट के बाद सोने की कीमतों में भी लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। आंकड़ों के अनुसार सोने के भाव में पिछले कुछ हफ्तों में 5000 रुपए से ज्यादा की गिरावट आई है। विशेषज्ञों का कहना है कि आगामी दो-तीन महीनों में सोने के भाव में और भी गिरावट की संभावना है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के भावों में हुई गिरावट के बाद, घरेलू मार्केट में भी यह दस्तक दे रहा है। इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोशिएशन की वेबसाइट के मुताबिक 24 कैरेट फाइन गोल्ड की कीमत प्रति 10 ग्राम में 81,000 रुपए से ज्यादा थी, जो अब 75,000 रुपए पर आ गई है। गिरावट के बाद 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 5000 रुपए से अधिक कम हो गई है। मेकिंग चार्ज के बिना, इसका क्वालिटी के हिसाब से विवरण इस प्रकार है:

- 24 कैरेट- 75,260 रुपए/10 ग्राम
- 22 कैरेट- 73,450 रुपए/10 ग्राम
- 20 कैरेट- 66,980 रुपए/10 ग्राम
- 18 कैरेट- 60,960 रुपए/10 ग्राम

सोने के भाव में गिरावट के बाद मार्केट में चार्ज के अलावा अन्य बदलावों की जांच करना जरूरी है। इस विषय पर विशेषज्ञों द्वारा और अधिक गहराई से अध्ययन किया जा रहा है। यहां तक कि किसी नये नीति या घटना के बाद और भी परिणाम आ सकते हैं।

## जापान की अर्थव्यवस्था उपभोक्ता व्यय के दम पर लगातार दूसरी तिमाही में बढ़ी

**- वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में 0.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी**

**तोक्यो ।** जापान की अर्थव्यवस्था उपभोक्ता व्यय के दम पर लगातार दूसरी तिमाही में बढ़ी और जुलाई-सितंबर में इसकी वृद्धि दर 0.9 प्रतिशत रही। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह बात सामने आई। विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में 0.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। मंत्रिमंडल कार्यालय के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार घरेलू मांग में 2.5 प्रतिशत की वार्षिक दर से वृद्धि हुई। निजी खपत स्वस्थ घरेलू खपत के दम पर 3.6 प्रतिशत बढ़ी, जो जापान के सकल घरेलू उत्पाद का आधे से अधिक हिस्सा बनाती है निर्यात में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। येन का कमजोर होना निर्यात के लिए फायदेमंद है, क्योंकि इससे जापानी उत्पाद विदेशों में सस्ते हो रहे हैं। हालांकि, पिछली तिमाही में इसका प्रभाव अपेक्षाकृत सीमित रहा। इस साल की शुरुआत में जापानी येन 160-येन के स्तर पर कारोबार कर रहा था। अब यह 150-येन के स्तर पर कारोबार कर रहा है।




## 12 रुपए से भी कम में 10 जीबी डेटा दे रही कंपनियां

**मुंबई ।** भारतीय टेलीकॉम बाजार में इस समय मोबाइल डेटा प्लान्स पर दर्ज एक नई सुविधा के साथ उपभोक्ताओं के लिए आशीर्वाद प्रदान कर रही है। रिलायंस, जियो, एयरटेल और वोडाफोन ने अपने यूजर्स के लिए उपलब्ध डेटा प्लान्स के माध्यम से उपभोक्ताओं को 11 रुपये में 10 जीबी डेटा का लाभ देने की घोषणा की है। रिलायंस जियो का सस्ता 11 रुपये वाला डेटा प्लान उपभोक्ताओं को 10 जीबी हाई स्पीड डेटा प्रदान करता है, परंतु इसमें कॉलिंग और एसएमएस की सुविधा नहीं होती। इस प्लान का वैलिडिटी सिर्फ 1 घंटे की है। एयरटेल भी अपने यूजर्स के लिए इसी मूल्य पर 10 जीबी हाई स्पीड डेटा देने वाला डेटा वाउचर प्रदान करता है। इसकी भी वैलिडिटी एक घंटे की होती है। वोडाफोन आइडिया की ववीआई ने अभी तक 11 रुपये का कोई डेटा प्लान नहीं जारी किया है, लेकिन, 23 रुपये में उपभोक्ताएं एक दिन के लिए 1 जीबी हाई स्पीड डेटा उपयोग कर सकती हैं। ये सुविधाएं डिजिटल युग के यूजर्स को उपयोगकर्ता अनुभव में और भी मजबूती प्रदान करने में मदद करेंगी और उन्हें अपनी डेटा जरूरतों को पूरा करने का एक सामर्थ्यपूर्ण विकल्प प्रदान करेंगी।



## एक महीने में खाद्य तेल के दाम 8 फीसदी बढ़े

**सब्जियों की कीमतें में भी बढ़ोतरी हुई**

**मुंबई ।** तेल के दाम फिर से बढ़ गए हैं, जिससे लोगों की रोज़मर्रा की जिंदगी पर भारी पड़ा है। प्याज, टमाटर और लहसुन के बाद अब तेल की कीमतों में भी वृद्धि हुई है। खाद्य तेल के दाम एक महीने में 8 फीसदी तक बढ़ गए हैं। इसके अलावा सब्जियों की कीमतें में भी बढ़ोतरी हो गई हैं। खुदरा महंगाई अक्तूबर में लगातार उच्च स्तर पर रही है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार मूंगफली तेल का दाम 14 अक्तूबर को 193.58 रुपये था, जो अब 195.59 रुपये हो गया है। सरसो तेल, वनस्पति तेल, सोया तेल, सूरजमुखी तेल, और पाम तेल की कीमतें सभी में वृद्धि हुई है। इसके साथ ही चाय की कीमतें भी तीन फीसदी तक बढ़ गई हैं। सब्जियों की कीमतें भी बहुत महंगी हो गई हैं, जहां प्याज 70-80 रुपये, और आलू 30 रुपये किलो है। अनुमानित रूप से नवंबर में सब्जियों के दाम थोड़ी कम हो सकते हैं, लेकिन प्याज की कीमतें अभी भी ऊंची रहेंगी। इससे सब्जी के दाम नवंबर महीने में स्थिर हो सकते हैं, लेकिन उनका वार्षिक औसत अभी भी ऊंचा है। आलू, टमाटर, और प्याज में वृद्धि के बाद, अब तेल और चाय महंगा हो गया है। इस स्थिति में, लोग किफायती रूटीन की तलाश में हैं जिससे उनकी रोज़मर्रा की जिंदगी पर आसानी आए।

# शेयर बाजार में गिरावट थमने का नाम नहीं ले रहा...

**शुरुआती बढ़त बरकरार नहीं रख पाया शेयर बाजार, अभी 2-3 महीनों अप-डाउन करता रहेगा बाजार**

- 58 दिन में 50 लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान
- सेंसेक्स-निफ्टी इंडेक्स अपने रिकॉर्ड हाई से 10 फीसदी टूटे
- 2-3 महीनों में निफ्टी आ सकती है 21,982 के स्तर पर

**नई दिल्ली।**

शेयर बाजार में गिरावट थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर दिन मार्केट गिरकर बंद हो रहा है, जिससे निवेशकों के बीच एक डर का माहौल गहरा होता जा रहा है। भारत में बेंचमार्क शेयर सूचकांक लगातार गिरकर कई महीनों के नए निचले स्तर पर पहुंच गए। आने वाले 2-3 महीनों में निफ्टी 21,982 के स्तर पर आ सकती है। अभी ये 23,500 के स्तर पर है। यानी, निफ्टी में अभी और करीब 1,500 पॉइंट की गिरावट संभव है।

उधर, 27 सितंबर से लेकर अभी तक का डाटा देखें तो निवेशकों को 50 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। वहीं सेंसेक्स-निफ्टी इंडेक्स अपने रिकॉर्ड हाई से 10 फीसदी टूट चुके हैं। यानी कि अब मार्केट में इस गिरावट को करेक्शन नाम दिया जा सकता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर और एशियन पेंट्स जैसे हैवीवेट शेयरों में ज्यादा गिरावट आई है। शेयर बाजार में आए इस करेक्शन से पुराने से लेकर नए निवेशक सभी के पोर्टफोलियो में रिटर्न काफी कम हो चुके हैं। ज्यादा गिरावट मिडकैप और स्मॉल कैप इंडेक्स में आई है। बीते एक महीने के दौरान निफ्टी इंडेक्स में 1400 अंक या 5.60 प्रतिशत की गिरावट आई है। एक सप्ताह में 630 अंक या 2.60 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं सेंसेक्स 3770 अंक या 4.60 प्रतिशत गिरा है। एक सप्ताह के दौरान 1500 अंक या 2 फीसदी की गिरावट आई है। बीएसई मिडकैप इंडेक्स 1 महीने में 8.63 प्रतिशत या 4,191 अंक और बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स 7.24 प्रतिशत या 4100 अंक गिरा है।

**रिलायंस व कोटक महिंद्रा बैंक चढ़े**

सेंसेक्स के 30 शेयरों वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, नेस्ले, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड, अडानी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स और बजाज फिनसर्व प्रमुख रूप से पिछड़ गए। रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक लाभ में रहे। आज सेक्टोरल इंडेक्स मिले-जुले रुख के साथ कारोबार हुआ। निफ्टी बैंक, ऑटो, मीडिया हरे निशान पर रहे, जबकि एफएमसीजी, फार्मा, पीएसयू बैंक लाल निशान पर रहे। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,502.58 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 6,145.24 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

**एशियाई बाजारों में गिरावट**

एशियाई बाजारों में टोक्यो, शंघाई और हांगकांग में गिरावट रही, जबकि सियोल में तेजी रही। यूरोपीय बाजारों में तेजी रही। बुधवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.06 प्रतिशत गिरकर 72.24 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बुधवार को सेंसेक्स 984.23 अंक या 1.25 प्रतिशत गिरकर 77,690.95 पर बंद हुआ था। लगातार पांचवें दिन गिरावट दर्ज करते हुए निफ्टी 324.40 अंक या 1.36 प्रतिशत गिरकर 23,559.05 पर बंद हुआ था।

**इसलिए गिर रहा शेयर बाजार**

शेयर बाजार में गिरावट की बड़ी वजह कई कंपनियों के तिमाही नतीजे खराब आए हैं। रिलायंस से लेकर एशियन पेंट्स और इंडसइंड बैंक के नतीजों ने सबसे ज्यादा डराया है।

## बीकानेरवाला का दूसरा आउटलेट बठिंडा में खुला

**- भारत की समृद्ध पाक विरासत को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए प्रयासरत**

**बठिंडा।** द मोंटाना ग्रुप ने शुक्रवार को खुदरा एवं आतिथ्य क्षेत्र में एक नया कदम उठाया, जब वे स्नैक फूड और रेस्तरां श्रृंखला के बीकानेरवाला के साथ मिलकर बठिंडा में एक नया आउटलेट खोलने की घोषणा की। इस नए बिक्री केंद्र का उद्घाटन पार्क पैनोरमा कॉलोनी में होगा, जिसे रिवर्स फूड ड्रेनेज कार्यक्रम के अंतर्गत लॉन्च किया जाएगा। मोंटाना ग्रुप के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस मौके पर विचार व्यक्त किया कि वे भारत की समृद्ध पाक विरासत को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। साथ ही वे भारतीय स्वाद को मुख्य स्थान पर लाएंगे, जो भारतीय पाककला परिदृश्य में वैश्विक मान्यता प्राप्त करने में मदद करेगा। कानेरवाला फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के एक अे धिकारी ने इशारों में जताया कि यह साझा पहल भारत की पाक विरासत की महत्वपूर्णता को देखते हुए की गई है। उन्होंने कहा कि इस भारतीय स्वाद को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने का मकसद ऐसे साझा काम के माध्यम से होगा, जो दुनिया भर में भारत की पाक विरासत को प्रस्तुत करेगा। बीकानेरवाला और मोंटाना ग्रुप द्वारा बठिंडा में एक नया बिक्री केंद्र खोलने का यह नया कदम निश्चित रूप से खुशियों भरा संदेश है, जो भारतीय पाककला को ग्लोबल पहचान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# रिलायंस और डिज्नी मर्ज होगा, नीता अम्बानी होंगी ज्वाइंट वेंचर की चेयरपर्सन

**- रिलायंस ने एक ज्वाइंट वेंचर में 11,500 करोड़ रुपए का निवेश किया**

**मुंबई ।**

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड वायाकॉम 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड और द वॉल्ट डिज़्नी कंपनी ने वायाकॉम 18 के मीडिया और जियोसिनेमा व्यवसायों का स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसआईपीएल) में विलय का ऐलान किया है। अनुमोदन द्वारा इस समन्वय की पुष्टि की गई है। इसलिए, यह घोषणा एक महत्वपूर्ण कदम है जो मीडिया उद्योग में एक नया आयाम स्थापित करने के लिए हुआ है। इस विलय की मूल्यांकन के तहत, रिलायंस ने एक ज्वाइंट वेंचर में 11,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। ज्वाइंट वेंचर में आरआईएल का नियंत्रण रहेगा और इसमें आरआईएल का 16.34 फीसदी, वायकॉम18 का 46.82 फीसदी और डिज्नी का 36.84 फीसदी हिस्सा है। इससे पूरे उद्यम में ऐतिहासिक परिवर्तन की चर्चा हो रही है। संयुक्त उद्यम में नीता एम. अंबानी की नेतृत्व और उदय शंकर के गुरुत्व में रणनीतिक मार्गदर्शन के साथ, भारत में मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में एक नई दिशा मिलेगी। इस संयुक्त उद्यम का अंदाजा है कि इसका संयुक्त राजस्व मार्च 2024 में करीब 26,000 करोड़ रुपए रहेगा। इस उत्कृष्ट उद्यम का मिशन है भारतीय दर्शकों को विविध मनोरंजन और खेल से जुड़े सामग्री का एक महत्वपूर्ण स्रोत प्रदान करना। संयुक्त उद्यम द्वारा संचालित 100 से अधिक टीवी चैनल और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म जैसे` जियो ` सिनेमा और हाटस्टार से एक नए उपयोगकर्ता अनुभव का आरम्भ होगा। इस एकीकृत प्रयास से, उक्त उद्यम में एकल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म और विनिवेशकीगत मूल्य के शीर्षकारी बनने की उम्मीद है। यह समन्वय एक नया युग और सुविधाओं का उत्कृष्ट संयोजन प्रस्तुत करने का संकल्प दर्शाता है।

## आरबीआई आंकड़े- 1 नवंबर को समाप्त पखवाड़े में उधारी और जमा वृद्धि लगभग समान

**- उधारी और जमा दोनों ही 11.9 प्रतिशत की दर से बढ़ी**

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में जारी किए गए ताजे आंकड़े द्वारा बताया गया है कि 1 नवंबर को समाप्त हुए पखवाड़े में उधारी और जमा की वृद्धि लगभग समान रही। इस दौरान उधारी और जमा दोनों ही 11.9 प्रतिशत की दर से बढ़ी हैं। यह स्थिति पिछले 30 महीनों में पहली बार आई है, जब उधारी और जमा की वृद्धि समान रही है। पिछले पखवाड़े की तुलना में, जिसमें जमा वृद्धि उधारी से अधिक थी, 18 अक्टूबर को समाप्त हुए पखवाड़े में इस स्थिति में पलटाव देखने को मिला। इसमें उधारी वृद्धि 11.5 प्रतिशत रही, जबकि जमा वृद्धि 11.7 प्रतिशत थी। यह बदलाव उस समय के बाद आया, जब आरबीआई ने बैंकों को उधारी और जमा अनुपात को कम करने के लिए निर्देशित किया था। विशेषज्ञों का मानना है कि आगे चलकर उधारी की वृद्धि जमा से अधिक रह सकती है, खासकर चौथी तिमाही में। यह आमतौर पर उधारी की सबसे सक्रिय अवधि होती है। इसके अलावा, एचडीएफसी बैंक जैसे बड़े निजी बैंक ने भी अपनी उधारी वृद्धि को धीमा किया है ताकि वह अपने उधारी और जमा अनुपात को कम कर सके।

## निवेशकों को जागरूकता के लिए आयोजित हो रहा है आईआईटीएफ

**- फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग करने वालों में से 9 में से 10 निवेशक उठा रहे हैं नुकसान**

**नई दिल्ली ।** शेयर बाजार में नुकसान से जूझ रहे निवेशकों के लिए एक नया उद्यम आईआईटीएफ द्वारा शुरू किया गया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा समर्थित यह मंडप निवेशकों को वित्तीय बाजारों के बारे में शिक्षित करने का मिशन संभाल रहा है। इस आयोजन के दौरान सेबी बाजार अवसंरचना संस्थान और उद्योग संघ निवेशकों में जागरूकता फैलाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा वार्ता शो और गतिविधियां आयोजित करेंगे। नये नियमों के अनुसार एफएंडओ ट्रेडिंग करने वालों को भी सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। इस मंडप का पहला कार्यक्रम उद्घाटन के संदर्भ में भारत का शेयर बाजार नामक मंडप है। इसका उद्देश्य निवेशकों को शिक्षित करके उन्हें स्वतंत्र और सावधान निवेश के मार्ग पर ले जाना है। सेबी की रिपोर्ट के अनुसार फ्यूचर एंड ऑप्शन ट्रेडिंग करने वालों में से 9 में से 10 निवेशक नुकसान उठा रहे हैं, इसलिए सही जानकारी और समझ से सहायता लेना महत्वपूर्ण है। आईआईटीएफ के माध्यम से तकनीकी, वित्तीय बाजारों की संभावनाओं और शिक्षित निवेश के उत्तम तरीकों पर जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

# कार्तिक पूर्णिमा पर पटना में लगा लंबा जाम

## पिछले 1 घंटे से फंसी हुई हैं गाड़ियां, फतुहा, बाढ़, दानापुर में भी जुटी श्रद्धालुओं की भीड़





**पटना।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान करने के राजधानी पटना सहित दानापुर, फतुहा और बाढ़ के गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान राजधानी के दीघा इलाके में 3 किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है। पिछले 1 घंटे से गाड़ियां फंसी हुई हैं। ट्रैफिक पुलिस अभी इस मामले में कुछ नहीं बोल रही है। पटना के फतुहा में श्रद्धालुओं की सबसे ज्यादा भीड़ त्रिवेणी घाट, मस्ताना घाट तथा कटैया घाट पर उमड़ी। अंचल निखिल कुमार, फतुहा थाना प्रभारी रूपक कुमार अंबुज और नदी थाना प्रभारी राजू कुमार के सहयोग से स्थिति को संभाला गया। मस्ताना घाट तथा कटैया घाट और त्रिवेणी घाट पर एसडीआरएफ की टीम भी तैनात थी। पूरा शहर जत्थे से पटा पड़ा था। दानापुर के नासरीगंज फक्कड़ महतो घाट, राजपुताना घाट, नारियल घाट, शाहपुर घाट पर भी गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। बाढ़ के उत्तरायण गंगा घाट पर भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए स्टेशन रोड में वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया था। ताकि आने-जाने वाले लोगों को परेशानी ना हो। फतुहा के एसडीपीओ और बीडीओ सुनील कुमार पैनी नजर बनाए हुए थे। फतुहा में देर शाम से ही गंगा में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। स्थानीय लोगों के अलावा पड़ोस के नालंदा जिले से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा घाट पर पहुंचे थे। स्नान के बाद लोगों ने मंदिरों में पूजा अर्चना की। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान का विहंगम दृश्य फतुहा के त्रिवेणी घाट पर देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने को पहुंचे। फतुहा का यह त्रिवेणी घाट इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां तीन नदियों का संगम है। इस कारण इसे त्रिवेणी कहा जाता है। कहते हैं कि जहां तीन नदियों का संगम हो, वहां कार्तिक पूर्णिमा को स्नान करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। साथ ही त्रिवेणी गंगा उत्तरायण होने से भी महत्व बढ़ जाता है। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने में फतुहा नगर परिषद की अहम भूमिका रही। सभी घाटों पर बैरिकेडिंग, लाइट आदि की व्यवस्थाएं पहले से कर दी गई थी। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर फतुहा जंक्शन पर भी यात्रियों की भीड़ दिखी। इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आरपीएफ और जीआरपी की टीम तैनात थी।


# पत्नी गई मायके तो पति ने पी लिया जहर



**बक्सर।** एक शख्स ने जहर पीकर सुसाइड की कोशिश की। दरअसल, शख्स की पत्नी काफी दिनों से घरेलू विवाद के कारण मायके में रह रही है। कहा जा रहा है कि पति की ओर से काफी मान-मनौवल के बाद भी पत्नी नहीं लौटी। पत्नी से अलग रहने के बाद तनाव में आकर शख्स ने जान देने की कोशिश की। हालांकि, परिजन को जैसे ही उसके जहर पीने के बारे में जानकारी मिली, उन्होंने उसे अस्पताल पहुंचा, जिसके बाद डॉक्टरों ने शख्स का इलाज कर उसकी जान बचा ली। घटना बक्सर के राजपुर थाना क्षेत्र के बिरबलपुर गांव की है। यहां के रहने वाले मंटू यादव ने मच्छर मारने वाली लिक्विड को पी लिया था। अब उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जल्द ही उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। मंटू यादव के परिजन के मुताबिक, पत्नी और बच्चों के जाने के बाद वो काफी दिनों से अकेलापन महसूस कर रहा था। मंटू ने कई बार पत्नी से फोन पर बात की और घर लौटने की बात कही। पत्नी ने भी घर यानी ससुराल लौटने की बात कही थी। पत्नी की ओर से आने की बात कहे जाने के बाद मंटू पिछले दिनों बक्सर अपने ससुराल पहुंचा। घर से कुछ दूर पहले ही मंटू ने फोन कर अपने आने की बात कही, तो पत्नी ने उसकी बातों को अनसुना कर दिया और अपशब्द भी कहे। पत्नी की इन बातों से आहत मंटू घर लौटा और गुस्से में ऑलआउट पी लिया।

# देव दीपावली पर घाटों पर कचरा

## बक्सर के रामरेखा घाट पर गंदगी में नहाने को मजबूर लोग, नहीं है सफाई की व्यवस्था





**बक्सर।** कार्तिक पूर्णिमा पर जहां प्रमुख घाटों को सवा लाख दीयों से सजाया जायेगा। वहीं, स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छठ पर्व को लेकर सभी घाटों की बेहतर सफाई हुई थी। लेकिन पूर्णिमा के दिन इसकी हालत काफी खराब है। श्रद्धालु दूर-दराज से कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए जिले के रामरेखा घाट पर पहुंचे हैं। लेकिन यहां हर तरफ गंदगी और कचरा का ढेर नजर आ रहा है। घाट के चारों तरफ पॉलिथीन, धूप-अगरबत्ती के पैकेट, फूल-मालाएं, मिठाइयों के खाली डिब्बे सहित अन्य सामान बिखरे पड़े हैं। रामरेखा घाट के स्थानीय निवासी राजेश गुप्ता द्वारा बताया गया कि छठ पर्व पर तो रामरेखा घाट का बहुत दम खम से सफाई हुआ है। लेकिन थोड़ी से चूक हुई है। पानी घटने के साथ सीढ़ियों पर जो मिट्टी की परत रह गई है। उसको हटा दिया जाता तो लोगो स्नान करने में सहूलियत होती। पक्की सीढ़ियों के बावजूद लोगों को मिट्टी के कीचड़ में स्नान करना पड़ता है।घाट पर सुबह शाम सफाई की जरूरत है। क्योंकि प्रमुख घाट पर रोजाना सैकड़ों लोग स्नान करने के लिए पहुंचते है। तो गंदगी होना भी स्वाभाविक है। घाट पर मौजूद रामशंकर शर्मा ने बताया कि घाट पर सफाई की जरूरत है। छठ बाद से नगर परिषद के कर्मियों और अधिकारियों द्वारा गंगा घाट की सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे घाट पर साफ देखा जा सकता है की कितनी गंदगी है। चाहे घाट हो या घाट के पास बना पाथवे पर गंदगी ही गंदगी है।

# कहीं मंत्र पर झूमती महिलाएं, कहीं हाथ में कपूर जलाते पुजारी

## हाजीपुर के कोनहारा घाट पर लगा भूत भगाने का मेला, रातभर चला तंत्र-मंत्र का खेल





**हाजीपुर।** कार्तिक पूर्णिमा पर गुरुवार की पूरी रात कोनहारा घाट पर तंत्र-मंत्र का खेल हुआ। कार्तिक पूर्णिमा की रात यहां हर साल भूतों को भगाने का मेला लगता है। मान्यता है कि पूर्णिमा की रात पूजा करने से भूत-प्रेत भाग जाते हैं। इसे लेकर भूत बाधा दूर करने दूर-दराज से हजारों-लाखों लोग पहुंचे। घाट पर रातभर अलग ही नजारा दिखा। कहीं ओझा के मंत्र पर कुछ महिलाएं झूमती और सिर पटकती नजर आईं तो कहीं ओझा दोनों हाथों पर कपूर जलाकर साधना करता नजर आया। गुरुवार की रात कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हाजीपुर में करीब पांच लाख से अधिक लोग गंडक नदी में डुबकी लगाने पहुंचे। मान्यता है कि बुरी आत्माओं से छुटकारा पाने के लिए नदी में स्नान करना जरूरी है। फिर ओझा और भगत छड़ी से लोगों की पिटाई करते और उनका भूत से छुटकारा का दावा करते हैं। कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा में स्नान और दान आदि करने का विशेष महत्व है। इस कारण सोनपुर का हरिहर क्षेत्र, कोनहारा, हाजीपुर और अन्य जिलों से हाजीपुर के गंगा नदी घाटों पर भारी संख्या में लोग पहुंचे। इस दौरान ही भूत भागने के नाम पर अंधविश्वास का खेल भी यहां देखने को मिलता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक भूतों को भगाने का ये मेला परंपरा स्वरूप कई सालों से यहां लगता आ रहा है। हजारों, लाखों लोग पूर्णिमा की रात यहां इसी काम से जुटते हैं और सुबह गंगा स्नान कर वापस अपने घर वापस लौटते हैं। सुरक्षा की पूरी व्यवस्था जिला प्रशासन और नगर परिषद हाजीपुर द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कोनहारा घाट पर कंट्रोल रूम बनाने गए हैं, जिसमें जिलाधिकारी यशपाल मीणा, पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय के समेत कई अधिकारी मौजुद थे। भारी संख्या में पुलिस बल बुलाई गई थी। किसी प्रकार की घटना दुर्घटना न हो जिसको लेकर ड्रोन कैमरे और सीसीटीवी से निगरानी की जा रही थी। वैशाली एसपी हरकिशोर राय ने बताया कि 10 दिनों से कार्तिक पूर्णिमा को लेकर तैयारी चल रही थी जिसमें ट्रैफिक व्यवस्था के लिए भी आदेश दिए गए। वहीं 1000 कॉन्स्टेबल की भी तैनाती की गई है तो 400 पर अधिकारी को भी तैनात किया गया। सीसीटीवी कैमरा, ड्रोन कैमरा से नजर रखी गई।

# अररिया में बैंक मैनेजर से 30 हजार की लूट




**अररिया।** नगर थाना क्षेत्र में गैयारी रेलवे क्रॉसिंग के पास बंधन बैंक के शाखा प्रबंधक से हथियार के बल पर अज्ञात अपराधियों ने 30,500 रुपए और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंच कर घटना की जानकारी पुलिस को दिया। पीड़ित बैंक कर्मी चंदन कुमार गुप्ता ने बताया कि वह अपने साथी अमित कुमार शर्मा के साथ विजिट के बाद बाइक से जीरोमाइल स्थित बैंक शाखा लौट रहे थे। इसी दौरान, एक बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने उनका पीछा करते हुए ओवरटेक किया और रुकने का इशारा किया। जैसे ही वे रुके, एक अपराधी ने पिस्टल तान कर जान से मारने की धमकी दी और पीठ पर लटका बैग छीन लिया। बैग में कुल 30,500 रुपये नगद, सैमसंग ए 33 मोबाइल, बैंक का सैमसंग टैब, और कई जरूरी कागजात थे। घटना के वक्त आस-पास कोई नहीं था, और हल्ला मचाने के बाद भी अपराधी भागने में सफल रहे। घटना के बाद, बैंक कर्मी अन्य कर्मचारियों के साथ नगर थाना अररिया पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने बताया कि मामला पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## संक्षिप्त डायरी

### भाजपा नेता के पिता की गोली मारकर हत्या




**मधेपुरा।** गोली लगने से घायल भाजपा के जिला महामंत्री अभिषेक कुमार साह के पिता की गुरुवार की रात इलाज के दौरान दरभंगा में मौत हो गई। गुरुवार की शाम घर के सामने ही बाइक सवार अपराधियों ने गोली मार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया था। आनन-फानन में उन्हें जननायक कपूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। चिकित्सकों प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर बताते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया था। डीएमसी पहुंचते ही उसने दम तोड़ दिया। घटना मधेपुरा जिले के सिंहेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत जजहट सबैला की है। मृतक की पहचान भाजपा नेता अभिषेक साह के पिता राम नारायण साह उर्फ डोमी साह (60) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि राम नारायण साह उर्फ डोमी साह अपने घर के आगे टहल रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। गोली उनके बाएं भाग के सीने में लगते हुए आर-पार हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां मौके पर मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर बताते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया। परिजनों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक यादव ने प्रशासन से अविलंब अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है। बताया जा रहा है कि पिछले पंचायत चुनाव में रामनारायण साह की पत्नी मुखिया से चुनाव लड़ी थी, जिसमें वह दूसरे स्थान पर रही थी। इस बार पैक्स चुनाव में भाग्य आजमाने की तैयारी में जुटे थे। हालांकि गोली किसने और क्यों मारी है, इस बात का अभी तक पता नहीं चल पाया है। सिंहेश्वर थानाध्यक्ष वीरेंद्र राम ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जल्द ही घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### स्कूल वैन से शराब की तस्करी, 2 गिरफ्तार: पूर्णिया में वाहन चेकिंग के दौरान धराए तस्कर




**पूर्णिया।** पुलिस ने स्कूल वैन से भारी मात्रा में विदेशी शराब की बोतलें बरामद की है। स्कूल वैन का इस्तेमाल बच्चे को लाने या ले जाने में नहीं बल्कि शराब की तस्करी में की जा रही है। मरंगा थाना क्षेत्र के उफरैल चौक के पास पुलिस ने स्कूल वैन से 66.540 लीटर विदेशी शराब की बोलतें बरामद की। साथ ही पुलिस ने दो धंधेबाजों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब के साथ स्कूल वैन को जब्त कर लिया है। गिरफ्तार धंधेबाजों में के.हाट थाना क्षेत्र के एसएसबी कैंप लंका टोला निवासी सूरज कुमार पासवान और अमन कुमार शामिल हैं। मरंगा थानाध्यक्ष रूपक रंजन सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि पश्चिम बंगाल की नंबर प्लेट वाली डब्ल्यूबी 2 एफ 7757 वैन जिसपर स्कूल का नाम लिखा हुआ था। स्कूल वैन की आड़ में शराब के धंधेबाज विदेशी शराब की बड़ी खेप जीरोमाइल की ओर से मिल्की की ओर लेकर जा रहे थे। वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी क्रम में जीरोमाइल की ओर से एक वैन आती हुई दिखाई दी। रुकने का इशारा किया, मगर रुकने के बजाए चालक भागने की कोशिश करने लगा। जिसके बाद उसे पकड़ा गया। तलाशी के क्रम में स्कूल वैन से विभिन्न कंपनियों की 66.540 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। बरामद विदेशी शराब, मोबाइल और वैन को जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार तस्कर ने बताया कि विदेशी शराब शान्तिनगर के नेवालाल चौक के वार्ड-24 निवासी शराब तस्कर सुनील कुमार यादव की है। इसे पश्चिम बंगाल से सुनील कुमार यादव के ही कहने पर मिल्की ले जा रहे थे। गिरफ्तार दोनों धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया गया है और जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# पत्नी गई मायके तो पति ने पी लिया जहर




**बक्सर।** एक शख्स ने जहर पीकर सुसाइड की कोशिश की। दरअसल, शख्स की पत्नी काफी दिनों से घरेलू विवाद के कारण मायके में रह रही है। कहा जा रहा है कि पति की ओर से काफी मान-मनौवल के बाद भी पत्नी नहीं लौटी। पत्नी से अलग रहने के बाद तनाव में आकर शख्स ने जान देने की कोशिश की। हालांकि, परिजन को जैसे ही उसके जहर पीने के बारे में जानकारी मिली, उन्होंने उसे अस्पताल पहुंचा, जिसके बाद डॉक्टरों ने शख्स का इलाज कर उसकी जान बचा ली। घटना बक्सर के राजपुर थाना क्षेत्र के बिरबलपुर गांव की है। यहां के रहने वाले मंटू यादव ने मच्छर मारने वाली लिक्विड को पी लिया था। अब उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जल्द ही उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। मंटू यादव के परिजन के मुताबिक, पत्नी और बच्चों के जाने के बाद वो काफी दिनों से अकेलापन महसूस कर रहा था। मंटू ने कई बार पत्नी से फोन पर बात की और घर लौटने की बात कही। पत्नी ने भी घर यानी ससुराल लौटने की बात कही थी। पत्नी की ओर से आने की बात कहे जाने के बाद मंटू पिछले दिनों बक्सर अपने ससुराल पहुंचा। घर से कुछ दूर पहले ही मंटू ने फोन कर अपने आने की बात कही, तो पत्नी ने उसकी बातों को अनसुना कर दिया और अपशब्द भी कहे। पत्नी की इन बातों से आहत मंटू घर लौटा और गुस्से में ऑलआउट पी लिया। जब उसके पेट में जलन महसूस होने लगी, तब उनसे इसकी जानकारी अपने घरवालों को दी। इसके बाद मंटू यादव को अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में भर्ती मंटू ने बताया कि वो काफी तनाव में था। उसे पत्नी और बच्चों की याद आ रही थी।

# बक्सर: 60 महिलाओं-पुरुषों का धर्मांतरण

## पादरी ने गंगा किनारे लेडीज का धोया सिंदूर, सिर पर हाथ लगाकर डूबकी लगवाई, हिंदू संगठनों ने किया विरोध





**बक्सर।** सामूहिक धर्मांतरण का मामला सामने आया है। एक पादरी पर हिंदू धर्म की 50 से 60 महिलाओं और पुरुषों का धर्म परिवर्तन कराने का आरोप है। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें दिख रहा है कि कुछ महिलाएं पानी में खड़ी हैं। पादरी उनके सिर पर हाथ रख कर पहले सिंदूर मिटा रहे हैं। फिर पानी में डूबकी लगवा देते हैं। इसी तरह पुरुष का भी पादरी धर्म परिवर्तन कर रहे हैं। वहीं, इस मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वीडियो के आधार पर पुलिस ने पादरी को हिरासत में लिया है। पादरी से पूछताछ की जा रही है। मामला सिमरी थाना क्षेत्र के नगपुरा गांव की महावीर गंगा घाट की है। मिली जानकारी के अनुसार पादरी ने एक बस में 50 से 60 हिंदू धर्म के लोगों को इकट्ठा किया। इसके बाद महावीर गंगा घाट पर सभी को लाया। यहां महिलाओं का सिंदूर धोया। सिर पर हाथ रख कर डूबकी लगवाई। इन सभी लोगों को पादरी ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ शुरू की है। इस दौरान महिलाओं ने कहा कि वे अपनी मर्जी से घाट पर गई थी। वहीं, घटना की सूचना पर पहुंचे हिंदू संगठनों ने कार्रवाई की मांग की है। थाने में लिखित शिकायत भी की है। पादरी राजू राम भोजपुर का रहने वाला है। राजू राम ने बताया कि हमारे पास कई लोग आए, जिन्होंने अपनी बीमारियों के बारे में बताया। इसके बाद हमने उन्हें कहा कि आप दवाई लीजिए। मैं अपने जीसस गॉड से प्रार्थना करूंगा की आपकी बीमारी ठीक हो जाए। आपके कष्ट दूर हो जाएं। इसके बाद जिन लोगों के कष्ट दूर हुए। वे अपने मन से हमारे धर्म को अपनाना चाहते थे। हमने उन्हें बाइबिल के बारे में बताया। उन्हें ईसाई धर्म के बारे में शिक्षा दी। हमने किसी पर दबाव नहीं बनाया। सारे लोग अपनी मर्जी से आए थे। इसलिए हम पुलिस से मांग करेंगे की निष्पक्ष जांच हो। ऐसे भी कहा गया है कि जिसे जो धर्म अपनाना है वो अपना सकता है। हिंदू संगठन के सदस्य मुकुंद सनातन ने बताया कि हमे सूचना मिली की एक पादरी 50 से 60 महिलाओं और पुरुषों को सिमरी गंगा घाट पर लेकर पहुंचा है। उनका धर्म परिवर्तन कर रहा है इसको लेकर हमने थाना में आवेदन दिया है। लेकिन बताया गया कि इसको लेकर बिहार में कोई लॉ नहीं है। मेरी बिहार सरकार और हिंदू समाज से मांग है कि इस तरह का कानून बनना चाहिए। ताकि गांव के भोले-भाले ग्रामीणों को मूर्ख बनाकर धर्मांतरण न कराया जा सके। वहीं, मुकुंद सनातन ने बताया कि अगर प्रार्थना और तेल-पानी से ब्लड कैंसर ठीक हो सकता, तो कैंसर हॉस्पिटल को बंद कर देना चाहिए। साथ ही अगर ये धर्मांतरण करते हैं तो इनके आरक्षण को भी समाप्त कर देना चाहिए। सिमरी थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय के अनुसार, बस में सवार सभी लोगों को समझा-बुझाकर गाड़ी से उतारा गया। उन्हें समझाया गया कि किसी भी प्रकार का धर्म परिवर्तन स्वेच्छा से होना चाहिए, न कि किसी के दबाव में। फिलहाल, पुलिस पादरी से इस पूरे मामले की जानकारी लेने में जुटी है। उन व्यक्तियों से भी पूछताछ कर रही है, जो बस में मौजूद थे। प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि इनमें से सभी लोग गांवों से आए हुए हैं, जिन्हें गंगा घाट पर बाइबिल के अनुसार गुरु दीक्षा के लिए लाया गया था। स्थानीय प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए चेतावनी दी है कि धर्मांतरण कानून का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाने पर बैठी महिला पूनम कुमारी ने बताया कि जो लोग प्रार्थना करते हैं, उसके लिए नियम है की पानी में डुबाकर प्रार्थना किया जाता है। ईसाई धर्म के नियम के तहत सभी लोग यहां आए हैं। वहीं, महिला शीला देवी ने बताया कि बाइबिल के नियम के तहत बपतिस्मा(क्रिश्चन में पानी से शुद्धि करने को कहते हैं) के लिए गंगा घाट पहुंचे हुए थे।



# दोस्ती इतनी मजबूत हो कि लोग देखकर जलें: निमरत कौर

अभिनेता अभिषेक बच्चन के साथ कथित रिलेशन को लेकर कुछ लोग निमरत कौर को आलोचनाओं का शिकार बना रहे हैं और उन्हें ऐश्वर्या और अभिषेक के रिश्ते में दरार का कारण मान रहे हैं। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई ठोस प्रमाण सामने नहीं आया है। अफवाहें तब शुरू हुई जब ऐसी खबरें आईं कि 2022 में फिल्म दसवीं की शूटिंग के दौरान अभिषेक और निमरत की दोस्ती गहरी हो गई थी। इसके बाद से ही दोनों के रिश्ते को लेकर बातें होने लगीं। ऐश्वर्या के प्रशंसकों का मानना है कि अभिषेक की इस दोस्ती के कारण ऐश्वर्या के साथ उनके संबंधों में खटास आई है। सोशल मीडिया पर भी इस बारे में टिप्पणियाँ देखने को मिल रही हैं, जिसमें कुछ लोग निमरत पर अभिषेक और ऐश्वर्या के रिश्ते को तोड़ने का आरोप लगा रहे हैं। हालांकि, बच्चन परिवार के एक करीबी सूत्र ने इन अफवाहों को पूरी तरह से निराधार और शरारती बताया है। सूत्र का कहना है कि इस मामले में रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि अभिषेक फिलहाल इन अफवाहों पर प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं क्योंकि उनके जीवन में अन्य महत्वपूर्ण चीजें चल रही हैं और उन्हें किसी भी विवाद में पड़ने से बचने की सलाह दी गई है। इन अफवाहों के बीच, निमरत कौर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार रील साझा की। इस रील में वह एक ट्रेंडिंग डायलॉग पर लिप-सिंक करते हुए कह रही हैं कि दोस्ती इतनी मजबूत होनी चाहिए कि लोग इसे देखकर जलें। इसके साथ उन्होंने लिखा, मेरी और केसी (करम चंद) की दोस्ती तो है ऐसीज अपने बीएफएफ को टैग करें!! इस पोस्ट के जरिए उन्होंने इन अफवाहों को हल्के अंदाज में लिया और बताया कि वह अपनी जिंदगी को सकारात्मक तरीके से जीना पसंद करती हैं। निमरत ने कहा कि लोग हमेशा गपशप करेंगे, लेकिन इससे वह विचलित नहीं होतीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह अपने काम पर ध्यान केंद्रित करती हैं और इन अफवाहों पर ध्यान नहीं देतीं। निमरत का कहना है कि वह अपने करियर और निजी जिंदगी में संतुलन बनाए रखने में विश्वास करती हैं, और ऐसी अफवाहें उनके लिए मायने नहीं रखतीं।बता दे कि बॉलीवुड अभिनेत्री निमरत कौर इन दिनों सोशल मीडिया और मीडिया में छाई हुई हैं। कुछ अफवाहें ऐसी चल रही हैं कि उनके और अभिनेता अभिषेक बच्चन के बीच कोई खास रिश्ता है, जो ऐश्वर्या राय बच्चन के फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।





# हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 ने कमाए 200 करोड़

हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 ने सिर्फ 10 दिनों में 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया। निर्देशक अनीस बज़्मी और निर्माता भूषण कुमार की इस फिल्म ने न केवल भारत में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन किया है। कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, और त्रिप्ति डिमरी की स्टारर इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। फिल्म की सफलता में प्रमोशनल टूर ने बड़ी भूमिका निभाई है, जिसने दर्शकों के बीच उत्साह को आसमान छूने पर मजबूर कर दिया। प्रमोशन की शुरुआत जयपुर में एक भव्य ट्रेलर लॉन्च के साथ हुई, जिसके बाद टीम ने अहमदाबाद, सूरत, दिल्ली, नोएडा, इंदौर और हैदराबाद जैसे बड़े शहरों में लाइव इवेंट्स किए। इन शहरों में दर्शकों ने फिल्म की टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया और फैंस के बीच इसकी लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ती गई। पुणे में कार्तिक आर्यन और माधुरी दीक्षित ने वड़ापाव जैसे लोकल स्नैक्स का आनंद लिया, वहीं कोलकाता के हावड़ा ब्रिज पर एक कॉलेज इवेंट में कार्तिक और विद्या के साथ सेल्फी लेने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक उमड़ पड़े। दुबई में एक भव्य इवेंट के दौरान, मिडिल ईस्ट से हजारों फैंस 'रूह बाबा' कार्तिक आर्यन से मिलने पहुंचे। इस इवेंट ने फिल्म की अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता को साबित कर दिया। अब कार्तिक पटना में अपने फैंस से मिलने के साथ इस प्रमोशनल टूर का समापन करेंगे, जो हिंदी हार्टलैंड में अपनी पकड़ को मजबूत करेगा। कार्तिक आर्यन ने अपने इस सबसे बड़े प्रमोशनल कैंपेन में टीम के साथ कड़ी मेहनत की और हर इवेंट में दर्शकों से सीधा संवाद स्थापित किया। उनकी ऊर्जा और अपने फैंस के साथ जुड़ने की कोशिशों ने फिल्म को बड़े स्तर पर सफलता दिलाई।अब तक फिल्म ने दुनियाभर में 300 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है, जो इस फ्रैंचाइज़ी के लिए एक नया मील का पत्थर है। भूल भुलैया 3 ने न केवल दर्शकों का मनोरंजन किया, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी रिकॉर्ड तोड़ दिए।

# कैंसर को हराकर जीतने वाली मनीषा, आजकल है सिरदर्द से परेशान

अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने लेटेस्ट पोस्ट शेयर कर फैंस को बताया कि वह 'गंभीर सिरदर्द' से परेशान हैं। मनीषा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर मंगलवार सुबह बिस्तर पर आराम करती हुई अपनी एक तस्वीर शेयर की। 'हीरामंडी- द डायमंड बाजार' अभिनेत्री ने बताया कि महीने में एक बार उन्हें 'गंभीर सिरदर्द' होता है और उन्हें नहीं पता कि इसका कारण क्या है। बॉलीवुड अभिनेत्री ने इससे निपटने के तरीके भी बताए। मनीषा ने कैप्शन में लिखा फ्रसिरदर्द से जुड़ी परेशानियां...हेलो दोस्तों! मैं आज कुछ निजी बातें शेयर कर रही हूं और उम्मीद है कि आप में से कुछ लोगों को यह पसंद आएगी। मुझे महीने में एक बार गंभीर सिरदर्द होता है और मुझे समझ नहीं आता कि ऐसा क्यों होता है? क्या यह पानी की कमी की वजह से है या नींद की कमी से, खराब भोजन या तनाव है? या यह सब कुछ है? इसके बाद अभिनेत्री ने सुझाव भी लिखे जो उनकी मदद करते हैं। मेरा समाधान? एक या दो दिन के लिए सब कुछ बंद कर देना, आरामदेह ऑडियोबुक या संगीत सुनना, हल्का खाना, खूब पानी पीना और दवाएं लेना शामिल है। क्या किसी और को भी ऐसा अनुभव हुआ है? आप इससे कैसे निपटते हैं? मैं इस चक्र को तोड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं! आपके सुझाव और तरकीबें शेयर करने से मुझे और दूसरों को भी राहत मिल सकती है।
कैंसर से जंग लड़कर जीत हासिल करने वाली मनीषा ने चुनौतीपूर्ण यात्रा के बारे में खुलकर बात की। उन्हें साल 2012 में ओवेरियन कैंसर का पता चला था। उन्होंने कहा मैं अपनी आवाज का इस्तेमाल न केवल कैंसर रोगियों की मदद करने के लिए बल्कि स्वास्थ्य सेवा की जरुरत और ओवेरियन कैंसर के संकेतों और लक्षणों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए भी करना चाहती हूं। मनीषा कोइराला ने आगे कहा कि खुद कैंसर का सामना करने के बाद मैं जानती हूं कि यह यात्रा कितनी चुनौतीपूर्ण हो सकती है और मेरा मानना ??है कि यह जरुरी है कि हम सभी दूसरों के लिए आगे आएं और उनकी मदद करें। मनीषा ने कैंसर का इलाज न्यूयॉर्क में करवाया और 2014 में वह ठीक हो गई। वर्कफ्रंट की बात करें तो मनीषा कोइराला इस साल संजय लीला भंसाली के निर्देशन में तैयार सीरीज हीरामंडी- द डायमंड बाजार में मल्लिकाजान के रूप में नजर आईं। मनीषा इससे पहले संजय लीला भंसाली के साथ खामोशी- द म्यूजिकल में काम कर चुकी हैं। फिल्म 1996 में रिलीज हुई थी। रोमांटिक फिल्म में मनीषा के साथ सलमान खान, नाना पाटेकर समेत अन्य स्टार्स ने अहम रोल निभाया था।



# रवीना ने लिया बेसहारा जर्मन शेफर्ड को गोद

अभिनेत्री रवीना टंडन ने एक बेसहारा जर्मन शेफर्ड को गोद लिया है। यह जानकारी रवीना टंडन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो साझा कर दी। इस प्यारे वीडियो में रवीना अपने नए पालतू जानवर एल्सा का स्वागत करती नजर आ रही हैं, जिसे बारिश के दौरान हाईवे पर छोड़ दिया गया था। रवीना ने बताया कि पावडॉप्ट नामक संस्था की टीम ने एल्सा को बचाया और उसे नया जीवन दिया।रवीना ने इंस्टाग्राम पर इस वीडियो के साथ एक भावुक संदेश भी साझा किया। उन्होंने लिखा, इस दीपावली हमारा दिल और बड़ा हो गया, क्योंकि हमारे परिवार में एल्सा नाम की एक प्यारी जर्मन शेफर्ड जुड़ी है। अभिनेत्री ने यह भी बताया कि उनके अन्य पालतू जानवर, जिनमें अलास्का नामक हस्की भी शामिल है, सभी को उन्होंने गोद लिया है।रवीना ने अपने पोस्ट में लोगों से अपील करते हुए कहा, पालतू जानवरों को छोड़ना दिल तोड़ने वाला होता है। जो लोग पालतू जानवर अपनाने के बारे में सोच रहे हैं, उनसे मेरी प्रार्थना है कि वे उन्हें पूरे दिल से अपनाएं। हर जानवर को एक प्यारभरा घर मिलना चाहिए, न कि अनिश्चित भविष्य। उन्होंने एल्सा के जीवन को सुरक्षित करने में मदद करने वाले सभी लोगों का आभार जताया और कहा कि उनके घर में एल्सा को ढेर सारा प्यार और खुशी मिलेगी। इसके अलावा, रवीना की बेटी राशा थडानी भी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए तैयार हैं। वह अभिषेक कपूर की फिल्म आजाद से डेब्यू करेंगी, जिसमें अभिनेता अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।




# 'कूल' रहने का अनोखा तरीका दिखाया सारा ने

हाल ही में अपने फैंस के साथ अभिनेत्री सारा अली खान ने एक मजेदार रील साझा की है। इस रील में उन्होंने फ्रकूलफ्र रहने का एक अनोखा तरीका दिखाया है। यह रील सारा ने इंस्टाग्राम स्टोरी में पोस्ट की, जिसमें वह शीशे के सामने खड़ी होकर अपनी टीम की एक सदस्य के साथ नजर आ रही हैं।
रील में सारा के हाथ में खीरा है, जिसे उन्होंने मुस्कुराते हुए दिखाया। इसके साथ ही पास में बर्फ भी रखा हुआ है। सारा ने रील को कैप्शन देते हुए लिखा, 'खीरे की तरह ठंडे हो जाओ और बर्फ को आंख के नीचे लगाओ।' उनकी इस पोस्ट ने उनके फैंस को आकर्षित किया, और फैंस उनकी इस मजेदार सलाह का आनंद ले रहे हैं। सारा अपने सोशल मीडिया पोस्ट्स के जरिए हमेशा फैंस के साथ जुड़े रहने का प्रयास करती हैं। कुछ दिनों पहले, उन्होंने अपने नाइट शूट के दौरान सेट से एक तस्वीर साझा की, जिसमें खूबसूरत अर्धचंद्र दिखाई दे रहा था। सारा ने इस तस्वीर के कैप्शन में लिखा, 'आज सेट पर नया मेहमान आया चंदू जी, बहुत समय बाद किस्मत ने कराया दीदार।'
इसके साथ ही उन्होंने पहले शूटिंग सेट से सूरज की एक तस्वीर भी शेयर की थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वह अपनी जिंदगी के छोटे-छोटे खूबसूरत पलों को भी फैंस के साथ बांटना पसंद करती हैं। सारा के वर्कफ्रंट की बात करें तो फिलहाल वह अमर कौशिक की अनटाइटल्ड जासूसी कॉमेडी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेता आयुष्मान खुराना मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की शूटिंग मनाली, हिमाचल प्रदेश में चल रही है, और फैंस को इस नई जोड़ी का बड़े पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतजार है।



# समंदर के किनारे ग्लैमरस अंदाज में नजर आई बिपाशा

हाल ही में अभिनेत्री बिपाशा बसु ने अपनी बेटी देवी और पति करण सिंह ग्रोवर के साथ बिताए प्यारे पलों की तस्वीरें पोस्ट की हैं। पोस्ट में बिपाशा ने कैप्शन दिया, माई वाइब (मेरी विशिष्ट भावना)। एक्ट्रेस इन तस्वीरों में समंदर के किनारे धूप का चश्मा पहने और लेपर्ड प्रिंट वन पीस में नजर आ रही हैं, जो उनके ग्लैमरस अंदाज को बखूबी बयां कर रहा है। इंस्टाग्राम स्टोरीज में भी बिपाशा ने अपनी बेटी देवी और पति करण के साथ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में करण, देवी को गोद में लिए हुए हैं, जबकि बिपाशा मुस्कुराते हुए साथ खड़ी हैं। अभिनेत्री ने रेत पर और पानी के किनारे चलते हुए वीडियो भी पोस्ट किए हैं, जो फैंस को उनके जीवन की झलकियां दिखाते हैं। इससे पहले भी बिपाशा ने करण के साथ रोमांटिक तस्वीरें शेयर की थीं और उन्हें माइन (मेरा) कैप्शन दिया था। इसके साथ ही, उन्होंने अपनी मां के जन्मदिन पर प्यारे कैप्शन के साथ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें उन्होंने मां को मिलियन-वॉट की स्माइल वाली और किसी हीरे से ज्यादा चमकती कहा। बिपाशा की मां ने अपनी नातिन देवी के साथ जन्मदिन का जश्न मनाते हुए एक प्यारे वीडियो में नाचते और हंसते हुए नजर आईं। बिपाशा बसु ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी और 2001 में फिल्म अजनबी से बॉलीवुड में कदम रखा, जिसके लिए उन्हें बेस्ट फीमेल डेब्यू का फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। उनकी अगली फिल्म राज में उनके काम को काफी सराहा गया, और इसके बाद उन्होंने कई हिट फिल्मों में काम किया। साल 2016 में उन्होंने अभिनेता करण सिंह ग्रोवर से शादी की और 2022 में उनकी बेटी देवी का जन्म हुआ। बिपाशा अपने फैंस को अपने जीवन के खूबसूरत पलों से जोड़े रखती हैं, और उनकी पोस्ट्स को फैंस का भरपूर प्यार मिलता है। बता दें कि बॉलीवुड की खूबसूरत और प्रतिभाशाली अभिनेत्री बिपाशा बसु अपने परिवार के साथ बिताए खास पलों को सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं।



# तलाक के बाद भी किरण से बेहतर पति बनने की टिप्स मांगता हूं: आमिर खान


सोलह साल साथ बिताने के बाद एक्टर आमिर खान और किरण राव अब अलग-अलग हो चुके हैं, इसके बावजूद उनके बीच बेहतर बांडिंग देखी जा सकती है। दोनों ने अब हाल ही में अपने सक्सेसफुल कोलैब्रेशन को लेकर बात की। इस बारे में आमिर ने कहा कि तलाक ने उनके पर्सनल और प्रोफेशनल रिलेशनशिप को खराब नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह तलाक के बाद भी किरण से बेहतर पति बनने की टिप्स मांगते हैं। वहीं कहते हैं कि अगर किरण मुझसे पूछें तो मैं उन्हें भी अच्छी पत्नी बनने की सलाह दे सकता हूं। दरअसल, एक ताजा इंटरव्यू में किरण ने कहा कि आमिर के साथ काम करके मजा आता है। वह पावरहाउस हैं। वहीं आमिर ने कहा कि तलाक एक अलग टॉपिक है लेकिन क्रिएटिव इंसान की तरह हम साथ में काफी अच्छा करते हैं। हमें एक-दूसरे के आइडिया पसंद आते हैं। किरण आगे कहती हैं कि कई चीजें हैं जो हमें पसंद हैं। लेकिन जब कोई चीज पसंद नहीं होती तो मैं उनके पास जाती हूं और वह अच्छे से समझाते हैं। हम एक-दूसरे के ओपीनियन की काफी रिस्पेक्ट करते हैं। यही वजह है कि हमारी पार्टनरशिप इतनी लंबी चली। आमिर फिर मस्ती करते हुए कहते हैं कि वह कई बार किरण से अच्छे पति होने की सलाह मांगते हैं। इस पर किरण कई पॉइंट्स बता देती हैं। वह कहती हैं कि मैं बहुत ज्यादा बोलता हूं। अगर हम कहीं बाहर जाते हैं या मेहमान हमारे घर आते हैं तो मैं बहुत बातों में लग जाता हूं और कई स्टोरी सुनाता हूं। किरण फिर पूछती हैं कि अब आप पब्लिकली सब बताओगे तो आमिर बोलते हैं तू चुप रह। आमिर आगे बोलते हैं कि किरण, लेकिन मुझसे नहीं पूछती कि मैं कैसे अच्छी पत्नी बनूं? आप मुझसे पूछो मैं आपको लिस्ट बताता हूं। किरण फिर बोलती हैं कि अच्छी बात यह है कि मैं एक्स वाइफ हूं, इसलिए मुझे नहीं जानना है।
बता दें कि आमिर और किरण ने 4 साल की डेटिंग के बाद साल 2005 में शादी की थी। दोनों का बेटा भी है आजाद। साल 2021 में आमिर और किरण ने अलग होने की घोषणा की थी। बता दें कि आमिर खान और किरण राव का तलाक हो गया है। दोनों ने 16 साल की शादी को साल 2021 में तोड़ दिया था। हालांकि तलाक के बाद भी दोनों के बीच अच्छा बॉन्ड है और हमेशा एक-दूसरे को पर्सनली और प्रोफेशनली सपोर्ट करते हैं। दोनों ने साथ में कई फिल्मों में काम किया है जैसे दंगल, धोबी घाट, पीपली लाइव और लापता लेडीज।



# चैंपियंस ट्रॉफी पीओके नहीं जाएगी, आईसीसी की फटकार के बाद पीसीबी ने बदला ट्रॉफी टूर

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी को अधिकृत कश्मीर (पीओके) में नहीं ले जाया जाएगा। इससे पहले पीसीबी ने कहा था कि इसे स्कार्दू, हुंजा और मुजफ्फराबाद में तीन शहरों को में ले जाया जाएगा पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की फटकार के बाद उसने अपना इरादा बदल दिया है। आईसीसी ने कहा था कि वह वह विवादित क्षेत्रों को टूर में शामिल नहीं करे। आईसीसी ने स्कार्दू, हुंजा और मुजफ्फराबाद में चैंपियंस ट्रॉफी को नहीं ले जाने कहा था। ये क्षेत्र पाकिस्तान के पीओके में आते हैं। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी को दुबई से इस्लामाबाद भेज दिया है। अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस ट्रॉफी के टूर के लिए तैयार है।

पीसीबी ने सोशल मीडिया में पहले कहा था, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 ट्रॉफी टूर 16 नवंबर को इस्लामाबाद में शुरू होगा। जिसमें स्कार्दू, हुंजा और मुजफ्फराबाद जैसे दर्शनीय पर्यटन स्थलों का भी दौरा किया जाएगा। 16-24 नवंबर तक ओवल में सरफराज अहमद द्वारा 2017 में उठाई गई ट्रॉफी की एक झलक देखने को मिलेगी। वहीं अब आईसीसी ने पीसीबी को पीओके के हिस्से वाले क्षेत्रों में ट्रॉफी टूर आयोजित करने से मना कर दिया है, क्योंकि बीसीसीआई ने इसपर आपत्ति जतायी थी। बीसीसीआई ने पहले ही पाक का दौरा करने से मना कर दिया है। उसने आईसीसी को भी यह बात बता दी है। वहीं पीसीबी ने आईसीसी को पत्र लिखकर भारत के पाकिस्तान न जाने के फैसले पर स्पष्टीकरण मांगा है।



# प्रजनेश गुणेश्वरन ने पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा की, एशियाई खेलों में जीत चुके हैं पदक



**चेन्नई (एजेंसी)।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रजनेश गुणेश्वरन ने शुक्रवार को पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा की। जकार्ता एशियाई खेलों 2018 में एकल कांस्य पदक जीतने वाले 35 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, 'मैं खेल को अलविदा कह रहा हूं। धन्यवाद।'

गुणेश्वरन 2019 में एटीपी रैंकिंग में अपने सर्वश्रेष्ठ 75 वें पायदान पर पहुंचे थे। उन्होंने कई वर्षों तक शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होने के लिए आभार व्यक्त किया। गुणेश्वरन ने कहा, 'मैं जब यह लिख रहा हूं तो मेरा दिल कृतज्ञता, गर्व और पुरानी यादों के स्पर्श से भर रहा है। आज, मैं आखिरी बार प्रतिस्पर्धी टेनिस कोर्ट से बाहर निकल रहा हूं। तीन दशकों से अधिक समय से, यह खेल मेरा जीवन, मेरा सबसे बड़ा शिक्षक और मेरा सबसे वफादार साथी रहा है। पहली बार रैकेट पकड़ने से लेकर बड़े टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व करने तक की यात्रा मेरे लिए असाधारण रही है।'

चेन्नई में जन्मा यह खिलाड़ी 2010 में पेशेवर बना था। एकल मैचों में उनके जीत-हार का रिकॉर्ड 11-28 है जबकि युगल में उनका रिकॉर्ड 1-1 का रहा है। उनकी सर्वोच्च युगल रैंकिंग 248 थी जो उन्होंने 2018 में हासिल की थी। गुणेश्वरन को सभी चार ग्रैंड स्लैम में खेलने का अनुभव है। वह हालांकि सभी मौकों पर शुरुआती दौर में हार गए। उन्होंने 2019 में चारो ग्रैंड स्लैम में चुनौती पेश करने के बाद 2020 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दूसरी बार भाग लिया था।

उन्होंने अपने पोस्ट में आगे लिखा, 'पसीने की हर बूंद, हर जीत, हर असफलता, यह सब इस ताने-बाने में बुना हुआ है कि मैं कौन हूं। टेनिस ने मुझे अनुशासन, जज्बा और बड़े सपने देखने का हौसला दिया। इस खेल ने मुझे देश की सीमाओं से परे दोस्त और ऐसी यादें दी है जो मेरे साथ जीवन भर बनी रहेंगी। इसने मुझे एक खिलाड़ी के साथ एक अच्छा इंसान बनने में मदद की।'

चेन्नई के इस खिलाड़ी ने एटीपी चैलेंजर टूर और आईटीएफ फ्यूचर टूर पर एकल में अच्छी सफलता हासिल की। एटीपी चैलेंजर टूर में उनका रिकॉर्ड 2-7 जबकि आईटीएफ फ्यूचर टूर पर 9-9 का रहा है। उन्होंने अपने करियर में मिस्र एफ25 (शर्म अल शेख, आईटीएफ फ्यूचर टूर) के रूप में इकलौता युगल खिताब जीता है। गुणेश्वरन का शीर्ष 20 खिलाड़ी के खिलाफ सबसे बड़ी जीत 2019 में आई जब उन्होंने इंडियन वेल्स मास्टर्स के दूसरे दौर में जॉर्जिया के तत्कालीन 18वीं रैंकिंग वाले निकोलोज बेसिलाशविली को हराया।

# साउदी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद संन्यास लेंगे



**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी ने कहा है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ इसी माह के अंत में होने वाली सीरीज के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। साउदी कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद वह उपलब्ध नहीं रहेंगे हालांकि अगर उनकी टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचती है और टीम उनकी जरूरत महसूस होती है तो वह खेलने के लिए तैयार रहेंगे। संन्यास की घोषणा पर उन्होंने कहा, 'न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व करना मेरा यह सपना था। जो मैं बड़े होते हुए देखता था ब्लैककैप्स के लिए 18 सालों तक खेलना मेरे लिए अत्यंत सम्मान और सौभाग्य की बात है। लेकिन अब इस समय पर पहुंचकर ऐसा लगता है कि ये उस खेल से हटने का सही समय है। जिसने मुझे बहुत कुछ दिया। उन्होंने कहा कि, मेरे दिल में टेस्ट क्रिकेट एक बहुत ही खास जगह रखती है। तो उस विरोधी टीम के खिलाफ ही बड़ी टेस्ट सीरीज खेलना, जिसके खिलाफ मैंने अपने की शुरुआत की थी। इसलिए, ये संन्यास का सही समय है। उन्होंने कहा, तीन मैदानों पर एक अंतिम अवसर जो मेरे लिए काफी अच्छे रहे हैं और जिन जगहों पर खेलना मुझे वाकई पसंद है। यह एक कठिन फैसला है पर मुझे लगता है कि यह सही है। कई युवा गेंदबाज सामने आ रहे हैं और मैं उनके लिए अब जगह बनाना चाहता हूं। साथ ही कहा कि युवा टीम के साथ काम करके उन्हें काफी आनंद आया है। इस दौरान उन्होंने युवाओं को जो बातें सिखायी उम्मीद है कि उन्हें पसंद आयी होंगी। अब इस टीम को आगे बढ़ने का समय आ गया है। मुझे लगता है कि आप अपने सामने जो कुछ भी है, उसे देखें और पिछले साल विश्व कप था और इस साल की शुरुआत में हमने टी20 विश्व कप खेला था। हमारे पास अब टेस्ट क्रिकेट सीरीज है। साउदी ने मार्च 2008 में नेपियर में डेनियल विटोरी के नेतृत्व में इंग्लैंड के खिलाफ अपना टेस्ट खेला था, जहां उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट लिए थे, जबकि बल्ले से नाबाद 77 रन बनाए थे अब वह उसी टीम के खिलाफ अपना अंतिम मैच खेलेंगे। साउदी का अंतिम टेस्ट मैच उनके गृहनगर हैमिल्टन में होगा, जिसका अर्थ है कि वह परिवार और दोस्तों के सामने खेलकर सबसे लंबे प्रारूप को अलविदा कहेंगे। इससे वह उत्साहित है।

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराया, सीरीज में बनाई अजय बढ़त

**ग्रॉस आइसलेट (एजेंसी)।** साकिब महमूद और जेमी ओवर्टन (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद सैम करन (41) और लियम लिविंगस्टन (39) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी-20 मुकाबले में शुक्रवार को तीन विकेट से जीत दर्ज करते हुए पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं।

146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 5.3 ओवर में 37 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। फिल सॉल्ट, कप्तान जॉस बटलर और जेकब बेथेल चार-चार रन बनाकर आउट हुये। विल जैक्स और सैम करन ने पारी संभालने का प्रयास किया। 11वें ओवर में गुडाकेश मोती ने विल जैक्स (32) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। सैम करन ने 26 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (41) रनों की पारी खेली।

लियम लिविंगस्टन ने 28 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाकर (39) रन बनाए। डैन माउजली (आठ) रन बनाकर आउट हुए। जेमी ओवर्टन (चार) और रेहान अहमद (पांच) रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 19.2 ओवर में 149 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया। इंग्लैंड के 17 रन देकर तीन विकेट लेने वाले साकिब महमूद को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। वेस्टइंडीज की ओर से अकील हुसैन ने चार विकेट लिए। अल्जारी जोसेफ, टेरिंस हाइड्स और गुडाकेश मोती ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 5.4 ओवर में 37 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गवां दिए। शे होप (चार), एविन लुइस (तीन), निकोलस पूरन (सात), रॉस्टन चेज (सात) और शिमरॉन हेटमायर (दो) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान रोवमन पॉवेल और रोमारियो शेफर्ड ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजो के बीच छठे विकेट के लिये 73 रनों की साझेदारी हुई। 16वें ओवर में जेमी ओवर्टन ने रोमारियो शेफर्ड (30) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसी ओवर में उन्होंने गुडाकेश मोती (शून्य) को भी पवेलियन भेज दिया। कप्तान रोवमन पॉवेल ने 41 गेंदों में 54 रन बनाये। अल्जारी जोसेफ 19 गेंदों में (21) और अकील हुसैन (आठ) रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 145 का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से साकिब महमूद और जेमी ओवर्टन को तीन-तीन विकेट मिले। जोफ्रा आर्चर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



## राहुल को अभ्यास के दौरान गेंद लगी

पर्थ। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले चोटिल हो गये हैं। राहुल को अभ्यास के दौरान दायीं कोहनी में एक गेंद लग गयी थी। इसके कारण उन्हे मैदान से बाहर जाना पड़ा। वाका में तीन दिनों के नेट सत्र के बाद भारत ने मैच की तैयारी शुरू कर दी, जहां राहुल ने राहुल ने बल्लेबाजी के दौरान 29 रन बनाए पर तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की एक बाउंसर उनके दाहिने कोहनी पर लग गई जिसके बाद वह दर्द के कारण परेशान दिखे। राहुल काफी असहज महसूस कर रहे थे और टीम फिजियो के पास जाने के बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। राहुल को पहले टेस्ट के लिए यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत के लिए संभावित खिलाड़ियों में से एक माना जा रहा है, ऐसे में उनकी चोट से टीम की तैयारिकयों को झटका लगा है। वहीं विराट कोहली ने कहा कि वह पर्थ में चोट के लिए स्कैन करवा रहे हैं। आउट होने से पहले उन्होंने कुछ शानदार कवर ड्राइव जरूर लगाए थे। राहुल के अलावा कोहली ने भी अभ्यास में भाग लिया। ऑस्ट्रेलिया में कोहली का रिकॉर्ड बेहद शानदार है।

## रणजी ट्रॉफी की एक ही पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने अंशुल कंबोज



रोहतक। हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी 10 विकेट लेकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसी के साथ ही अंशुल किसी रणजी में किसी एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गये हैं। इससे पहले प्रेमांसु चटर्जी ने साल 1956 में बंगाल-असम मैच में 20 रन देकर 10 विकेट लिए थे जबकि प्रदीप सुंदरम ने 1985 में राजस्थान-विदर्भ मैच में 78 रन देकर 10 विकेट लिए थे। कंबोज ने मैच के तीसरे दिन 30.1 ओवर में 49 रन देकर 10 विकेट लेकर एक अहम रिकार्ड बनाया। इस दौरान उन्होंने अपने 19वें प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैच में 50 विकेट भी पूरे किए। कंबोज रणजी ट्रॉफी मैच में सभी दस विकेट लेने वाले गेंदबाजों की उस लिस्ट में शामिल हो गए हैं जिसमें दूसरे दिन आठ विकेट लेने के बाद कंबोज ने तीसरे दिन का खेल शुरू किया और बेसिल थंपी और शॉन रोजर का विकेट लेकर अपने दस विकेट पूरे किए। वहीं इससे पहले सितंबर में, आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में दलीप ट्रॉफी खेलों के दौरान भी कंबोज ने 8-69 विकेट लिए थे और देबाशीष मोहंती 10/46 व अशोक डिंडा 8/123 के बाद टूर्नमेंट में आठ विकेट लेने वाले तीसरे तेज गेंदबाज बन गए थे। कंबोज ने पिछले सत्र में 10 मैचों में 17 विकेट लेकर लिए थे। इससे हरियाणा को विजय हजारे ट्रॉफी में जीत मिल थी।

# भारतीय महिला हॉकी टीम थाईलैंड को 13-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में

**राजगीर (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम ने गुरुवार को महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के अपने तीसरे मैच में थाईलैंड के खिलाफ 13-0 से बड़ी जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। टूर्नामेंट में यह भारत लगातार तीसरी जीत हैं। आज यहां बिहार के राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारत के लिए फॉरवर्ड दीपिका (तीसरे और 19वें, 43वें, 45वें और 45+ मिनट में), प्रीति दुबे (9वें और 40वें मिनट में), लालरेम्सियामी (12वें और 56वें मिनट में), ब्यूटी डुंग डुंग (30वें और 53वें मिनट में) और मनीषा चौहान (55वें और 58वें मिनट में) ने गोल किए।

भारतीय महिला टीम ने पहले क्वार्टर की शानदार शुरुआत की और थाईलैंड पर तीन गोल के साथ अपना दबदबा कायम किया। गेम शुरू होने के तीसरे मिनट में ही दीपिका ने शानदार फील्ड गोल्ड के साथ भारत का खाता खोला। इसके बाद प्रीति दुबे ने नौवें मिनट में एक और फील्ड गोल कर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। भारतीय टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और लालरेम्सियामी ने भी 12वें मिनट में फील्ड गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। वहीं, थाईलैंड की टीम एक भी गोल करने में सफल नहीं हो पाई। दूसरा क्वार्टर भी भारतीय टीम के नाम रहा और भारत ने दो गोल दागकर स्कोर 5-0 कर दिया।



भारत ने इस क्वार्टर में गोल करने का पहला मौका गंवा दिया। लेकिन इसके बाद दीपिका ने 19वें मिनट में फील्ड गोल कर थाईलैंड की मैच में वापसी करने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। थाईलैंड की रक्षापंक्ति भारत के आक्रामक खेल के सामने टिक नहीं पाया और भारत ने लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। ब्यूटी डुंग डुंग ने पहला हाफ खत्म होने के आखिरी मिनट पर पीसी को गोल में तब्दील किया। पहले हाफ की समाप्ति तक भारत ने 5-0 की बढ़त को बनाए रखा। दूसरे हाफ में भी अपनी लय को बरकरार रखते हुए भारत ने थाईलैंड पर दबदबा बनाये रखा। तीसरे क्वार्टर में भारत ने चार गोल दागे और स्कोर 9-0 कर दिया। इसी के साथ थाईलैंड की टीम इस टूर्नामेंट में काफी पीछे रह गई। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत प्रीति दुबे ने 40वें मिनट में फील्ड गोल के साथ की। इसके बाद दीपिका ने लगातार तीन गोल किए। दीपिका ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया और एक फील्ड गोल किया। वहीं, थाईलैंड की टीम गोल करने के लिए संघर्ष कर रही थी। चौथे क्वार्टर में भारत का स्कोर 13-0 रहा। भारत के लिए ब्यूटी ने गोलकीपर को चकमा देते हुए 53वें मिनट में फील्ड गोल किया। इसके बाद मनीषा चौहान और लालरेम्सियामी ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया और मैच का समापन मनीषा के फील्ड गोल से हुआ। भारत अगले मैच में शनिवार चीन से भिड़ेगी। भारतीय टीम ने चैंपियनशिप में अभी तक अपने सभी मैच जीते है। भारत अंक तालिका में नौ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। चीन के भी इतने ही अंक है लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण वह तालिका में शीर्ष पर है। आज के मुकाबले में खेलने के साथ ही लालरेमसियामी ने 150 मैच तथा प्रीति दुबे 50 मैच पूरे किये।

## हार के बाद एकदूसरे का सामना करेंगी भारत-ऑस्ट्रेलिया

सिडनी। भारतीय क्रिकेट अभी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। टीम इंडिया को इस सीरीज से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा था। जिससे बाद से ही कहा जा रहा है कि कप्तान कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और कोच गौतम गंभीर के लिए ये सीरीज बेहद अहम है। इस सीरीज में भारतीय टीम हारी तो इनके लिए बने रहना कठिन हो जाएगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की ये टेस्ट सीरीज 22 नवंबर से शुरु होगी। ये सीरीज रोमांचक होना तय है। इसका कारण है कि इस बार दोनों टीमें हार के बाद एकदूसरे का सामना करेंगी जहां भारतीय टीम न्यूजीलैंड से 0-3 से उबरने का प्रयास करेगी। वहीं मेजबान ऑस्ट्रेलिया का मनोबल भी पाकिस्तान से एकदिवसीय सीरीज में 2-1 से मिली हार के बाद गिरा है। मेजबान टीम के मुकाबले भारतीय टीम की संभावनएं थोड़ी कमजोर है। इसका कारण है कि ऑस्ट्रेलिया को घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा। भारतीय टीम का अति आत्मविश्वास का रवैया भी उसे नुकसान पहुंचा सकता है। कीवी टीम से हार के बाद जिस प्रकार से रोहित ने टीम का बचाव करते हुए था कि उन्हें इस प्रकार के परिणाम की उम्मीद नहीं थी दिखाता है कि टीम का रुख लापरवाही भरा रहा और बल्लेबाजों ने मैदान में टिककर खेलने का प्रयास नहीं किया। इसके अलावा उनकी बॉडी लैंग्वेज भी नकारात्मक नजर आयी। वहीं इसी प्रकार कोच गौतम गंभीर ने भी ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले कहा था कि वह अभी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के बारे में नहीं सोच रहे हैं जबकि भारत को फाइनल में जगह बनाने इस सीरीज में कम से कम चार मैच जीतने होंगे। इससे टीम की मानसिकता पर भी सवाल उठना लाजिमी है। वहीं इसी को लेकर पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने भी कोच का तरीक सही नहीं था। उन्हें सभी शब्दों का चयन करना चाहिये था।

## विश्व कप क्वालीफायर में पराग्वे ने अर्जेंटीना को हराया



असंसियोन। पराग्वे ने अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर वर्ल्ड कप क्वालिफायर में एक रोमांचक जीत हासिल की। एंटोनियो सनाब्रिया और ओमार अल्डेरेटे ने टीम के लिए गोल किए। मैच का पहला गोल करते हुए इंटर मिलान के स्ट्राइकर लुटारो मार्टिनेज ने अर्जेंटीना के लिए पहला गोल किया। उन्होंने एनज़ो फर्नांडीज के शानदार पास पर दौड़ते हुए गेंद को अपने कंट्रोल में लिया और दूर के कोने में सटीक शॉट मारा। थोड़ी देर बाद, सनाब्रिया ने गुस्तावो वेलास्केज के क्रॉस पर शानदार ओवरहेड वॉली से पैराग्वे के लिए स्कोर बराबर कर दिया। हाफटाइम के तुरंत बाद अल्डेरेटे ने डिएगो गोमेज़ की फ्री-किक पर हेडर मारकर पैराग्वे को बढ़त दिलाई। अर्जेंटीना की टीम कोई गोल करने में सफल नहीं हो सकी और उनको मैच 1-2 से गंवाना पड़ा। हालांकि इस हार के बावजूद, अर्जेंटीना 11 मैचों में 22 अंकों के साथ 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी जोन में शीर्ष पर बनी हुई है और वह पैराग्वे से छह अंक आगे है। उल्लेखनीय है कि शीर्ष 6 टीमें 2026 वर्ल्ड कप के लिए सीधा क्वालीफाई करेंगी, जबकि सातवें स्थान की टीम को इंटरकॉन्टिनेंटल प्लेऑफ में मौका मिलेगा। 2026 का फीफा विश्व कप उत्तरी अमेरिकी देशों कनाडा, मैक्सिको और यूएसए में आयोजित होगा।

## बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अहम भूमिका निभा सकते हैं दोनो विकेटकीपर : फिंच

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच के अनुसार इसी माह शुरु हो रही बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में ऋषभ पंत और एलेक्स कैरी अहम भूमिका निभा सकते हैं। फिंच को लगता है कि दोनों विकेटकीपर आक्रामक बल्लेबाजी के बल पर अपनी टीमों के लिए भी भी मैच का रुख बदल सकते हैं। फिंच ने कहा, 'मुझे लगता है कि सीरीज में कैरी और ऋषभ अहम हो सकते हैं। सीरीज में जब शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नहीं चल पाएंगे तब ये दोनो ही अपनी टीम के बचाव में उतरेंगे। यह दोनों तेज गेंदबाजी आक्रमण को अच्छी तरह से खेलते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि सातवें नंबर पर एलेक्स और छठे नंबर पर ऋषभ की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। भारत की पिछली सीरीज में भी दोनो ने ही अच्छा प्रयास किया था। फिंच ने कहा, 'कैरी और ऋषभ आक्रामक रुख वाले हैं। ऐसे में खेल वास्तव में दोनो ही तरफ से तेजी से आगे बढ़ेगा और मुझे लगता है कि यह बहुत रोमांचक होगा। वहीं पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हैडिन के अनुसार भारतीय बल्लेबाजों के लिए ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों का सामना करना कठिन रहेगा। हैडिन का मानना ??है कि पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी उछाल भरी पिचों पर भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा लेगी। उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि भारतीय बल्लेबाज हमारे तेज गेंदबाजों के सामने टिक पाएंगे। साथ ही कहा कि अगर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा अगर पर्थ में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाते हैं तो यशस्वी जायसवाल के साथ केएल राहुल या अभिमन्यु ईश्वरन पारी की शुरुआत कर सकते हैं। साथ ही कहा कि यशस्वी आक्रामक टेस्ट सलामी बल्लेबाजों में से एक के रूप में उभरे हैं। उन्होंने अभी तक 14 मैच में 56.28 की प्रभावशाली औसत से 1,407 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और आठ अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर नाबाद 214 रन रहा है। हैडिन को लगता है कि इस युवा सलामी बल्लेबाज की असली परीक्षा ऑस्ट्रेलिया में होगी।

# शादी के बंधन में बंधेंगे हॉकी ओलंपियन मोनिका मलिक और आकाशदीप सिंह

**जोहानिसबर्ग (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क - हॉकी ओलंपियन मोनिका मलिक और 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स के रजत पदक विजेता और ओलंपियन आकाशदीप सिंह 15 नवंबर को चंडीगढ़ के पास शादी के बंधन में बंध जाएंगे। हरियाणा के गोहाना के पास गामरी गांव की मलिक भारत की महिला हॉकी टीम का हिस्सा थीं, जो टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही थी जबकि पंजाब पुलिस में डीएसपी सिंह 2014 विश्व कप में भारत की सर्वोच्च स्कोरर थीं और एशियाई खेलों में कई पदक जीत चुकी हैं।

दोनों खिलाड़ियों ने बुधवार को जालंधर के पास एक रिसॉर्ट में एक समारोह में सगाई की। मोनिका के पिता तकदीर सिंह मलिक ने कहा, 'हम सभी शादी से खुश हैं। दोनों ने भारत का प्रतिनिधित्व किया है और भारत के लिए खेलना उनका सबसे बड़ा सपना रहा है। दो भारतीय खिलाड़ियों को शादी करते देखना दोनों परिवारों के लिए खास है।'

खडूर साहिब के पास वेरोवाल के रहने वाले आकाशदीप ने 2012 में भारतीय हॉकी टीम के लिए डेब्यू किया था। 29 वर्षीय मिडफील्डर ने भारत के लिए 247 मैच खेले हैं, जिसमें 94 गोल किए हैं और वह रियो ओलंपिक में टीम का हिस्सा थे। वह 2014 के एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाली टीम में थे और 2018 में कांस्य जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे, साथ ही 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में रजत जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। हाल ही में उन्हें आगामी हॉकी इंडिया लीग में यूपी रुद्र ने 20 लाख रुपए में खरीदा था।

मलिक ने सेक्टर 18 चंडीगढ़ हॉकी अकादमी से अपनी हॉकी यात्रा शुरू की और 2013 में भारत की जूनियर विश्व कप कांस्य विजेता टीम का हिस्सा थीं। उन्होंने 2014 और 2018 एशियाई खेलों में भारत के रजत पदक में भी योगदान दिया और 2017 एशिया कप फाइनल में उन्हें वूमन ऑफ द मैच चुना गया। 229 मैचों की अनुभवी खिलाड़ी ने भारत के लिए 18 गोल किए हैं।

हाल ही में चंडीगढ़ पुलिस में इंस्पेक्टर के पद से रिटायर हुए उनके पिता तकदीर सिंह मलिक ने कहा, 'मोनिका का सपना हमेशा से भारत के लिए खेलना रहा है और टोक्यो में चौथा स्थान हासिल करना एक यादगार पल है। एक अन्य भारतीय हॉकी खिलाड़ी से उसकी शादी दिल को छू लेने वाली है।'

भारत के अन्य उल्लेखनीय खेल जोड़ों में पूर्व हॉकी कप्तान राजपाल सिंह शामिल हैं जिन्होंने ओलंपियन शूटर अवनीत कौर सिद्धू से शादी की और एथलीट मनजीत कौर और गुरविंदर सिंह चांडी शामिल हैं। पहलवान बजरंग पुनिया और संगीता फोगट, साथ ही साक्षी मलिक और सत्यव्रत कादियान भी भारत के प्रसिद्ध खेल जोड़ों में से हैं।



# गलतबयानी या झूठे दावों की हेट स्पीच से तुलना नहीं की जा सकती

## –सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं द्वारा भड़काऊ बयान देने पर रोक लगाने की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली(एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने नेताओं द्वारा भड़काऊ भाषण देने पर रोकने लगाने के लिए गाइडलाइंस जारी करने की गुहार वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि गलतबयानी या झूठे दावों को हेट स्पीच से तुलना नहीं की जा सकती, क्योंकि दोनों में फर्क है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह यह समझें कि हेट स्पीच क्या होती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि याचिका में हेट स्पीच को गलत तरीके से पेश किया गया है। अगर किसी को कोई शिकायत है तो वह इसे कानून के मुताबिक उठाए।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि भड़काऊ भाषण और गलतबयानी के बीच अंतर है। पीठ ने याचिकाकर्ता हिंदू सेना समिति के वकील से यह भी कहा कि शीर्ष अदालत इस मामले में कोई नोटिस जारी करने को इच्छुक नहीं है। पीठ ने कहा कि वह इस याचिका पर विचार नहीं करना चाहती, जो कथित बयानों से संबंधित है। कोर्ट ने आगे कहा कि अगर याचिकाकर्ता को कोई शिकायत है, तो वह इसे संबंधित कानूनी प्रक्रिया के तहत उठाकर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।



सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वह मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं कर रही है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से भड़काऊ भाषणों को रोकने के लिए दिशानिर्देश तय करने और राष्ट्र की संप्रभुता और सार्वजनिक व्यवस्था को खतरे में डालने वाले बयानों पर दंडात्मक कार्रवाई का निर्देश देने की मांग की थी। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया था कि राजनीतिक नेताओं के बयान अक्सर उकसावे वाले होते हैं, जो सार्वजनिक अशांति पैदा कर सकते हैं।

## कार्तिक पूर्णिमा पर काशी के 80 घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब, अयोध्या में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़



वाराणसी ।यूपी में कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा नदी के घाटों पर स्नान के लिए भीड़ उमड़ी है।काशी में सुबह 4 बजे से ही 80 घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा है।बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश सहित 10 राज्यों के लोग स्नान करने पहुंचे हैं। विदेशी पर्यटक स्नान को कैमरे में कैद कर रहे।सुबह 7 बजे तक 1 लाख से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।हापुड़ के गढ़ मुक्तेश्वर मेले में पहुंचे दिव्यांग को मेला इंचार्ज इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह पीठ पर लादकर गंगा किनारे तक ले गए और स्नान करवाया। उनका वीडियो भी सामने आया है।वहीं अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए भक्तों की कतार लगी हुई है।यहां लोग सरयू स्नान कर रहे हैं।अयोध्या में ड्रोन से निगरानी की जा रही है।प्रयागराज में भी संगम पर गंगा स्नान के लिए भीड़ लगी हुई है।यहां सुबह से लाखों श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।वाराणसी के सभी घाटों पर उत्साह का माहौल है।देव दीपावली पर शिव की नगरी काशी 25 लाख दीयों से जगमग होगी।देश-विदेश से 15 लाख श्रद्धालु जुटे हैं।कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर अयोध्या के सरयू घाट पर भक्तों की भीड़ उमड़ी।लाखों श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद रामलला के दर्शन किए। दान-पुण्य करने के बाद अपने घरों को रवाना हुए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं।ड्रोन से निगरानी की जा रही है।

## सबरीमला तीर्थयात्रा आज से होगी शुरु, सभी सुरक्षा इंतजाम पूरे

सबरीमला।केरल पुलिस ने 16 नवंबर से शुरू हो रही सबरीमला तीर्थयात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम और सुरक्षित दर्शन कराने के लिए सभी जरुरी इंतजाम कर लिए हैं।राज्य पुलिस प्रमुख शेख दरवेश साहिब ने पंपा में मंडला-मकरविलक्कु तीर्थयात्रा की तैयारियों की समीक्षा कर कहा कि पंपा, सन्निधानम और निलक्कल में अधिकारियों के साथ बैठक करके सभी जरूरी सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी श्रद्धालुओं को सन्निधानम में सुरक्षित और सुगम दर्शन का अनुभव प्रदान करना है।दरवेश साहिब ने कहा कि सबरीमला तीर्थयात्रा में हमारी भूमिका सिर्फ कर्तव्य पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि हम मानवता की सेवा भी कर रहे हैं।इसके साथ ही हवाई मार्ग से सबरीमला जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक ठहराव बिंदु बनाया गया है।राज्य के उद्योग और कानून मंत्री पी राजीव ने इस सुविधा का उद्घाटन किया।मंत्री ने कहा कि सरकार ने श्रद्धालुओं को एक सुगम और सुविधाजनक यात्रा अनुभव देने के लिए सभी जरुरी व्यवस्थाएं कर ली हैं।

## गोल्डन टेंपल और ननकाना साहिब में श्रद्धालुओं का तांता... 555वें प्रकाश पर्व दुनियाभर के गुरुद्वारों में भीड़

अमृतसर।गुरु नानक देव जी का 555वां प्रकाश पर्व पूरे विश्व में धूमधाम से मनाया जा रहा है।इस मौके पर अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल और पाकिस्तान के ननकाना साहिब को खूबसूरती से सजाया गया है।इन स्थलों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है, जहां 3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के गोल्डन टेंपल और 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के ननकाना साहिब में माथा टेकने की बात कही जा रही है। शुक्रवार की सुबह पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, अभिनेता करमजीत अनमोल के साथ अमृतसर पहुंचे और गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर माथा टेका। सीएम मान ने कहा कि वे अमृतसर में थे, इसलिए उन्होंने छठी पातशाही गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका।उन्होंने संगत से कहा कि गोल्डन टेंपल में भीड़ को ध्यान में रखते हुए उन्होंने वहां जाने का निर्णय नहीं लिया। इस बार गोल्डन टेंपल में विशेष सजावट की गई।रात को गोल्डन टेंपल में आतिशबाजी का आयोजन होगा। प्रदूषण को ध्यान में रखकर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने विशेष प्रकार के पटाखे चलाने का निर्णय लिया है, जिससे कम धुआं और अधिक रंगीन रोशनी निकल सके। इसके साथ ही, गोल्डन टेंपल में 1 लाख से अधिक घी के दिए भी जलाए जाएंगे।वहीं पाकिस्तान स्थिति ननकाना साहिब यात्रा में इस साल 2,244 श्रद्धालुओं के पासपोर्ट पाकिस्तान वीजा के लिए भेज गए थे, इसमें से 763 श्रद्धालुओं को वीजा मिल सका, जबकि 1481 वीजा आवेदन रिजेक्ट हो गए।करीब 3,000 श्रद्धालु इस साल पाकिस्तान के विभिन्न गुरुद्वारों, जैसे ननकाना साहिब, के दर्शन के लिए गए हैं।ये जत्थे 23 नवंबर तक वापस लौटने की उम्मीद है।

## फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर जताई चिंता

### – स्थानीय विकास की आवश्यकता जताई

श्रीनगर।नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर में बढ़ रही समस्याओं और विकास के मुद्दों पर चर्चा की।उनका कहना था कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में बर्बादी की चिंता है, जिससे अस्पतालों से लेकर स्कूलों तक प्रभावित हो रहा है। उन्होंने उज्जवल किया कि कई संस्थानों में कार्यक्षमता की कमी है और साफ पानी की समस्या भी गंभीर हो गई है, जिसके कारण स्वास्थ्य समस्याएँ दिखाई दे रही हैं।वे एक गांव की उदाहरण में जौंडिस के बढ़ते मामले को उठाते हुए बताए कि साफ पानी की कमी से बीमारी फैल रही है। फारूक अब्दुल्ला ने सरकार से इन मुद्दों का समाधान तेजी से करने की मांग की और राज्य के विकास के लिए कदम उठाने की भी पुनरावृत्ति दी। उन्होंने उमर अब्दुल्ला की संबोधन से उनकी गतिविधियों पर गृह मंत्री और अन्य अधिकारी के साथ चर्चा करने की योजना बताई ताकि जम्मू-कश्मीर में सुधार किया जा सके और स्थानीय लोगों को बेहतर जीने के अवसर मिलें। उन्होंने स्थानीय मजदूरों को रोजगार के लिए प्रोत्साहित किया और पूछा कि बाहरी ठेकेदारों को क्यों प्राथमिकता दी जाती है जबकि स्थानीय लोग समर्थ हैं। उनका मानना था कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के माध्यम से ही क्षेत्र में विकास की संभावना है।उन्होंने बटोत को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की भी बात की। बटोत की प्राकृतिक सुंदरता को पर्यटन के लिए उपयोग में लाने की चर्चा की गई और उन्होंने इसे उन्नति देने के लिए प्रेरित किया। इसे एक आकर्षक पर्यटन स्थल बनाने का उद्देश्य रखा गया है ताकि यहाँ के पर्यटक बटोत की सुंदरता का आनंद ले सकें और इस से क्षेत्र में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिल सके।

## शराबबंदी कानून शराब और अन्य अवैध सामानों की तस्करी को दे रहा बढ़ावा

### –पटना हाईकोर्ट ने की टिप्पणी, पुलिस इंस्पेक्टर का डिमोशन आदेश को किया रद्द

पटना। पटना हाईकोर्ट ने एक पुलिस इंस्पेक्टर के खिलाफ जारी डिमोशन आदेश को रद्द करते हुए बिहार के शराबबंदी कानून पर गंभीर टिप्पणियां की हैं।कोर्ट ने कहा कि शराबबंदी कानून राज्य में शराब और अन्य अवैध सामानों की तस्करी को बढ़ावा दे रहा है।कोर्ट ने साफ कहा कि बिहार प्रोहिबिशन एंड एक्साइज एक्ट, 2016 को राज्य सरकार ने नागरिकों के जीवन स्तर और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए लागू किया था, लेकिन यह कानून गलत दिशा में चला गया है। न्यायमूर्ति पूर्णेंदु सिंह द्वारा 29 अक्टूबर को सुनाया गया यह फैसला 13 नवंबर को हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किया है।यह फैसला मुकेश कुमार पासवान द्वारा दायर याचिका के जवाब में आया, जिन्होंने अपनी निलंबन और डिमोशन की सजा को चुनौती दी थी। मुकेश पासवान जो पटना बाईपास पुलिस स्टेशन में स्टेशन हाउस ऑफिसर के रूप में कार्यरत थे, उन पर आरोप था कि उनके क्षेत्राधिकार में विदेशी शराब की तस्करी हुई, जिसके कारण उन्हें सजा दी गई थी।

## पीएम मोदी की रैली में भीड़ कम, संजय राउत का तंज... जनता अब ऊब चुकी





**मुंबई (एजेंसी )।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शिवाजी पार्क में दिए गए संबोधन पर तीखा हमला किया। राज्यसभा सांसद राउत ने कहा कि उन्हें यह जानकर बहुत दुख हुआ कि प्रधानमंत्री की रैली में अपेक्षित संख्या में लोग नहीं आए, जो साबित करता है कि अब लोग उनका भाषण सुनने में रुचि नहीं रखते। राउत ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र की जनता अब प्रधानमंत्री मोदी से ऊब चुकी है।

राउत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी बैठे थे, लेकिन रैली में उनकी मौजूदगी के बावजूद कोई नहीं आया, यह साफ करता है कि अब लोग शिंदे को भी सुनने के लिए तैयार नहीं हैं। राउत ने भाजपा पर आरोप लगाकर कहा कि बीजेपी पार्टी ने मुंबई को लूटा है, और इसकारण लोगों में भाजपा और मोदी के प्रति नाराजगी है। उन्होंने दावा किया कि आगामी चुनाव में साफ होगा कि महाराष्ट्र में किस पार्टी का दबदबा रहेगा।

प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर भी राउत ने निशाना साधा, बयान में पीएम मोदी ने उद्धव ठाकरे की पार्टी को कांग्रेस के रिमोट कंट्रोल वाली पार्टी बताया था। राउत ने पलटवार कर कहा कि शिवसेना को तोड़कर जो नई शिवसेना बनाई गई है, उसका रिमोट कंट्रोल भाजपा के पास है। उन्होंने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) का रिमोट कंट्रोल कभी भी भाजपा को नहीं दिया जाएगा, और इससे प्रधानमंत्री मोदी नाराज हैं। इसके अलावा, राउत ने मुख्यमंत्री शिंदे पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने दावा किया कि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति को हार का सामना करना पड़ेगा, और महाविकास अघाड़ी की सरकार राज्य में बनेगी। राउत ने कहा कि शिंदे न मुख्यमंत्री बनने वाले हैं, न ही नेता प्रतिपक्ष।

### सीएम शिंदे ने पूर्व की एमवीए सरकार पर लगाया आरोप

## उद्धव ठाकरे ने बालासाहेब की विचारधारा से विश्वासघात किया, 2019 में मिले जनादेश का अपमान किया

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली पिछली महाविकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। सीएम शिंदे ने आरोप लगाया कि उद्धव सरकार ने राज्य की प्रमुख परियोजनाओं को रोक दिया था, इसमें अटल सेतु, कोस्टल रोड, मेट्रो, और नागपुर-मुंबई एक्सप्रेसवे जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल थीं। शिंदे ने कहा कि उनकी सरकार ने इन परियोजनाओं में आई बाधाओं को दूर कर राज्य में विकास की गति को फिर से शुरू किया।

शिंदे ने उद्धव पर हिंदू नेता बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा से विश्वासघात करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा, उद्धव ने बालासाहेब की विचारधारा को छोड़ कर



भाजपा से विश्वासघात किया। जो जनादेश शिवसेना-भाजपा गठबंधन को मिला था, उस जनादेशा का उद्धव ठाकरे ने अपमान किया। मराठा आरक्षण के मुद्दे पर शिंदे ने अपनी महायुति सरकार का बचाव करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया, जो पूर्व में नहीं मिला था। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने मराठा समुदाय का इस्तेमाल किया, लेकिन उनके वास्तविक अधिकारों का हनन किया गया। शिंदे ने कहा, हमारी महायुति सरकार ने मराठा समुदाय को वहां दिया, जो पहले दिया जाना चाहिए था और इस हाई कोर्ट में भी चुनौती दी है।

मुख्यमंत्री शिंदे ने अपनी सरकार पर राज्य एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोपों का जवाब देकर कहा कि पूर्व एमवीए सरकार ने राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा, जब लोग हनुमान चालीसा का पाठ करते थे, तब उन्हें गिरफ्तार किया जाता था। इसमें महिलाएं और पत्रकार भी शामिल थे। क्या हमने किसी को गलत तरीके से जेल में डाला है? शिंदे ने स्पष्ट किया कि उनकी सरकार ने किसी भी विरोधी को राजनीतिक कारणों से गिरफ्तार नहीं किया है और न ही किसी प्रकार की बदले की राजनीति की है।

## यूपी लोक सेवा आयोग ने मांगी मांग... फिर भी आंदोलन क्यों कर रहे छात्र

प्रयागराज ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हस्तक्षेप के बाद, यूपी लोक सेवा आयोग ने पीसीएस 2024 की प्रारंभिक परीक्षा को एक दिन और एक शिफ्ट में करने का फैसला किया है, इससे अभ्यर्थियों की मांग मान ली गई है।लोकसेवा आयोग ने साफ किया कि अब पीसीएस भर्ती परीक्षा में नॉर्मलाइजेशन लागू नहीं होगा।हालांकि, समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी 2023 की प्रारंभिक परीक्षा को स्थगित किया गया है।इसके अलावा, आयोग ने परीक्षा पैटर्न तय करने के लिए एक समिति गठित की है।

इस फैसले के बावजूद, प्रतियोगी छात्रों का विरोध शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी है।छात्रों का कहना है कि आयोग ने एक भर्ती परीक्षा की मांग पूरी की है, जबकि दूसरी की मांग अभी अधूरी है।आंदोलन कर रहे छात्रों ने कहा कि जब तक दोनों भर्ती परीक्षाओं के लिए उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होती और आयोग द्वारा आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी नहीं किया जाता, वे अपना विरोध जारी रखने वाले है। प्रतियोगी छात्रों ने 4 दिनों से अधिक समय से यूपी लोक सेवा आयोग की दो बड़ी भर्तियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है।छात्र-छात्राएं पोस्टर-बैनर के साथ, बोतलें, थालियां और ड्रम पीटते हुए लगातार नारेबाजी कर रहे हैं।उनकी मुख्य मांग यह है कि परीक्षा एक दिन और एक शिफ्ट में आयोजित की जाए और नॉर्मलाइजेशन का फार्मूला लागू न किया जाए।

## सुनील जाखड़ ने आखिरकार बता दिया क्यों दिया पंजाब प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के पूर्व बीजेपी अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने हाल ही में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के अपने फैसले की वजह साफ कर दी है। उन्होंने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) सरकारों पर राज्य के मुद्दों को हल करने में नाकाम रहने का आरोप लगाकर कहा कि बीजेपी पंजाब को बर्बाद नहीं होने देगी।

जाखड़ ने खुलासा किया कि उन्होंने आम चुनावों में पार्टी की हार की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली और इस कारण प्रदेश अध्यक्ष का पद छोड़ा। जाखड़ ने कहा कि हालांकि बीजेपी को पंजाब में 18.3 प्रतिशत वोट शेयर मिला, लेकिन पार्टी एक भी सीट जीतने में नाकाम रही। यह स्थिति उन्हें व्यक्तिगत रूप से दुखी कर रही थी और इसलिए उन्होंने पद से इस्तीफा दिया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वे कांग्रेस में कभी लौटने का विचार नहीं रखते। जाखड़ ने कांग्रेस पार्टी पर कड़ा हमला करते हुए कहा कि राहुल गांधी पार्टी पर कोई नियंत्रण नहीं रखते क्योंकि कांग्रेस कई गुटों में बंट चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब के कई प्रमुख कांग्रेस नेता, जैसे चरणजीत चन्नी और अंबिका सोनी, पार्टी में गहरे मतभेदों का कारण बने हुए हैं। जाखड़ ने कहा कि उन्हें गहरा आघात तब हुआ जब उन्हें यह बताया गया कि वह मुख्यमंत्री नहीं बन सकते क्योंकि वे हिंदू हैं, और इसके बाद उन्हें पार्टी से बिना नोटिस के हटा दिया गया।

जाखड़ ने कहा, 50 साल बाद अगर हाई कमांड मुझसे फोन पर भी बात नहीं कर सकता, तब कम से कम यह पूछे कि क्या हो रहा है? इसी कारण उन्होंने पंजाब को पहचान की राजनीति से बचाने के उद्देश्य से बीजेपी में शामिल हुए। हालांकि, जाखड़ ने स्वीकार किया कि बीजेपी में उनकी कोशिशें पूरी तरह से सफल नहीं हुई।

जाखड़ ने माना कि बीजेपी शायद पंजाब की राजनीतिक संवेदनाओं को पूरी तरह से समझ नहीं पाई। उन्होंने कहा कि पंजाब की एक अलग मानसिकता और पहचान है, इस मानसिकता को समझना जरूरी था। जाखड़ ने पंजाब की विशेष



सांस्कृतिक और सामाजिक धारा की ओर इशारा करते हुए बताया कि पंजाबी जनता की सोच अलग होती है और इसका चुनावी परिणामों पर गहरा असर पड़ा। जाखड़ का इस्तीफा और उनकी टिप्पणी दिखाती हैं कि पंजाब में बीजेपी के लिए स्थिति चुनौतीपूर्ण है। पार्टी को राज्य के विशेष राजनीतिक, सांस्कृतिक और पहचान से जुड़ी संवेदनाओं को समझने की जरूरत है, साथ ही कांग्रेस और आप सरकारों की नीतियों से निपटने के लिए एक स्पष्ट रणनीति बनाने की आवश्यकता है।

## भाजपा सांसद की दावत में बकरे की बोटी को लेकर हंगामा

### --व्यवस्था थी 200 की और पहुंच गए हजार

**मिर्जापुर (एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में भारतीय जनता पार्टी के सांसद विनोद बिंद के कार्यालय पर आयोजित मीट पार्टी में बकरे की बोटी की कमी को लेकर जमकर हंगामा हुआ। मारपीट भी हुई और लोग घायल भी हुए, जिसे लेकर अब राजनीतिक हल्कों में इसकी चर्चा आम हो गई है।

जानकारी अनुसार मझवां के पूर्व विधायक और भदोही के मौजूदा सांसद विनोद बिंद ने अपने कार्यालय पर एक पार्टी का आयोजन किया था। इस पार्टी में महज 200 लोगों के भोजन का इंतजाम किया गया था, लेकिन करीब एक हजार लोग यहां पहुंच गए। इसके चलते बकरे की बोटी की कमी हो गई। इस पर आयोजकों ने ग्रेवी (मीट रस) परोसनी शुरू कर दी, जो कुछ लोगों को पसंद नहीं आई और इस पर हंगामा मच गया।

बताया जाता है कि हंगामे की शुरुआत



एक युवक ने की, जिसे बोटी की जगह ग्रेवी दी गई थी। इस पर जब उसने आपत्ति जताई, तो भोजन परोस रहे युवक ने उसे तमीज से बात करने को कहा। गुस्साए युवक ने उसे थप्पड़ मार दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए। मारपीट के दौरान मौके पर रखे बर्तन और बाल्टियों का भी इस्तेमाल किया गया, जिससे कई लोग घायल हो गए। कुछ लोगों के सिर फटने और हाथ पर गहरी चोट लगने की खबर है। इस दौरान, भोजन कर रहे लोगों में भगदड़ मच गई।

घटना को लेकर सांसद विनोद बिंद के प्रतिनिधि उमा बिंद ने कहा कि यह सब विपक्ष की साजिश का हिस्सा था। उन्होंने आरोप लगाया कि कई ऐसे लोग, जिन्हें न्यौता नहीं दिया गया था, शराब पीकर कार्यक्रम में पहुंचे और मारपीट शुरू कर दी। बहरहाल पार्टी में बोटी प्रकरण की चर्चा अब राजनीतिक गलियारे से सोशल मीडिया पर जमकर हो रही है।

## देश के कई राज्यों में ठंड ने दी दस्तक, दिल्ली-यूपी में कोहरे के साथ प्रदूषण भी बढ़ा

### –मौसम विभाग ने पहाड़ी इलाकों में बारिश और बर्फबारी का जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में अब धीरे-धीरे ठंड का असर बढ़ने लगा है और ठंड ने कई राज्यों में दस्तक दे दी है। उत्तर भारत में सुबह और शाम को घना कोहरा छाने लगा है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी शुरू हो गई है। ठंडी हवाओं और कोहरे के चलते सर्दी बढ़ गई है और लोग स्वेटर और जाकेट पहने नजर आने लगे हैं। इसके साथ ही दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण भी गंभीर स्तर पर पहुंच गया है।

दिल्ली में पिछले दो-तीन दिनों से घना कोहरा देखने को मिला। शुक्रवार सुबह कोहरे का असर दिखा। आईएमडी ने येलो अलर्ट जारी किया है और कहा कि सुबह के समय कुछ स्थानों पर घना कोहरा रहेगा। इसके बाद हवाओं की गति बढ़ेगी, जो दोपहर में 12 किमी प्रति घंटे तक पहुंच जाएगी। दिल्ली का तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया है।

उत्तराखंड में पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। बर्फबारी से ठंड बढ़ेगी और दिन में गर्मी से राहत मिलेगी। उत्तराखंड में 16 नवंबर तक मौसम शुष्क रहेगा लेकिन 17 नवंबर से बारिश और बर्फबारी हो सकती है। प्रदूषण का असर भी पहाड़ी इलाकों में देखा जा रहा है, जहां एक्यूआई 250 तक पहुंच गया है।

वहीं यूपी के कई जिलों में ठंड महसूस होने लगी है। सुबह-शाम घना कोहरा और ठंडी हवाएं चल रही हैं। आईएमडी ने यूपी के कई जिलों में कोहरे का अलर्ट जारी किया है। मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, देवरिया, गोरखपुर, और कई अन्य जिलों में घना कोहरा छाने की संभावना है। इसके अलावा, यूपी के कुछ हिस्सों में प्रदूषण 400 तक पहुंच गया है, जिससे हवा जहरीली हो गई है।

अगर बिहार की बात करें तो यहां भी ठंड का असर बढ़ने वाला है। मौसम विभाग ने बिहार के कई इलाकों में कोहरे की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण पहाड़ी इलाकों और मैदानी क्षेत्रों में मौसम बदलने की संभावना है, जिससे पारा गिरने की उम्मीद है। बर्फबारी से बिहार में सर्दी का असर और बढ़ेगा।

उत्तर भारत के कई हिस्सों में ठंड और कोहरे के कारण दिनचर्या प्रभावित हो रही है। प्रदूषण का स्तर भी बढ़ रहा है, खासकर दिल्ली और उत्तरप्रदेश में। लोगों को सतर्क रहने और वायु प्रदूषण से बचने के लिए सलाह दी गई है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**